www.epaper.azadsipahi.com

* | ओड़िशा संस्करण

28 सितंबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 07, अंक 338

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301




### उद्धव मामले से सुप्रीम कोर्ट की शुरू हुई लाइव सुनवाई

# इडब्ल्यूएस को 10 फीसदी आरक्षण पर फैसला सुरक्षित

**संविधान पीठ की कार्यवाही का पहली बार हुआ सीधा प्रसारण**

देश के इतिहास में पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को संविधान पीठ की कार्यवाही का सीधा प्रसारण शुरू किया। इसकी शुरुआत उद्धव-शिंदे केस से हुई। कोर्ट से शिंदे गुट को राहत देते हुए चुनाव आयोग की कार्यवाही से रोक हटा ली है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने इडब्ल्यूएस को 10 फीसदी आरक्षण पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। वहीं नोटबंदी के खिलाफ याचिका पर बुधवार को सुनवाई होगी।

## इडब्ल्यूएस मामला : 103वें संशोधन की वैधता पर साढ़े छह दिन चली सुनवाई


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षा में इडब्लूएस को 10 फीसदी आरक्षण के मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया है। यह सुनवाई शिक्षण संस्थानों में दाखिले और सरकारी नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों (इडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाले संविधान के 103वें संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर हो रही थी।

चीफ जस्टिस यूयू ललित की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल और सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता सहित अन्य वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनीं। इसके बाद इस कानूनी प्रश्न पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि इडब्ल्यूएस कोटा ने संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन किया है, या नहीं। शीर्ष अदालत में इस संबंध में साढ़े छह दिन तक सुनवाई हुई।

इससे पहले 13 सितंबर को हुई सुनवाई में एकेडेमिशियन मोहन गोपाल ने इडब्लूएस कोटा का विरोध किया था।

वहीं अंतिम दिन याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने केंद्र सरकार की दलीलों का जवाब दिया। रिज्वाइंडर तर्क की शुरुआत सीनियर एडवोकेट प्रो. रवि वर्मा कुमार ने की। उन्होंने पहाड़ों, गहरी घाटियों और आधुनिक सभ्यता से दूर क्षेत्रों में रहने वाली विभिन्न अनुसूचित जनजातियों की दुर्दशा के बारे में बताया। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने अभी तक आरक्षण और गरीबी के बीच गठजोड़ प्रदान नहीं किया है। उसने यह भी नहीं समझाया है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आरक्षण के बजाय अन्य लाभ क्यों नहीं दिये जा सकते हैं।



## शिंदे-उद्धव मामलाः सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की कार्यवाही से रोक हटायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** शिवसेना विवाद में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से एकनाथ शिंदे गुट को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बेंच ने पार्टी पर शिंदे गुट के दावे को लेकर चुनाव आयोग की कार्यवाही पर लगी रोक हटा दी है। अब आयोग शिवसेना के चुनाव चिह्न पर फैसला कर सकता है। यह उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि उद्धव ने इस मामले में विधायकों की योग्यता का फैसला होने तक इलेक्शन कमीशन की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। उद्धव की याचिका पर सुनवाई करते हुए 23 अगस्त को जस्टिस एनवी रमना की बेंच ने केस संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर करते हुए चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जस्टिस रमना ने कहा था कि संवैधानिक बेंच यह तय करेगी कि आयोग की कार्यवाही जारी रहेगी या नहीं। इससे पहले चुनाव आयोग ने सिंबल को लेकर शिंदे गुट की याचिका पर सभी पक्षों को नोटिस भेजकर जवाब देने के लिए कहा था। शिवसेना का विवाद 20 जून से शुरू हुआ था, जब शिंदे के नेतृत्व में 20 विधायक सूरत होते हुए गुवाहाटी चले गए थे। इसके बाद शिंदे गुट ने शिवसेना के 55 में से 39 विधायक के साथ होने का दावा किया, जिसके बाद उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया था।

**नोटबंदी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज :** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ 500 और 1000 रुपये के नोटों को बंद करने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई करेगी। न्यायमूर्ति अब्दुल नजीर की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ मामले की सुनवाई करेगी।

### ट्राइबल बच्चियों के सपनों को मिली उड़ान

# अर्जुन मुंडा ने ट्रेनिंग के लिए लड़कियों को भेजा चेन्नई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को हटिया रेलवे स्टेशन से हुसूर के लिए एक विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा आयोजित भर्ती अभियान में कुल 1898 चयनित उम्मीदवारों में से 822 लड़कियों के पहले बैच को ले जाया गया है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि खूंटी, सरायकेला, चाइबासा और सिमडेगा से चयनित इन युवतियों को प्रशिक्षण के बाद नौकरी मिलेगी। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की इस पहल को शानदार प्रतिक्रिया मिली और खूंटी, सरायकेला, चाइबासा और सिमडेगा जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों से 2600 से अधिक लड़कियों और युवतियों ने भर्ती अभियान में भाग लिया, जिसमें से दो दिनों में 1898 लड़कियों का चयन किया गया। शेष चयनित उम्मीदवारों को अगले समूह में भेजा जायेगा।

**कार्यक्रम में रहे मौजूद :** इस कार्यक्रम में रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जयसवाल, तोरपा विधायक कोचे मुंडा, रांची के उप महापौर संजीव विजयवर्गीय, कुणाल आजमानी, मंडल रेल प्रबंधक, हटिया कार्यालय के वरिष्ठ रेल अधिकारी और केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।

**1898 उम्मीदवार चयनित :** राज्य के चार जिले खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा जिले की आदिवासी बेटियां स्वावलंबी बनेंगी। इनके भविष्य को नया रूप देने का भार टाटा समूह की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड उठाया है। कंपनी ने आदिवासी बेटियां का चयन तमिलनाडु के होसूर स्थित टाटा समूह की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने किया है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा आयोजित भर्ती अभियान में कुल 1898 चयनित उम्मीदवारों में से 822 लड़कियों के पहले बैच को ले जाया गया है। इस पहल को शानदार प्रतिक्रिया मिली और उपरोक्त जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों से 2600 से अधिक लड़कियों और युवतियों ने भर्ती अभियान में भाग लिया,जिसमें से 2 दिनों में 1898 लड़कियों का चयन किया गया। शेष चयनित उम्मीदवारों को अगले समूह में भेजा जायेगा।




### 12वीं पास लड़कियों का किया गया चयन

जानकारी के मुताबिक लड़कियां कंपनी में एक साल काम करने के बाद प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी से डिग्री हासिल कर सकेंगी। आर्ट्स और कॉमर्स पढ़नेवाली लड़कियों के लिए ब्रिज कोर्स के जरिये बीएससी डिग्री हासिल करने की व्यवस्था होगी। कंपनी कर्मचारियों के रहने के लिए आवासीय सुविधा भी देगी। कंपनी कौशल विकास के तहत योग और स्पोकेन इंग्लिश का कोर्स करायेगी। बता दें कि कंपनी ने 12वीं पास लड़कियों का चयन किया है। इनको एंट्री लेवल ऑपरेटर के तौर पर नियुक्ति होगी।

### पीएफ, ग्रेच्यूटी, इएसआइसी की मिलेगी सुविधा

मेगा भर्ती अभियान की जानकारी देते हुए केंद्रीय आदिवासी मामलों के संयुक्त सचिव नवलजीत कपूर ने कहा कि टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी की ओर से राज्य की 4000 आदिवासी लड़कियों के चयन का लक्ष्य तय किया गया है। जल्दी ही अन्य जिलों में भी भर्ती कैंप लगाया जायेगा। इन लड़कियों के लिए होसूर में कंपनी, रहने, खाने और परिवहन की व्यवस्था करेगी। वहीं उन्होंने बताया कि होसूर रवाना हो रही लड़कियों के ट्रेन में खाने का इंतजाम भी किया गया है। इसके लिए कंपनी का प्रति लड़की तीन हजार खर्च होने का अनुमान है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि कर्मचारियों को सभी सुविधाएं जैसे पीएफ, ग्रेच्यूटी, इएसआइसी की सुविधा मिलेगी। कंपनी की ओर से कर्मचारी और परिवार के सदस्यों को स्वास्थ्य सुविधा दी जायेगी।

# 8 राज्यों में इस्लामिक संगठन के 170 कार्यकर्ता गिरफ्तार

- दिल्ली के शाहीन बाग से 30 लोग गिरफ्तार
- गैजेट्स-दस्तावेज जब्त, जामिया में धारा 144

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) और प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के कई ठिकानों पर छापेमारी की। देश के 8 राज्यों से 170 पीएफआइ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली के शाहीन बाग में एनआइए ने रेड करके पीएफआइ से जुड़े 30 लोगों को हिरासत में लिया है। शाहीन बाग में इस एक्शन के बाद केंद्रीय पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है।

टीम ने मोबाइल फोन और अन्य डिवाइस समेत कई दस्तावेज भी अपने कब्जे में लिये हैं। वहीं, जामिया नगर में धारा 144 लागू कर दी गयी है। यहां दो महीने तक चार या उससे ज्यादा लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति नहीं है। जामिया यूनिवर्सिटी ने सर्कुलर जारी करके छात्रों से गैदरिंग न करने को कहा है।

एनआइए और 9 राज्यों की एटीएस एक साथ एक्शन में है। महाराष्ट्र से 15, कर्नाटक के कोलार से 6 और असम से 25 पीएफआइ कार्यकर्ताओं को पकड़ा गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात समेत अन्य राज्यों के कई जिलों से पीएफआइ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है। यह पीएफआइ पर छापेमारी का दूसरा राउंड है।

### गहलोत से मिलने पहुंचे 20 विधायक-मंत्री

# सोनिया ने अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष एंटोनी को बुलाया

- पायलट भी दिल्ली पहुंचे, सोनिया गांधी से मिलेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस में सीएम कुर्सी को लेकर दो दिनों से मचे घमासान के बीच मंगलवार दोपहर करीब 20 विधायक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात करने के लिए सीएम हाउस पहुंचे। इस मुलाकात को सियासी संकट से जोड़कर देखा जा रहा है। सीएम से मिलने वालों में कुछ मंत्री भी शामिल हैं। वहीं कांग्रेस के ऑब्जर्वर्स ने सोनिया गांधी को भेजी रिपोर्ट में मंत्री शांति धारीवाल और प्रताप सिंह खाचरियावास पर कार्रवाई की सिफारिश की है।

कांग्रेस अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष एके एंटोनी को दिल्ली बुलाया गया है। एंटोनी मंगलवार रात तक दिल्ली पहुंच रहे हैं। एंटोनी सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। राजस्थान के घटनाक्रम को देखते हुए एंटोनी को बुलाना काफी अहम माना जा रहा है। एंटोनी को अजय माकन की रिपोर्ट पर एक्शन लेने के लिए कहा जा सकता है।

सचिन पायलट दिल्ली पहुंच गये हैं। वे पार्टी आलाकमान से मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक पायलट ने सोनिया गांधी से बात की है। पायलट ने पूरे मामले पर मौन साध रखा है, वे मीडिया के सामने किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं।

# पीएम मोदी ने शिंजो आबे को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे का स्टेट फ्यूनरल कार्यक्रम टोक्यो के निप्पॉन बुडोकन कम्युनिटी सेंटर में किया गया। यहां भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत 700 से ज्यादा वर्ल्ड लीडर ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद नेशनल एंथम हुआ और आबे को 19 तोपों की सलामी दी गयी। आबे की याद में 2 मिनट का मौन भी रखा गया। शिंजो आबे की 8 जुलाई को गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इसके बाद पारिवारिक तौर पर शिंजो का अंतिम संस्कार 15 जुलाई को कर दिया गया था। लिहाजा, आज जो स्टेट फ्यूनरल हुआ वो प्रतीकात्मक था।

**शाही परिवार ने श्रद्धांजलि दी :** स्टेट फ्यूनरल कार्यक्रम में जापान की रॉयल फैमिली भी मौजूद रही। जापान की परंपरा के मुताबिक, किंग नारुहितो, क्वीन मासाको, किंग एमेरिटस अकिहितो और क्वीन एमेरिटा मिचिको ने कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया। इसलिए क्राउन प्रिंस अकिशिनो उनकी पत्नी क्राउन प्रिंसेस किको और शाही परिवार के अन्य सदस्यों ने आबे को श्रद्धांजलि दी।




**आबे की पत्नी अस्थियां लेकर पहुंची थीं :** भारतीय समय के मुताबिक, स्टेट फ्यूनरल का कार्यक्रम मंगलवार को सुबह 10:30 बजे शुरू हुआ। ये करीब डेढ़ घंटे चला। कार्यक्रम की शुरुआत में शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे उनकी अस्थियां लेकर पहुंचीं। यहां अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस, सिंगापुर के ढट ली सीन लूंग, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, वियतनामी राष्ट्रपति गुयेन जुआन फुक, दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू, फिलीपींस की उपराष्ट्रपति सारा डुटर्टे-कार्पियो, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति मारुफ अमीन, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल समेत 700 प्रतिनिधियों ने आबे को श्रद्धांजलि दी।

# आशा पारेख को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एक जमाने की जानी-मानी एक्ट्रेस रहीं आशा पारेख को इस साल दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाने वाला है। ये इंडियन फिल्म इंडस्ट्री का सर्वोच्च अवॉर्ड है। ये अवॉर्ड एक्ट्रेस को फिल्म इंडस्ट्री में दिये गये योगदान के लिए दिया जायेगा। 79 साल की आशा पारेख को ये सम्मान 68वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में दिया जायेगा। आखिरी बार यह अवॉर्ड 2019 में हुआ था, जिसमें साउथ सुपरस्टार रजनीकांत को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

22 साल में ये पहली बार हुआ है, जब किसी महिला को दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हो। आखिरी बार साल 2000 में सिंगर आशा भोसले को ये अवॉर्ड दिया गया था, जिसके बाद आशा पारेख ये जीतने वाली पहली महिला हैं। आशा पारेख से पहले आशा भोसले, लता मंगेशकर, दुर्गा खोटे, कानन देवी, रूबी मेयर्स, देविका रानी भी इस अवॉर्ड को हासिल कर चुकी हैं।



आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP
3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR)
11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 46,800 रु./10 ग्राम
चांदी 57,000 रु./प्रति किलो



## समर्थक हों या विरोधी, इन्हें बूझने में अभी वक्त लगेगा, यह कोई पहेली नहीं समय की मांग है

# मोदी-योगी की जोड़ी देश में बड़ा बदलाव लानेवाली है


**आजाद सिपाही विशेष**

पिछले साढ़े आठ साल में अपनी नेतृत्व और प्रशासनिक क्षमता से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को विश्व के नक्शे पर अग्रिम पंक्ति में पहुंचानेवाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अपने कार्यों से लगातार सुर्खियां बटोर रहे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों तीन ऐसे काम कर रहे हैं, जिनका असर अभी नहीं, बल्कि भविष्य में दिखेगा। इन तीन 'बड़े' कार्यों को जिस खामोशी और बिना किसी शोर-शराबे के अंजाम दिया जा रहा है, उनको अगर तात्कालिक लाभ के नजरिये से देखा जाये, तो भले ही नुकसान होता नजर आये, लेकिन लंबी अवधि में ये काम देश के लिए बहुत लाभदायक होंगे। ये काम 2024 या 2027 के चुनाव की दृष्टि से नहीं हो रहे हैं, हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि इसका चुनाव से कोई मतलब नहीं है। वास्तव में ये दोनों नेता देश में बुनियादी परिवर्तन के लिए ये काम कर रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में तीन काम ऐसे हुए हैं, जिनकी कल्पना उनके विरोधी क्या, उनके बड़े से बड़े समर्थक भी नहीं कर सकते थे। उनकी समझ में अब भी नहीं आ रहा है कि यह कितना बड़ा काम हो रहा है। इनमें पहला है मदरसों का सर्वे, जबकि दूसरा है उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सात अप्रैल,1989 को वक्फ संपत्ति के बारे में जारी आदेश को रद्द करना, जिसमें कहा गया था कि ऊसर, बंजर और भीठे की जमीन को वक्फ की संपत्ति के रूप में रजिस्टर कराया जा सकता है। यह आदेश रद्द करने के साथ ही वक्फ की सारी संपत्तियों की जांच कराने का भी आदेश दिया गया है। इसके अलावा तीसरा काम है, देश में इस्लामी आतंकवाद का बीजारोपण करनेवाले संगठन पीएफआइ पर देशव्यापी छापे। इन तीन कामों को राजनीतिक नजरिये से भले ही कमतर आंका जा रहा है, इसका महत्व एकाध दशक बाद पता चलेगा। इन तीन कामों के महत्व के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह**।



राकेश सिंह

### संदर्भ: मदरसे का सर्वे, वक्फ बोर्ड संपत्ति की जांच और पीएफआइ के खिलाफ छापेमारी



तमाम राजनीतिक और गैर-राजनीतिक हथकंडों को पछाड़ कर भारत और दुनिया के सीने पर अपनी लोकप्रियता, क्षमता और समझदारी का झंडा गाड़े दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय राजनीति में एक धूमकेतु की तरह उभरे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने-अपने शासनकाल में कई ऐसे काम किये हैं, जिनका जमीनी असर पूरी तरह साफ दिख रहा है। लेकिन इन दोनों नेताओं ने कुछ काम ऐसे भी किये या कर रहे हैं, जिनका असर अभी तो दिखाई नहीं दे रहा है, पर बाद में दिखाई देगा। ये जो तीनों काम हो रहे हैं, उसे एक दिन या एक रात में फैसला लेकर नहीं किया गया है। इसकी तैयारी कर-के, इसके दूरगामी प्रभावों का आकलन करके, देश की राजनीति, समाज और राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसका क्या असर होगा, इसका विश्लेषण कर और मौजूदा सांप्रदायिक स्थिति समेत सभी बातों को ध्यान में रखते हुए लंबे समय से योजना बना कर कार्यान्वित किया गया है।

### मदरसों का सर्वे

पहले बात करते हैं मदरसों के सर्वे की। इससे आमतौर पर यही लगता है कि सर्वे से यही पता लगाया जायेगा कि कौन सा मदरसा रजिस्टर्ड नहीं है या कौन सा अवैध रूप से चल रहा है। मगर बात केवल इतनी सी नहीं है। असली बात यह है कि कुछ मदरसे की तालीम कट्टरपंथी इस्लामवादी पैदा कर रही है। दुनिया भर में मदरसों से निकले हुए आतंकवादियों, वहाबियों और तालिबानियों की संख्या को देख कर इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। दरअसल, इस सर्वे से मदरसों का मूल चरित्र बदलने की कोशिश हो रही है, जो इससे पहले कभी नहीं की गयी। पहला मदरसा बहुत ही नेक इरादे से शुरू किया गया था। उस पहले मदरसे की मौलवी एक महिला थी। वहां से, यानी इस्लाम की लगभग शुरुआत से लेकर आज तक मदरसों का मूल चरित्र बदलने के बारे में क्या किसी ने सोचा था, क्या किसी ने इसकी कोशिश की थी। मुगल शासन में तो इसकी उम्मीद नहीं ही कर सकते थे, लेकिन ब्रिटिश राज में भी लगभग दो सौ साल और आजादी के बाद 75 साल में किसी प्रधानमंत्री ने इस बारे में सोचने की जरूरत नहीं समझी। सबको लगता था कि यह ऐसा मामला है, जिसे जो छुयेगा, उसका हाथ जलेगा। इसलिए कोई अपना हाथ जलाना नहीं चाहता था। लेकिन कहा जाता है कि हाथ जलाये बिना होम नहीं होता है। मोदी और योगी ने इस होम में हाथ जलाना स्वीकार किया और यह होम मौजूदा परिस्थिति को, व्यक्ति को और समाज को बदलने के लिए हो रहा है।

### मदरसों का चरित्र बदलने का प्रयास

इस सर्वे के जरिये मदरसों का स्थायी चरित्र बदला जा रहा है। आखिर मदरसों का चरित्र है क्या, जिसको बदलने की बात हो रही है। मदरसों का मूल चरित्र है दीनी शिक्षा, यानी धर्म की शिक्षा। इसके बारे में बहुत से लोग कह चुके हैं कि मदरसों में मौजूदा समय में जो पढ़ाया जा रहा है, उसे बदलने की जरूरत है। उसकी शिक्षा से जो मानसिकता पैदा होती है, वह सांप्रदायिक विद्वेष का कारण बनती है। वह हिंदू-मुस्लिम झगड़े की जड़ है। मदरसों का केवल आधुनिकीकरण नहीं हो रहा है। वहां पर विज्ञान, गणित और कंप्यूटर भी पढ़ाया जाये, मामला यहीं तक सीमित नहीं है। वहां जो मजहबी शिक्षा है, उसको घटा कर 20 फीसदी पर लाना है। उसके लिए उनकी घेरेबंदी हो रही है। मदरसों के लिए जरूरी है कि वह सोसायटी एक्ट में रजिस्टर्ड हो। मदरसों के सर्वे से पहले योगी सरकार ने यह आदेश दिया कि 15 अगस्त और 26 जनवरी को मदरसों में झंडारोहण और राष्ट्रगान होगा। उसके बाद मदरसों का एक पोर्टल बनवाया, जिसमें प्रदेश के सभी मदरसों को छात्रों की संख्या, उनकी कक्षा, पृष्ठभूमि, कुल शिक्षक, उनका वेतन ढांचा, उपस्थिति आदि की जानकारी देने को कहा गया। उसके बाद अभी हाल ही में यह कह दिया गया है कि मदरसों में शिक्षकों की भर्ती उसी तरह से होगी, जैसे यूपी बोर्ड या माध्यमिक शिक्षा परिषद में होती है। भर्ती का, उनके चयन का तरीका वही होगा और वेतमान भी वही होगा। पैसा सीधे उनके खाते में जायेगा। इससे बीच का धंधा बंद हो गया। अब अगला कदम है मदरसा बोर्ड को यूपी बोर्ड की तरह परीक्षा बोर्ड की शक्ल में बदल देना। इससे मदरसा बोर्ड को परीक्षाएं करवाने, कॉपी जंचवाने और रिजल्ट तैयार करवाने के अलावा और कोई अधिकार नहीं होगा। छात्रों के एडमिशन, मदरसों को चलाने और शिक्षकों की नियुक्ति में उसकी कोई भूमिका नहीं होगी। सब कुछ सरकारी होगा, यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड। मदरसों और सामान्य स्कूलों को बराबरी पर लाने की तैयारी हो रही है।

### फंडिंग पर कड़ी नजर

मदरसों के सर्वे की जब घोषणा हुई, तो देवबंदियों, वहाबियों और तालिबानियों ने इसका विरोध किया। जबकि जमीयत उलेमा ए हिंद के अरशद मदनी और महमूद मदनी ने इसका समर्थन किया। यह कदम दरअसल मदरसों की फंडिंग पर लगाम लगाने की तैयारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकारों को लिखा है कि जिन राज्यों की सीमा अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगती है, वे अपने यहां इस बात पर निगरानी रखें कि किस तरह की मदद से मस्जिदें खुल रही हैं और कहां से पैसा आ रहा है। मदरसों की फंडिंग पर आकर ही सारा मामला फंसेगा और यहीं से बदलाव शुरू होगा।

### बेलगाम वक्फ बोर्ड पर लगाम

मोदी-योगी का दूसरा काम है बेलगाम वक्फ बोर्ड पर लगाम लगाने का। वक्फ बोर्ड वास्तव में भारत को सेमी-इस्लामिक स्टेट बनाने का प्रोजेक्ट था, जिसको कांग्रेस ने चलाया-बढ़ाया, पाला-पोसा। अब उस पर अंकुश लगने जा रहा है। उत्तरप्रदेश सरकार ने 7 अप्रैल,1989 को जारी उस आदेश को रद्द करने का जो फैसला किया है, उसके बाद हजारों एकड़ वक्फ की जमीन मुक्त होनेवाली है। इसके बाद वक्फ बोर्ड पर भी देर-सवेर ताला लगनेवाला है। वक्फ बोर्ड का साम्राज्य टूटनेवाला है। उसके टूटने का मतलब है कि उसके पास जो संपत्ति है, उसका सीमित होना। जो फंडिंग आ रही है, उसको रोकना।

### पीएफआइ पर एक्शन

मोदी-योगी का तीसरा काम है भारत में इस्लामी आतंकवाद का बीजारोपण करने की कोशिश करनेवाले संगठन पीएफआइ के खिलाफ एक्शन। पीएफआइ इस देश में गृह युद्ध की तैयारी कर रहा था। इसको सामान्य तरीके से लेना गलत होगा। सीएए विरोधी आंदोलन, दिल्ली दंगा, कानपुर, सहारनपुर और प्रयागराज के दंगे, कर्नाटक का हिजाब आंदोलन, सबमें पीएफआइ की सक्रिय भूमिका की बात सामने आयी है। अभी पीएफआइ पर छापों के बाद इस संगठन ने केरल में बंद का आह्वान किया था। इस दौरान पांच-छह जिलों में हिंसा हुई। केरल हाइकोर्ट ने उस हिंसा का स्वतः संज्ञान लिया। इससे पहले इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। पीएफआइ की जो ताकत इस देश में वैमनस्य बढ़ाने की, हिंदू-मुस्लिम तनाव, धार्मिक उन्माद पैदा करना, आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने की थी, उस पर एक्शन हुआ है। अभी तक लोग यही सोच कर आश्चर्यचकित होते थे कि आखिर केंद्र सरकार पीएफआइ पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगा रही है। मोदी सरकार को यह मालूम है कि प्रतिबंध से कोई हल नहीं निकलता है। प्रतिबंध लगा देंगे, तो वे विक्टिम कार्ड खेलेंगे और दूसरे नाम से नया संगठन बना लेंगे। इसलिए अब इसका इलाज शुरू हो गया है।

### मोदी, योगी और भागवत का त्रिकोण

इसमें इमामों के संगठन के मुखिया से भी सर संघ चालक डॉ मोहन भागवत की मुलाकात वास्तव में एक बड़ी परिघटना है। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के कदमों से जोड़ कर देखा जा सकता है। जो वे कर रहे हैं, वही मोहन भागवत कर रहे हैं। यह एक त्रिकोण बन रहा है। भारत के मुस्लिम समाज में जो एक फॉल्टलाइन है, वह है देवबंदी, वहाबी, तालिबानी और तबलीगी जमात। दूसरे हैं बरेलवी, जो सुन्नी हैं। ये मजार और दरगाह चलाते हैं। बरेलवियों को ये देवबंदी, वहाबी, तबलीगी और तालिबानी मजार पुजवा मुसलमान कहते हैं। 95 फीसदी सुन्नी बरेलवियों के साथ हैं, लेकिन देवबंद की ताकत ज्यादा दिखाई देती है, क्योंकि देवबंद के पास अंतरराष्ट्रीय ताकत है। उन्हें विदेशों से पैसा और समर्थन मिलता है। विदेशी ताकतें, खासतौर से इस्लामी देश जब उनके साथ खड़े होते हैं, तो संख्या में कम होने के बावजूद उनकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है। नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से लगातार देवबंदियों की उपेक्षा की है। इसलिए ये उबले हुए हैं। दूसरा है तबलीगी जमात, जिसका काम ही है गांव-गांव में घूम कर बरेलवियों के खिलाफ माहौल बनाना, दीनी तालीम को आगे बढ़ाना और मुसलमान कैसे सच्चे मुसलमान बन सकते हैं, इसके बारे में बताना है।

इस तरह मोदी-योगी सरकार के ये तीन कदम और उसमें संघ के कदम को मिला दिया जाये, तो ये भारत की राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था में बुनियादी अंतर लाने वाले हैं। यह लंबी रेस है, इसमें एक सौ मीटर के आधार पर विजेता तय नहीं होगा। इसलिए इनके कदम को परंपरागत राजनेताओं के कदमों, खासतौर से जो सत्ता में हैं उनके कदमों की तरह देखना बंद कर देना होगा और नये तरीके से देखना होगा। ये नये भारत का निर्माण कर रहे हैं।

## सरयू के निशाने पर रघुवर दास और हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** निर्दलीय विधायक सरयू राय ने इस बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रघुवर दास पर एक साथ निशाना साधा है। इसके पहले वह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता तो कभी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को हमेशा आड़े हाथों लेते रहे हैं। इस बार उनके निशाने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं।

सरयू राय ने मंगलवार को ट्विट करके हेमंत सोरेन पर खनन घोटाला करने का आरोप लगाया है। सरयू राय का कहना है कि 1000 करोड़ के खनन घोटाले के आरोप पत्र में नाम आने के बाद इडी रघुवर दास और हेमंत सोरेन को समन करे। पूछताछ करे। अवैध वसूली में प्रेम प्रकाश दोनों का एजेंट रहा है। कोर्ट में इडी के आरोप पत्र के अनुसार 2015-19 के बीच 237 रैक और 2020-22 के बीच 117 रैक खनिज की बिना चालान ढुलाई हुई है। बता दें कि 2014 से लेकर 2029 तक झारखंड में रघुवर दास की सरकार थी और उसके बाद से हेमंत सोरेन की सरकार है। इडी ने पहले 100 करोड़ के खनन घोटाले की बात अपनी प्रेस विज्ञप्ति में की थी। लेकिन अब इडी ने बढ़ा कर करीब 1000 करोड़ का घोटाला बताया है। रोज ही मीडिया में इसे लेकर नये-नये खुलासे हो रहे हैं।

## निशिकांत दुबे की याचिका पर भवन मालिकों को नोटिस का तामिला कराने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दाखिल अवमानना वाद पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान निशिकांत की तरफ से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। वहीं राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सरकार का पक्ष रखा। केंद्र सरकार का पक्ष रखने के लिए एएसजीआइ अनिल कुमार कोर्ट में मौजूद रहे। सुनवाई के दौरान अदालत ने देवघर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री को यह निर्देश दिया है कि जिन नौ भवन मालिकों को उनका भवन तोड़े जाने संबंधित नोटिस दिया गया है, उनका नोटिस तामिला करा कर रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष समर्पित करेंगे। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट में कहा था कि एयरपोर्ट का पूरी तरह से संचालन अब तक शुरू नहीं किया गया है। राज्य सरकार कई कार्यों में देर कर रही है। इसके साथ नाइट लैंडिंग भी शुरू नहीं की गयी है और न ही एयरपोर्ट के आस-पास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ा गया है। सरकार की ओर से यह बताया गया कि काफी काम अंतिम चरण में है। सरकार की ओर से इस मामले में शोकॉज का जवाब भी दाखिल कर दिया गया है।

## गिरिडीह: अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर एक साल तक रेप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गिरिडीह जिले से एक शर्मनाक घटना सामने आयी है। यहां एक महिला को नशीली दवा खिला कर पहले उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें ली गयीं। आरोपी ने फोटो को हथियार बना कर महिला को ब्लैकमेल किया और एक साल तक यौन शोषण किया। आरोपी ने महिला की आपत्तिजनक तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर उस पर देह व्यापार का दबाव बनाया। महिला ने जब इंकार किया तो उसके साथ मारपीट की गयी और उसका फोन भी छीन लिया गया। परेशान होकर महिला ने मामले की शिकायत बिरनी थाने में की है।

### कोल्ड ड्रिंक में नशे की गोलियां दी थीं

पीड़ित महिला के मुताबिक, कारूपहाड़ के रहनेवाले बहादुर अंसारी नाम के शख्स ने एक साल पहले उसे काम देने का झांसा दिया और गिरिडीह चलने को कहा। रास्ते में अंसारी ने उसे कोल्ड ड्रिंक दी, जिसमें नशे की गोलियां थीं। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद चक्कर आया, तो आरोपी उसे एक कमरे में ले गया और उसके साथ रेप किया।

**देह व्यापार में भी धकेलने की कोशिश**

इस दौरान उसने आपत्तिजनक तस्वीरें भी लीं। महिला के मुताबिक, होश आने पर आरोपी ने उसे धमकी देते हुए कहा कि अगर वह यह बात किसी को बतायेगी तो तस्वीरों को वायरल कर देगा। उसने डर से किसी को कुछ नहीं बताया। तस्वीर वायरल करने की धमकी देकर आरोपी एक साल तक उसके साथ यौन शोषण करता रहा।

### करवाना चाहता था देह व्यापार

महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी का इतने में भी मन नहीं भरा, तो वह उससे देह व्यापार कराना चाह रहा था। जब उसका विरोध किया तो मेरे साथ उसने मारपीट की और मेरा मोबाइल भी ले लिया। आरोपी ने इस दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी ने सोशल मीडिया पर महिला की आपत्तिजनक तस्वीरें डाल दीं। महिला इस घटना के बाद से सदमे में है, उसका कहना है कि बहादुर अंसारी ने उसकी जिंदगी को बर्बाद कर दिया।

### दिक्कत : राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल से छात्रों की परेशानी बढ़ी

## नहीं बन रहा इकोनोमिक बैकवर्ड सर्टिफिकेट और स्थानीय सर्टिफिकेट

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजस्व उप निरीक्षकों की हड़ताल 12 दिनों से जारी है। 300 से अधिक अंचलों का न सिर्फ कामकाज इससे प्रभावित हो रहा है, बल्कि इंजीनियरिंग, मेडिकल, पोलिटेक्निक, डेंटल कोर्स, नर्सिंग, आइटीआइ समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले को लेकर स्थानीय, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग और ओबीसी कैटेगरी के छात्रों को हो रही है। वैसे भी सरकार ने 1932 के खतियान वालों को ही स्थानीय घोषित कर दिया है। इससे स्थानीय सर्टिफिकेट बनने में भी परेशानी हो रही है।

झारखंड के इंजीनियरिंग कालेजों में दाखिले को लेकर जोसा काउंसिलिंग भी शुरू कर दी गयी है। इसलिए स्थानीय और आय प्रमाण पत्र संबंधी प्रमाण पत्र बनने में छात्रों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए अप्रैल 2022 के बाद का कट ऑफ डेट रखा गया है। अंचल कार्यालयों में इन प्रमाण पत्रों के हजारों फार्म लंबित हैं। विभिन्न सेवाओं के लिए बड़ी संख्या में रिक्तियां आयी हैं। उसके लिए आवेदन भी भरे जा रहे हैं, लेकिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है। वे लगातार प्रज्ञा केंद्र में जाकर आवेदन दे रहे हैं, लेकिन उनके आवेदन पर विचार नहीं हो पा रहा है। सारे आवेदन राजस्व उप निरीक्षकों के लॉगिंग में पड़े हुए हैं। उनसे आवेदन आगे नहीं बढ़ रहा है। सारे राजस्व उप निरीक्षक हड़ताल पर हैं। इस कारण सर्टिफिकेट निर्गत करने का काम पूरी तरह से ठप हो गया है। हड़ताल में शामिल राजस्व कर्मचारियों ने बताया कि झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ के आह्वान पर 11 सूत्री मांगों के समर्थन में पूरे राज्य में राजस्व कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इनकी मांगों में 2019 में राज्य सरकार से हुए समझौते को लागू करना, ग्रेड पे 2800 रुपये करने, अंचल निरीक्षक बहाली में 50 प्रतिशत पर वरीय राजस्व उप निरीक्षकों को पदोन्नति देने, प्रोन्नति के लिए होने वाली परीक्षा में एक्सपीरियंस की अवधि 10 से घटा कर पांच वर्ष करने की मांग शामिल है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.40 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.39 बजे |



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर केसीसी अभियान हुआ तेज

# मार्च 2023 तक 25.50 लाख किसानों को केसीसी प्रदान करने का लक्ष्य



- किसानों के लिए खेती की राह आसान कर रहा केसीसी
- अतिरिक्त तीन प्रतिशत ब्याज में मदद कर रही राज्य सरकार
- अबतक 19.50 लाख से अधिक केसीसी स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के किसानों को अनवरत किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने की प्रक्रिया चल रही है। इसका प्रतिफल है कि 15 सितंबर 2022 तक 19,18,511 केसीसी धारक राज्य में हो गये हैं। जबकि सितंबर 2021 के बाद 5,34,331 नये केसीसी को स्वीकृति दी गयी है। यह किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) राज्य के किसानों के लिए वरदान साबित हुआ है। केसीसी के माध्यम से किसानों को खेती के लिए आसान ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे जहां किसानों को खेती में सहायता मिल रही है, वहीं उन्हें साहूकारों के चंगुल से भी मुक्ति मिल रही है। वर्तमान सरकार के प्रयास से कृषि ऋण में लगातार सुधार हो रहा है। यही वजह है कि राज्य गठन के बाद से दिसंबर 2019 तक मात्र 409 करोड़ रुपये किसानों के बीच वितरित किये गये, जबकि वर्तमान सरकार द्वारा 900 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किया गया।

### केसीसी के लिए सतत बढ़ते कदम

केसीसी के तहत जून 2021 में 420.74 करोड़, अगस्त 2021 में 581.53 करोड़, अक्टूबर 2021 में 685.16 करोड़, दिसंबर 2021 में 914.2 करोड़ एवं अप्रैल 2022 में 1313.36 करोड़ की राशि बैंक द्वारा स्वीकृत की गयी है। वहीं अप्रैल 2022 में 17.76 लाख, सितंबर 2022 में 19.50 लाख किसानों को केसीसी प्रदान किया गया। दिसंबर 2022 तक 22.50 लाख एवं मार्च 2023 तक 25.50 लाख किसानों को केसीसी प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### क्या है केसीसी

किसान क्रेडिट कार्ड ऋण किसानों को सात प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध होता है, जिसे समय सीमा के अंदर वापस करने पर तीन प्रतिशत ब्याज भारत सरकार द्वारा माफ किया जाता है। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा यहां के किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त तीन प्रतिशत ब्याज में मदद की जा रही है। इस प्रकार समय सीमा के अंदर किसान द्वारा ऋण वापस किये जाने पर किसान को मात्र एक प्रतिशत ब्याज का बोझ पड़ता है। अब तक राज्य सरकार के प्रयास से 8,96,108 किसानों का केसीसी आवेदन पत्र पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर अभियान स्वरूप सृजित किया गया।

### किसान भाई -बहन योजना का लाभ लें

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जल्द सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। इसके तहत छुटे हुए किसानों को केसीसी का लाभ दिया जायेगा। फिलहाल घर- घर अभियान चला कर एवं केसीसी शिविर लगा कर केसीसी से वंचित किसानों को आच्छादित करने की प्रक्रिया चल रही है। मालूम हो कि 23 जून 2022 को राज्य के सभी प्रखंडों में मेगा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण कैंप का आयोजन किया गया। ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जा सके। इससे पहले भी 08 जून 2022 को राज्य के सभी जिलों में जिला स्तर पर मेगा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण कैंप का आयोजन किया गया था।

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निदेशक निशा उरांव ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश पर युद्ध स्तर पर किसानों को केसीसी मुहैया कराया जा रहा है। कृषक मित्र, एटीएम, बीटीएम एवं वीएलडब्लू टोला-टोला घूम कर किसानों से केसीसी फॉर्म भरवा रहें हैं। फलस्वरूप वर्ष 2021 के बाद से अप्रत्याशित रूप से सबसे अधिक केसीसी आवेदन भरवाये गये हैं।

### 15वें वित्त आयोग की राशि को समय पर खर्च करें: सीएम

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि को ससमय खर्च करने का निर्देश पंचायती राज संस्थाओं को दिया है। हाल में की गयी पंचायती राज विभाग की समीक्षा में उन्होंने 15वें वित्त आयोग से ली गयी सारी योजनाओं की जानकारी भी ली। इस वित्त वर्ष में 2300 करोड़ रुपये मिलने हैं। ऐसे में इसके विरुद्ध राशि खर्च हो, इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने सतत विकास लक्ष्य के मानकों को लक्षित कर त्रिस्तरीय पंचायतों द्वारा योजना का चयन एवं क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। साथ ही आरजीएसए मद अंतर्गत पंचायत भवन मरम्मत और कंप्यूटर की खरीद के लिए जिलों को दी गयी राशि के व्यय की भी समीक्षा की। सीएम ने प्रत्येक पंचायत भवन में कंप्यूटराइज्जेशन के काम में तेजी लाने को कहा। इसके अलावा आइकोनिक वर्क में आवंटित राशि के विरुद्ध खर्च की भी जानकारी ली। सीएम ने हजारीबाग जिले से आये निवेदन, आश्वासनों को भी अविलंब निपटारा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।

# शर्मनाक : तमाड़ में डायन-बिसाही के आरोप में महिला की निर्मम हत्या

सोनाहातू के राणाडीह गांव में तीन महिलाओं की हत्या के बाद यह दूसरी घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के बारेडीह गांव में मंगलवार की अहले सुबह डायन विसाही के आरोप में एक महिला सरला देवी 55 वर्ष की टांगी से मार कर हत्या कर दी गयी। लोगों की नींद टूटी भी नहीं थी कि उठते ही इस नवरात्र में हत्या की खबर आ गयी। मंगलवार सुबह सरला देवी अपने खेत में गोबर डालने जा रही थी। उसी समय हत्यारे ने उनकी टांगी से काट कर हत्या कर दी।

सोनहातू थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव की घटना को लोग भूल भी नहीं पाये थे कि यह दूसरी घटना घट गयी। इस घटना को लेकर पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। लोगों का कहना है कि सरला देवी काफी मिलनसार और अच्छी थी। हत्यारा कोई और नहीं घर के ही देवर का बेटा है।

घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार वर्षों से दोनों भाइयों पूर्णो स्वांसी और शिवेश्वर स्वांसी के बीच डायन विसाइन को लेकर झगड़ा होता रहता था। शिवेश्वर के बेटे छोटू स्वांसी उर्फ जयदेव और जगन्नाथ स्वांसी अक्सर बड़ी मां सरला देवी (वर्ष 55) को डायन कहते थे। कई बार आपस में झगड़ा और मतभेद हुआ था। इसको लेकर गांव में पंचायत भी बैठी थी। पिछले वर्ष पूर्णो स्वांसी की पुआल चक्की में अभियुक्त ने



आग लगा दी थी। इसी डर से पूर्णो स्वांसी का बेटा गोपी स्वांसी घर द्वार छोड़ कर रांची में काम करने चला गया था। पति-पत्नी गांव में ही रहते थे।

सिवेश्वर स्वांसी के दोनों बेटे दागी किस्म के हैं। इतना ही नहीं, गांजा अफीम का कारोबार भी करता है। अपने साथ वह हथियार भी रखता है। अक्सर सिवेश्वर स्वांसी का बेटा छोटू स्वांसी उर्फ जयदेव की तबीयत खराब हो जाती थी। इसका आरोप वह अपनी बड़ी मां सरला देवी पर लगाता था। हर समय मारने-काटने की धमकी देता रहता था।

इस घटना को गांव के लोग भी दबी जुबान बोलते हैं। सरला देवी की दोनों बेटी की शादी हो गयी है। मंगलवार की सुबह लगभग सात बजे सरला देवी गोबर लेकर अपने खेत जा रही थी। घर के आंगन में उसके पति पूर्णो स्वांसी भी थे। इसी बीच सिवेश्वर स्वांसी और उनके दोनों बेटे छोटू उर्फ जयदेव और जगन्नाथ स्वांसी ने पहले पूर्णो स्वांसी को रोक लिया। इसके बाद छोटू स्वांसी टांगी सरला के सिर पर मार दिया। इससे वह लहूलुहान होकर घर के आंगन में गिर गयी और घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इसके बाद तीनों बाप-बेटा और मां घर में ताला बंद कर भाग गये। इसके बाद छोटू स्वांसी उर्फ जयदेव ने तमाड़ थाना में आत्मसमर्पण कर दिया।

इस घटना के बाद उसका बेटा गोपीनाथ स्वांसी रांची से आया और मां के शव को कपड़े में लपेट कर फफक-फफक कर रोने लगा। मृतक की छोटी बेटी कोकिला देवी अपने पति के साथ आयी और मां के शव को देख कर बेहोश हो गयी। इस घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पूरा गांव शोक और मातम में डूबा हुआ है आसपास और बहुत सारे गांव के लोग भी जुटे और घटना की निंदा की। पुलिस ने गांव जाकर लाश को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इस संबंध में तमाड़ थाना में मामला दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है।

गांव के जगतपाल महतो, शकुंतला देवी, किशोरी लाल साहू, विंदेश्वरी देवी, सुगी देवी, सोनोका देवी, संतोष साहू, यशोदा देवी, रंजीत स्वांसी, कोकिला देवी के अलावे सैकड़ों लोगों ने इस घटना की निंदा की है। घटना पर मौजूद सभी लोगों ने कहा कि हत्यारे को फांसी की सजा हो, जिससे इस प्रकार की घटना पर अंकुश लगाया जा सके।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति, नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता।
- **वृष** — प्रॉपर्टी खरीदने का संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** — कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण मिलेगा।
- **कर्क** — महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।
- **सिंह** — रोजी-रोजगार में सफलता, रुका हुआ काम पूरा होगा, शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **कन्या** — बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** — परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य संपन्न होगा, नौकरी में तरक्की।
- **वृश्चिक** — जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा, संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।
- **धनु** — शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** — इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

### मुंबई में फिक्की के फ्रेम्स 2022 में शामिल हुए सांसद संजय सेठ, कहा

# अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर संस्कृति पर हमला बर्दाश्त नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वावधान में मुंबई में आयोजित फ्रेम्स 2022 में रांची के सांसद संजय सेठ बतौर उद्घाटनकर्ता और वक्ता शामिल हुए। राष्ट्र निर्माण में मीडिया और इंटरटेनमेंट क्षेत्र की भूमिका पर उन्होंने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जाने-माने अभिनेता रणवीर सिंह और फिल्म प्रोड्यूशर रमेश सिप्पी भी शामिल हुए। भारत सरकार के आइटी सचिव अपूर्व चंद्रा, अरुण चावला और अन्य अतिथियों के साथ सांसद ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस सत्र की अध्यक्षता व्हाट्सएप इंडिया के प्रमुख शिवनाथ ने की, वहीं इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाराष्ट्र से राज्यसभा की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और कर्नाटक से सांसद सुमन लता भी मौजूद रहीं।




सांसद संजय सेठ ने इस अवसर पर मीडिया और इंटरटेनमेंट के क्षेत्र में आयी विसंगतियों की तरफ भी ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के द्वारा कई यूट्यूब चैनल पर बैन लगाने का प्रयास सराहनीय है।

सांसद ने कहा कि इस देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर, फिल्म जगत के क्षेत्र में ऐसी चीजें बननी चाहिए, जिससे भारतीय संस्कृति का संवर्धन हो, परिवारों का जुड़ाव हो। किसी भी कीमत पर मनोरंजन के नाम पर भारतीय संस्कृति पर हमला और खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सांसद ने स्पष्ट कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी और मनोरंजन के नाम पर भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों का अपमान, हिंदू देवी देवताओं का अपमान, भारतीय परिवार को खंडित करके दिखाना, ये सारी चीजें समाज में बिल्कुल स्वीकार्य नहीं हो सकती हैं। यहां आये सभी मीडिया एंटरटेनमेंट क्षेत्र के लोगों से सांसद ने यह आग्रह किया कि आप सब ऐसी चीजें बनायें, जो समाज सकारात्मक रूप से ग्रहण करे। संजय सेठ ने कहा कि समाज और राष्ट्र के महत्वपूर्ण अंग में इंडिया और इंटरटेनमेंट का क्षेत्र है, इसलिए हम सबको उसी दिशा में काम करना चाहिए ताकि राष्ट्र की एकता और समाज का सद्भाव दोनों ही बना रहे।

# हॉकी टीमें 36वें राष्ट्रीय खेल में भाग लेने गुजरात रवाना

झारखंड से कुल 17 टीमें शामिल हो रही हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुजरात में 29 सितंबर से 12 अक्टूबर तक आयोजित होनेवाले 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 में झारखंड से कुल 17 टीमें शामिल हो रही हैं। इनमें 265 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल लोग भाग ले रहे हैं। इसमें हॉकी झारखंड की महिला और पुरुष हॉकी टीम भी शामिल होगी। झारखंड की दोनों हॉकी टीमों में 36 खिलाड़ी और छह ऑफिशियल शामिल हैं। महिला टीम का खास आकर्षण इसमें शामिल दो ओलंपियन निक्की प्रधान और सलीमा टेटे जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा इंटरनेशनल हॉकी खिलाड़ी संगीता कुमारी, ब्यूटी और अन्य खिलाड़ी भी शामिल हैं। दोनों हॉकी टीमें गुजरात के लिए रवाना हो गयी हैं।

### महिला टीम में शामिल खिलाड़ी

सोनल मिंज, निक्की प्रधान, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे, काजल बाड़ा, स्मिता मिंज, सुभासी हेमरोम, प्रमिला सोरेंग, रोप कुमारी, दीप्ती कुल्लू, अलबेला रानी टोप्पो, अंजली बिंझिया, रजनी केरकेट्टा, बालो होरो, बिनिमा धान। इस टीम के साथ कोच बिगन सोय और तारिणी कुमारी हैं। मैनेजर के तौर पर मनोज कोनबेगी साथ हैं।

### पुरुष टीम में शामिल खिलाड़ी

अमन दीपक तिग्गा, विजय खेस, अल्बर्ट डुंगडुंग, सुसारण पूर्ति, नोए टोपनो, जेन सोरेंग, अनुरोध भेंगरा, रोहित बेसरा, लव लाइट कुजूर, असीम तिर्की, बिरसा ओड़िया, डेनिस केरकेट्टा, नवीन केरकेट्टा, दीपक सोरेंग, सेम मुंडा, सुखनाथ गुड़िया, सिमोन बोदरा, अभिषेक कुमार साहू। टीम के कोच एलेक्सियूस लकड़ा हैं। फिजियो लव कुमार और मैनेजर मनोज प्रधान हैं।



## पूर्व तट रेलवे

### खोरधा रोड मण्डल के 61 SLRs एवं 08 VPs की नीलामी

PLAs का विवरण :

| क्र. | ट्रेन नं. एवं क्षमता (टन में) | से - तक | लॉट समाप्ति होने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | 20918 & (3.9 T) | पुरी- इन्दौर | 06.10.2022, 1030 बजे |
| 02 | 12822 & (3.9 T) | पुरी-शालीमार | 06.10.2022, 1040 बजे |
| 03 | 22833 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-कृष्णराजपुरम | 06.10.2022, 1050 बजे |
| 04 | 18417 & (4 T) | पुरी- गुणुपूर | 06.10.2022, 1100 बजे |
| 05 | 20837 & (4 T) | भुवनेश्वर-जुनागढ़ रोड | 06.10.2022, 1110 बजे |
| 06 | 12888 & (3.9 T) | पुरी-शालीमार | 06.10.2022, 1120 बजे |
| 07 | 12994 & (3.9 T) | पुरी-गांधीधाम | 06.10.2022, 1130 बजे |
| 08 | 17479 & (4 T) | पुरी-तिरुपति | 06.10.2022, 1140 बजे |
| 09 | 12281 & (3.9 T) | भुवनेश्वर- नई दिल्ली | 06.10.2022, 1150 बजे |
| 10 | 22866 & (4 T) | पुरी- लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 06.10.2022, 1200 बजे |
| 11 | 22871 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-तिरुपति | 06.10.2022, 1210 बजे |
| 12 | 18417 & (4 T) | पुरी- गुणुपूर | 06.10.2022, 1220 बजे |
| 13 | 18447 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-जगदलपुर | 06.10.2022, 1230 बजे |
| 14 | 20472 & (3.9 T) | पुरी-बीकानेर | 06.10.2022, 1240 बजे |
| 15 | 20896 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-रामेश्वरम | 06.10.2022, 1250 बजे |
| 16 | 22836 & (3.9 T) | पुरी-शालीमार | 06.10.2022, 1300 बजे |
| 17 | 18419 & (3.9 T) | पुरी-जयनगर | 06.10.2022, 1310 बजे |
| 18 | 22840 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-राउरकेला | 06.10.2022, 1320 बजे |
| 19 | 20837 & (4 T) | भुवनेश्वर-जुनागढ़ रोड | 06.10.2022, 1330 बजे |
| 20 | 20861 & (3.9 T) | पुरी-अहमदाबाद | 06.10.2022, 1340 बजे |
| 21 | 20817 & (3.9 T) | भुवनेश्वर- नई दिल्ली | 06.10.2022, 1350 बजे |
| 22 | 22882 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-पुणे | 06.10.2022, 1400 बजे |
| 23 | 22879 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-तिरुपति | 06.10.2022, 1410 बजे |
| 24 | 22811 & (3.9 T) | भुवनेश्वर- नई दिल्ली | 06.10.2022, 1420 बजे |
| 25 | 22866 & (4 T) | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 06.10.2022, 1430 बजे |
| 26 | 12898 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-पुडुच्चेरी | 06.10.2022, 1440 बजे |
| 27 | 12819 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | 06.10.2022, 1450 बजे |
| 28 | 12880 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 06.10.2022, 1500 बजे |
| 29 | 17479 & (4 T) | पुरी-तिरुपति | 06.10.2022, 1510 बजे |
| 30 | 22859 & (3.9 T) | पुरी-एमजीआर.चेन्नई सेंट्रल | 06.10.2022, 1520 बजे |
| 31 | 18449 & (3.9 T) | पुरी-पटना जंक्शन | 06.10.2022, 1530 बजे |
| 32 | 22202 & (3.9 T) | पुरी-सियालदह | 06.10.2022, 1540 बजे |
| 33 | 20819 & (3.9 T) | पुरी-ओखा | 06.10.2022, 1550 बजे |
| 34 | 22974 & (3.9 T) | पुरी-गांधीधाम | 06.10.2022, 1600 बजे |
| 35 | 22910 & (3.9 T) | पुरी-वलसाड़ | 06.10.2022, 1610 बजे |
| 36 | 12845 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-बेंगलूरू कैन्ट | 06.10.2022, 1620 बजे |
| 37 | 22827 & (3.9 T) | पुरी-सूरत | 07.10.2022, 1030 बजे |
| 38 | 12146 & (3.9 T) | पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनस | 07.10.2022, 1040 बजे |
| 39 | 22805 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल | 07.10.2022, 1050 बजे |
| 40 | 22823 & (3.9 T) | भुवनेश्वर- नई दिल्ली | 07.10.2022, 1100 बजे |
| 41 | 12815 & (3.9 T) | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | 07.10.2022, 1110 बजे |
| 42 | 18452 & (3.9 T) | पुरी- हटिया | 07.10.2022, 1120 बजे |
| 43 | 22819 & (4 T) | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | 07.10.2022, 1130 बजे |
| 44 | 22819 & (4 T) | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | 07.10.2022, 1140 बजे |
| 45 | 22819 & (4 T) | भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम | 07.10.2022, 1150 बजे |
| 46 | 18126 & (4 T) | पुरी-राउरकेला | 07.10.2022, 1200 बजे |
| 47 | 18126 & (4 T) | पुरी-राउरकेला | 07.10.2022, 1210 बजे |
| 48 | 18410 & (4 T) | पुरी-शालीमार | 07.10.2022, 1220 बजे |
| 49 | 18410 & (4 T) | पुरी-शालीमार | 07.10.2022, 1230 बजे |
| 50 | 18463 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-बेंगलूरू सिटी | 07.10.2022, 1240 बजे |
| 51 | 12875 & (3.9 T) | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल | 07.10.2022, 1250 बजे |
| 52 | 18425 & (3.9 T) | पुरी-दुर्ग | 07.10.2022, 1300 बजे |
| 53 | 12843 & (3.9 T) | पुरी-अहमदाबाद | 07.10.2022, 1310 बजे |
| 54 | 12801 & (3.9 T) | पुरी- नई दिल्ली | 07.10.2022, 1320 बजे |
| 55 | 20813 & (4 T) | पुरी-जोधपुर जंक्शन | 07.10.2022, 1330 बजे |
| 56 | 20813 & (4 T) | पुरी-जोधपुर जंक्शन | 07.10.2022, 1340 बजे |
| 57 | 12896 & (3.9 T) | पुरी-शालीमार | 07.10.2022, 1350 बजे |
| 58 | 18477 & (4 T) | पुरी- योग नगरी ऋषिकेश | 07.10.2022, 1400 बजे |
| 59 | 18477 & (4 T) | पुरी- योग नगरी ऋषिकेश | 07.10.2022, 1410 बजे |
| 60 | 20823 & (3.9 T) | पुरी-अजमेर | 07.10.2022, 1420 बजे |
| 61 | 11020 & (3.9 T) | भुवनेश्वर-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | 07.10.2022, 1430 बजे |
| 62 | 22805-22806 (24 T) | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1030 बजे |
| 63 | 12830-12829 (24 T) | भुवनेश्वर-एमजीआर.चेन्नई सेंट्रल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1040 बजे |
| 64 | 12898-12897 (24 T) | भुवनेश्वर-पुडुच्चेरी (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1050 बजे |
| 65 | 18463-18464 (24 T) | भुवनेश्वर-बेंगलूरू सिटी (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1100 बजे |
| 66 | 12815-12816 (24 T) | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1110 बजे |
| 67 | 12819-12820 (24 T) | भुवनेश्वर-आनन्द विहार टर्मिनल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1120 बजे |
| 68 | 12875-12876 (24 T) | पुरी-आनन्द विहार टर्मिनल (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1130 बजे |
| 69 | 18477-18478 (24 T) | पुरी- योग नगरी ऋषिकेश (राउंड ट्रिप) | 10.10.2022, 1140 बजे |

एसेट विवरण : **F-1** (क्रम सं. 1, 2, 3, 4, 6, 7, 8, 11, 13, 16, 18, 19, 21, 23, 24, 25, 26, 27, 32, 34, 36, 39, 40, 41, 45, 47, 48, 50, 51, 54, 56, 57, 58 and 61 के लिए), **R-1** (क्रम सं. 5, 9, 10, 12, 14, 15, 17, 20, 22, 28, 29, 30, 31, 33, 35, 37, 38, 42, 44, 46, 49, 52, 53, 55, 59 and 60 के लिए), **F-2** (क्रम सं. 43 के लिए) and **VP** (क्रम सं. 62, 63, 64, 65, 66, 67, 68 and 69 के लिए)। परिचालन दिवस एवं स्केल: **1 दिन** (क्रम सं. 1, 3, 6, 7, 9, 10, 11, 14, 15, 16, 17, 20, 21, 22, 23, 25, 26, 30, 31, 33, 34, 35, 36, 37, 38, 39, 55, 56, 57, 61, 62, 63 and 64 के लिए), **2 दिन** (क्रम सं. 24, 27, 28, 60, 66 and 67 के लिए), **3 दिन** (क्रम सं. 32, 51 and 68 के लिए), **4 दिन** (क्रम सं. 40, 41 and 53 के लिए), **5 दिन** (क्रम सं. 8 and 29 के लिए) and **7 दिन** (क्रम सं. 2, 4, 5, 12, 13, 18, 19, 42, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 49, 50, 52, 54, 58, 59, 65 and 69 के लिए)। लॉट प्रारंभ होने की तिथि : 06.10.2022, 1000 बजे (क्रम सं.1 से 36 के लिए), 07.10.2022, 1000 बजे (क्रम सं.37 से 61 के लिए) एवं 10.10.2022, 1000 बजे (क्रम सं.62 से 69 के लिए), न्यूनतम वृद्धि : 0.20% (सभी क्रम सं.के लिए), लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया (सभी क्रम सं. के लिए)।

PR-546/N/22-23 — वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, खोरधा रोड


### झारखंड में कुड़मी-आदिवासी आमने-सामने, कोलकाता में पांच राज्यों से जुटेंगे आदिवासी समाज के लोग

# आदिवासी संगठनों ने कुड़मी को एसटी में शामिल करने का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुड़मी को एसटी का दर्जा देने के विरोध में अब आदिवासी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार को आदिवासी अधिकार रक्षा मंच के द्वारा एक दिन का सामूहिक उपवास रखा गया। उपवास कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष रखा गया। इस दौरान झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अगर कुड़मी जातियों को एसटी में शामिल किया गया तो आंदोलन और तेज होगा।

कुड़मी को एसटी में शामिल करने के विरोध में पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि हमारे अधिकार का हनन हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। आदिवासी सेंगल




अभियान इसे लेकर बड़ा आंदोलन करेगा। कोलकाता में पांच राज्यों से एक लाख आदिवासी इकट्ठा होंगे और सरना धर्म कोड की मांग के साथ कुड़मी समाज के लोगों को एसटी में शामिल होने का भी विरोध करेंगे।

### कुड़मी समाज ने दिया है दुर्गा पूजा तक का वक्त, बढ़ेगी रार

कुड़मी समाज के लोग खुद को एसटी सूची में शामिल करने के लिए लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। हाल में ही तीन राज्यों के कुड़मी समाज के लोगों ने रेलवे ट्रैक और नेशनल हाइवे पर आंदोलन किया। आंदोलन दुर्गा पूजा तक के लिए स्थगित किया गया है और सरकार को तब तक का समय दिया गया है। कुड़मी समाज के लोगों ने कहा है कि अगर सरकार इतने समय में फैसला नहीं लेगी, तो आंदोलन और तेज होगा।

### आदिवासी और कुड़मी आमने-सामने

अब आदिवासी और कुड़मी समाज के लोग आमने-सामने हैं। कई आदिवासी समूहों ने कुड़मी को एसटी में शामिल करने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विभिन्न आदिवासी संगठनों ने इस मांग को असंवैधानिक करार देते हुए कहा है कि कुड़मी कभी भी आदिवासी नहीं हो सकते। 30 सितंबर को सेंगेल की कोलकाता रैली में इसका सार्वजनिक विरोध करने की तैयारी है। एसटी बनने की दौड़ में कुड़मी समाज द्वारा तीन राज्य में रेल-रोड चक्का जाम किया था। सालखन मुर्मू ने कहा, नया राजनीतिक ध्रुवीकरण है। इसका सेंगेल विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि झामुमो, बीजद और टीएमसी वोट की राजनीति कर रही है। वहीं आदिवासी नेता लक्ष्मी नारायण मुंडा ने कहा कि मुगल काल से लेकर ब्रिटिश काल के समय तक कई आदिवासी विद्रोह जैसे भूमिज विद्रोह, मुंडा विद्रोह, संथाल विद्रोह, हो विद्रोह हुए हैं। इन विद्रोहों में इस समुदाय की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों का विरोध करने वाले लोग आदिवासी बनने को आतुर हैं।

केंद्रीय सरना समिति के अजय तिर्की ने कहा कि कुर्मी/कुड़मी लोग अपने समुदाय की बेहतरी और अधिकारों के लिए लड़ें, हम आदिवासी लोग भी साथ देंगे। लेकिन ये लोग अगर हमारे हक अधिकारों को हकमारी के इरादों से एसटी बनने की कोशिश करेंगे तो इसका पुरजोर विरोध करेंगे। निरंजना हेरेंज टोप्पो ने कहा कि कुर्मी/कुड़मी समुदाय के द्वारा आदिवासी समुदाय के ऊपर हमला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। दुर्गा पूजा बीतने के बाद इसको लेकर एक बैठक की जायेगी। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र लिंडा ने किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 28 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## आस्था : मां के दूसरे स्वरूप की पूजा कर भक्तों ने अर्पित की श्रद्धा

# मां का मिल रहा आशीर्वाद, सब कर रहे जय जयकार

### माता चंद्रघंटा देवी

**पंडित रामदेव पांडेय**



नवरात्रि में तीसरे दिन चंद्रघंटा देवी की पूजा का महत्व है। देवी की कृपा से साधक को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं। दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और कई तरह की ध्वनियां सुनाई देने लगती हैं। इन क्षणों में साधक को बहुत सावधान रहना चाहिए। इस देवी की आराधना से साधक में वीरता और निर्भयता के साथ ही सौम्यता और विनम्रता का विकास होता है। माता चंद्रघंटा का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। माता के तीन नैत्र और दस हाथ हैं। इनके कर-कमल गदा, बाण, धनुष, त्रिशूल, खड्ग, खप्पर, चक्र और अस्त्र-शस्त्र हैं, अग्नि जैसे वर्ण वाली, ज्ञान से जगमगाने वाली दीप्तिमान देवी हैं चंद्रघंटा। ये शेर पर आरूढ़ है तथा युद्ध में लड़ने के लिए उन्मुख है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप व बाधाएं खत्म हो जाती हैं। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक पराक्रमी व निर्भय हो जाता है। मां चंद्रघंटा प्रेतबाधा से भी रक्षा करती है, इनकी आराधना से वीरता-निर्भयता के साथ ही सौम्यता एवं विनम्रता का विकास होकर मुख, नेत्र तथा संपूर्ण काया का भी विकास होता है। मां चंद्रघंटा की उपासना से मनुष्य समस्त सांसारिक कष्टों से मुक्ति पाता है। तृतीया के दिन भगवती की पूजा में दूध की प्रधानता होनी चाहिए और पूजन के उपरांत वह दूध ब्राह्मण को देना उचित माना जाता है। इस दिन सिंदूर लगाने का भी रिवाज है। देवी चंद्रघंटा को प्रसन्न्न करने के लिए श्रद्धालुओं को भूरे रंग के कपड़े पहनने चाहिए। मां चंद्रघंटा को अपना वाहन सिंह बहुत प्रिय है और इसीलिए गोल्डन रंग के कपड़े पहनना भी शुभ है। इसके अलावा मां सफेद चीज का भोग जैसे दूध या खीर का भोग लगाना चाहिए। इसके अलावा माता चंद्रघंटा को शहद का भोग भी लगाया जाता है।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शारदीय नवरात्र में चहुंओर मां का जयकारा गूंज रहा। दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने नेम-निष्ठा से मां के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की पूजा-अर्चना की। मानोवांछित फल की कामना के साथ आशीष मांगा। नवरात्र में मां भक्तों को आशीष प्रदान कर, पापरूपी राक्षस का वध करने धरा पर अवतरित होती हैं। इसी बात को आत्मसात कर श्रद्धालु शेरावाली मां का आह्वान कर नौ दिनों तक उनके नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। माना जाता है कि श्रद्धा-भक्ति से की गयी उपासना फलीभूत होती है। देवी प्रसन्न हो आशीष प्रदान करती हैं। इसी भाव से इस नवरात्र भी घरों, मंदिरों और पंडालों में घट स्थापित कर नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना, पाठ और भजन किया जा रहा। कोई फलाहारी रह कर तो कोई पूरी तहर से अन्न-जल त्याग मां की भक्ति में रमा है। नवमी तिथि को कन्या पूजन-हवन कर भक्तगण व्रत पूर्ण करेंगे। दशमी तिथि को पापरूपी रावण का संहार कर विजयदशमी का त्योहार धूमधाम से मनायेंगे।

### नवरात्र उत्सव की धूम

वैसे को घरों, देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में नित्य नवरात्र पूजा-अर्चना और पाठ का सिलसिला चल रहा है, लेकिन कई स्थानों में नवरात्र उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। कृष्णानगर कॉलोनी, रातू रोड के राधाकृष्ण मंदिर, अलकापुरी शिव मंदिर, देवी मंडप रोड स्थित दुर्गा मंदिर, डोरंडा जैप वन, प्राचीन श्रीराम मंदिर चुटिया आदि में नवरात्र उत्सव की धूम है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रातः मां के दूसरे ब्रह्मचारिणी स्वरूप का ध्यान धर पूजा-अर्चना किया। पाठ और भजन कर देवी दुर्गा के श्रीचरणों में श्रद्धा का पुष्प चढ़ाया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## बकरी बाजार में आभा बिखेरने लगा मायापुर का इस्कॉन मंदिर

**राधा रूप में मां बरसायेंगी आशीष, दुर्गोत्सव में मेले के होंगे रंग हजार, कल उद्घाटन साथ खुलेगा पट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** बकरी बाजार में मायापुर के इस्कॉन मंदिर का प्रारूप आकार ले चुका है। कलाकार पंडाल को फाइनल टच देने में लगे हैं। शिल्पकार भी जल्द से जल्द मां और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं के साज-सज्जा का काम पूरा करने में जुटे हैं। पूजा आयोजन समिति भारतीय युवक संघ के अमित प्रकाश बजाज और राहुल अग्रवाल का कहना है कि बारिश तो बाधा डाल रही है, बावजूद इसके चौगुने उत्साह के साथ तय समय पर काम पूरा कर लेने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार को उद्घाटन के बाद मां का दर्शन शुलभ हो जायेगा।

### खास बातें

भारतीय युवक संघ 64 वर्षों से पूजा का आयोजन कर रहा। पूजा बजट 60 लाख है। इस बार पंडाल 130 फीट चौड़ा, 90 फीट उंचा और लंबा बनाया गया है। पूजा स्थल पर कई तरह के बड़े-छोटे झूले लगाये गये हैं। खाने-पीने के दर्जनों स्टालों का अलग आकर्षण रहेगा। अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि यहां डोरंडा के प्रसिद्ध लिट्टी के साथ सभी तरह के व्यंजनों का जायका दर्शनार्थी लेंगे। बसंत शर्मा ने बताया कि इस बार मां की प्रतिमा को सौम्य रूप दिया गया है। मां का दर्शन राधा अवतार के रूप में होगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन के आग्रह पर इस बार गुरुवार छह अक्टूबर को विसर्जन शोभायात्रा के साथ मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा।

### पूजा समिति

संरक्षक बसंत शर्मा, निर्मल जालान, अध्यक्ष अशोक चौधरी, उपाध्यक्ष मदन बगड़िया, विनोद छापड़िया, राहुल अग्रवाल, सचिव निर्मल मोदी, सह सचिव रमेश अग्रवाल, दीपक चौधरी, प्रकाश धेलिया, मुकेश जालान, अमर पोद्दार, कमल कुमार जालान, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र जालान मंटू, सह कोषाध्यक्ष संजय चौधरी, प्रवक्ता अमित प्रकाश बजाज, सह प्रवक्ता मनीष लोधा।

## कल खुलेगा ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति का पंडाल

**दर्शनार्थी निहारेंगे प्रकृति रत्नों की सुनहरी दुनिया**

**भव्य दरबार में देवी-देवताओं संग मां का होगा दर्शन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



- 1971 से हो रही पूजा
- 35 लाख का है बजट
- 06 अक्तूबर को विसर्जन

**रांची।** ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति, बंगला स्कूल का पूजा पंडाल बन कर तैयार है। देवी-देवताओं के साथ मां की प्रतिमा विराजमान कर दी गयी है। साज-सज्जा और लाइटिंग के काम को फाइनल टच दिया जा रहा है। चतुर्थी तिथि गुरुवार को रात साढ़े आठ बजे शंख ध्वनि के साथ पंडाल का पट आम भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा। दर्शनार्थी प्रकृति रत्नों की सुनहरी दुनिया के प्रारूप पर आधारित पंडाल को अपलक निहारेंगे। भव्य दरबार में विराजमान मां की मनमोहक प्रतिमा देखते ही बनेगी। कोलकाता के कलाकार निर्मल दा की टीम ने जूट आदि से सुनहरे रंग के भव्य पंडाल को मूर्त रूप दिया है। शिल्पकार अजय पाल ने प्रतिमाओं को सजीव करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पूजा स्थल पर दर्शनार्थियों के मनोरंजन को ध्यान में रख कई तरह के झूले और खाने-पीने की भी व्यवस्था की गयी है। क्लब के मनोज मजुमदार और सुनील मल्होत्रा ने बताया कि छह अक्तूबर को शोभायात्रा के साथ मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। इस बीच महिलाओं और बच्चों के लिए विविध कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। हर दिन भोग बांटा जायेगा।

### समिति में हैं शामिल

अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सचिव राजेश दास, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, आलोक कुमार, उपसचिव राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद किशोर प्रसाद, मनोज मजुमदार, सुनील मल्होत्रा आदि समिति में शामिल हैं।

## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

# पट खुलने से पहले मां के दरबार में जीवंत झांकी और शिव तांडव का मंचन होगा : रमेश सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची की हृदय स्थली पर स्थित चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर तैयार से किया जा रहा पूजा पंडाल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। पूजा पंडाल का पट पंचमी तिथि यानी 30 सितंबर को संध्या छह बजे खोल दिया जायेगा। इस बार पट खुलने से पहले मां के दरबार में जीवंत झांकी और शिव तांडव का मंचन होगा। कलाकारों द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों को जीवंत झांकी के रूप में दर्शाया जायेगा। इसकी जानकारी मंगलवार को अध्यक्ष रमेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि श्री शिव बारात आयोजन महा समिति और चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में मां दुर्गा के रूपों की जीवंत झांकी का आयोजन किया जा रहा है। गणेश वंदना के साथ संध्या छह बजे 51 थाल में रखे दीपों से मां दुर्गा की भव्य आरती की जायेगी। डांस झारखंड टीम के कलाकारों द्वारा झांकी और शिव तांडव का मंचन किया जायेगा। इस मौके पर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक सदस्य रामानंद ठाकुर, उपाध्यक्ष बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, सह कोषाध्यक्ष विकास वर्मा, मीडिया प्रभारी सूरज प्रकाश, ओम वर्मा, विक्की वर्मा, निर्मल शर्मा, सोनू दुबे, अभिषेक पाठक के साथ श्री शिव बारात आयोजन महा समिति की ओर से अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, राजकुमार तलेजा, मुरली लाल, मंगल भोला सिंह, राम कुमार, मुस्कान ओझा सहित अन्य मौजूद रहे।

## महालया के अवसर पर डांडिया सेलिब्रेशन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** महालया के शुभ अवसर पर गणपति गेस्ट हाउस में डांडिया का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डांस दिवाने के फाइनलिस्ट अमन राज और साथ में उसके गुरु आकाश महली और संजना महली उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। बता दें कि अमन कलर्स टीवी का नंबर 1 शो डांस दिवाने के फाइनलिस्ट रह चुके हैं। इन्होंने अपने जबरदस्त डांस परफॉर्मेंस से माधुरी दीक्षित, गोविंदा, अनिल कपूर, सलमान खान और रवीना टंडन जैसै दिग्गज कलाकारों का मन मोह लिया था और अपने झारखंड का नाम रोशन किया था। कार्यक्रम के दौरान अनुष्का कश्यप का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संजय कुमार और पंकज कुमार कश्यप ने राज को उनके उज्ज्वल भविष्य की बधाई भी दी।

## रमेश बैस ने रोस्टर क्लीयरेंस की दिशा में तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दिया

# राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति का निर्देश दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति रमेश बैस ने विश्वविद्यालय में रिक्त पदों पर नियुक्ति करने तथा रोस्टर क्लीयरेंस की दिशा में तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को राजभवन में हुई एक बैठक में उन्होंने कहा कि राज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद से ही वह उच्च शिक्षा के विकास के लिए पूर्णतः प्रयासरत हैं। उन्होंने शिक्षण संस्थानों की स्थिति में सुधार लाने के लिए सभी को समर्पित भाव से कार्य करने की भी बात कही। उन्होंने उच्च शिक्षा के विकास के लिए कार्यप्रणाली में गति लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कार्य में शिथिलता शिक्षा जगत एवं राज्य के विकास में बाधक है। राज्यपाल राजभवन में विश्वविद्यालयों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग की अध्यक्ष डॉ मेरी नीलिमा केरकेट्टा, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल कुमार पुरवार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक सूरज कुमार समेत विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उन्होंने झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के लिए कुलपति की नियुक्ति के संदर्भ में अद्यतन स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति हेतु 2018 का स्टैच्यू बनाने व लागू करने की दिशा में तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने झारखंड खुला विश्वविद्यालय और जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना के विकास के लिए राशि सुलभ कराने पर भी चर्चा की और उसे शीघ्र सुलभ कराने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा विभाग को शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के वेतन निर्धारण के कार्यों में गति लाने का भी निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर को पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन इत्यादि शीघ्र हस्तांतरित करने की दिशा में कार्य करने के लिए कहा। राज्यपाल ने झारखंड खुला विश्वविद्यालय को पृथक भवन सुलभ कराने की दिशा में कार्य करने के लिए कहा। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के समीप लगभग सात एकड़ भूमि देखी गयी है। बैठक में यह भी कहा गया कि प्रत्येक विश्वविद्यालय शीघ्र ही बीएड पाठ्यक्रम का शुल्क निर्धारण करें।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पूजा के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के विशेष इंतजाम



रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के दौरान महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा पर पुलिस विशेष ध्यान दे रही है। इस वर्ष महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए शक्ति कमांडो और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिले में लगभग तीन हजार से अधिक अतिरिक्त बलों की तैनाती की गयी है। इसमें आइआरबी की एक, जैप की पांच, रैप की दो कंपनी सहित अन्य पुलिस बल शामिल हैं। एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए अलग-अलग जगहों पर शक्ति कमांडो को विशेष तौर पर तैनात किया गया है। इसके अलावा बड़े-बड़े पूजा पंडालों में ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी रखी जायेगी। एसएसपी ने कहा है कि दुर्गा पूजा में किसी तरह की अप्रिय घटना न घटे, इसे लेकर हर स्तर पर रांची पुलिस तैयारी कर चुकी है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए रांची पुलिस की विशेष टीम बनी हुई है। संवेदनशील जगहों पर रांची पुलिस की टीम सादे लिबास में तैनात होगी। थाने की पेट्रोलिंग गाड़ी को भी लगातार गश्त लगाने का आदेश दिया गया है। इसके अलावा सीमावर्ती इलाके में आने-जाने वाली गाड़ियों की जांच चल रही है।

### मां काली सेना ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

रांची (आजाद सिपाही)। मां काली सेना ने आगमी दुर्गा पूजा को लेकर अपना हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। जो 7004310324, 9060826808, 9068885767, 9693000799 और जिन भी भक्तों को कोई भी समस्या हो वों हमसे संपर्क कर सकते हैं। रांची महानगर के अध्यक्ष प्रियेश सिंह ने बताया कि मेले में बच्चों के पॉकेट में नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखकर डाल दें। जिससे गुम होने पर तुरंत संपर्क किया जा सके। सेना प्रमुख भोलू सिंह ने कहा कि जिस भी पूजा पंडालों में डस्ट एवं और कोई भी समस्या हो तो हमें संपर्क करें, हम जल्द से जल्द समस्या का समाधान करेंगे और मां काली सेना के वोलेंटियर सभी पूजा पंडाल में तत्पर रहेंगे जैसे भारतीय युवक संघ, रांची रेलवे स्टेशन, आरआर स्पोर्टिंग क्लब एवं सभी पूजा पंडाल में रहेंगे। कार्यकारणी अध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि तेल एवं पूजा साम्रागी का वितरण भी पंडालों में किया जायेगा। इस्ट जोन के प्रभारी राकेश वर्मा, वेस्ट जोन के सुमित तिवारी, नार्थ जोन के विकास सिंह, एवं साउथ जोन के विवेक झा को प्रभारी बनाया गया। महिलाओं की सहायता के लिए शिल्पी वर्मा, प्रियंका सिंह (जिया), प्रिया वर्मन को प्रभारी बनाया गया। यह जानकारी मां काली सेना रांची महानगर के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

### चड़री सरना समिति ने उप महापौर को ज्ञापन सौंपा



रांची (आजाद सिपाही)। चड़री सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने रांची नगर निगम के उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चड़री सरना समिति के अखरा के प्रांगण में फेवर ब्लॉक लगाने और सामुदायिक भवन की छत पर शेड निर्माण करने की मांग की गयी। उप महापौर ने आश्वासन दिया कि शीघ्र चड़री अखरा में इंजीनियर के द्वारा सर्वे करा कर निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से चड़री सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, केंद्रीय सरना समिति के महासचिव कृष्णकांत टोप्पो उपस्थित थे।

### सेवा कार्य के लिए ब्रजेश शर्मा सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। हिंदू जागरण मंच की अखिल भारतीय बैठक झारखंड प्रदेश में तीन दिन तक चली। इसमें सभी राज्यों से वरिष्ठ संघ के प्रचारक एवं हिंदू जागरण मंच के सभी राज्यों से पदाधिकारी पहुंचे थे। ब्रजेश शर्मा ने भी स्वास्थ्य सेवा का कार्य तीन दिन तक किया। ब्रजेश शर्मा ने आये सभी अतिथियों को डॉक्टर से परामर्श लेकर एवं अपने अनुभव से सेवा कार्य किया। सेवा से सभी प्रचारक एवं अतिथि खुश थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं झारखंड बिहार हिंदू जागरण मंच के संगठन मंत्री डॉ सुमन ने ब्रजेश शर्मा को सम्मानित करते हुए कहा कि सेवा की भावना ब्रजेश शर्मा के अंदर कूट-कूट कर भरी हुई है। डॉ सुमन ने कहा कि कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई के हिस्से के रूप में मास्क, सैनिटाइजर, आर्सेनिक एल्बम थर्टी एवं कोविड-19 वैक्सीन के बारे में काफी जागरूकता पैदा की है। मौके पर हिंदू जागरण मंच झारखंड प्रदेश ऋषि नाथ शाहदेव, सुजीत सिंह, विक्रम कुमार, रत्नेश कुमार एवं हिंदू जागरण मंच के सभी अधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आइएसएम पुंदाग में वर्ड टूरिज्म डे मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। आइएसएम पुंदाग में वर्ड टूरिज्म डे मनाया गया। इस अवसर पर निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह, सभी शिक्षकों और होटल मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं द्वारा आइएसएम कैंपस में पौधरोपण भी किया गया। निदेशक डॉ गंगा प्रसाद सिंह ने कहा कि किसी भी विकसित देश की 30 प्रतिशत आय टूरिज्म से आती है। विकासशील देश को टूरिज्म को प्रोत्साहन देने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए। टूरिज्म देश से बेरोजगारी दूर करने का बहुत बड़ा क्षेत्र है। टूरिज्म को बढ़ावा देने से सभी को फायदा है। इस अवसर पर होटल मैनेजमेंट के शिक्षक आरएन भंजदेव, रवि रंजन, बीएमके रुचि मिश्रा, अनिमेष सरकार द्वारा विचार व्यक्त किया गया। मंदीप कुमार, जयकुश, दीपक कुमार की भागीदारी रही।

### 5 अक्टूबर तक वज्रपात के साथ बारिश का अनुमान

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में दुर्गा पूजा के दौरान हर दिन बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में उठ रहे निम्न दबाव से राज्य में 5 अक्टूबर तक बारिश होती रहेगी। आनेवाले हफ्ते में हर दिन एक से दो बार मध्यम दर्जे की बारिश होने का पूवार्नुमान है। मंगलवार सुबह से ही बदल छाए हुए हैं। पिछले दो दिनों की मूसलाधार बारिश से साफ हो गया है कि इस बार दुर्गा पूजा बारिश के बीच ही मनेगी। मौसम विभाग ने भी अगले पांच दिनों तक राज्य के कई इलाकों में बारिश की संभावना जतायी है। मौसम विभाग के अनुसार वज्रपात के साथ मध्यम दर्जे की बारिश होगी। साथ ही बताया कि सामान्य तौर पर यह बारिश दोपहर में ही होगी। नॉर्थ ईस्ट में साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से यह बारिश हो रही है। बारिश का असर पूरे राज्य में है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश कोडरमा में रिकार्ड की गयी, जहां 90.4 एमएम बारिश हुई है। रांची में 11.8 एमएम बारिश रिकार्ड की गयी।

# पूजा सिंघल की बिगड़ी तबीयत, रिम्स में भर्ती

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की तबियत बिगड़ी होटवार जेल प्रशासन ने रिम्स भर्ती कराया है। सीने में दर्द और सांस लेने में समस्या बतायी जा रही है। रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ प्रकाश कुमार की देखरेख में पूजा सिंघल की जांच और इलाज किया जा रहा है। फिलहाल इसीजी और इको जांच की गयी है। बुधवार को कुछ और पैथोलॉजिकल जांच होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

जांच के बाद पूजा सिंघल को रिम्स के पेइंग वार्ड में एडमिट कर दिया गया है। पूजा सिंघल की जांच समय रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेंद्र बिरुआ खुद मौके पर मौजूद रहे।

**इडी ने दाखिल किया जवाब :** निलंबित आइएएसर पूजा सिंघल की जमानत पर हाइकोर्ट में सुनवाई मंगलवार न्यायाधीश अंबुज नाथ की अदालत में हुई। अदालत में इडी ने जमानत को लेकर दाखिल जवाब किया गया है। मामले में तलब केस डायरी भी अदालत में पेश हो चुकी है। अदालत ने सुनवाई पूरी करते हुए दुर्गा पूजा अवकाश के बाद जमानत पर अगली सुनवाई करेगी। बता दें कि पिछले 11 मई से पूजा सिंघल जेल में बंद है। पिछले 3 अगस्त को निचली अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी।



मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम), रांची के निदेशक प्रोफेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## झारखंड के अधिकारियों के लिए बनेंगे 23 बंगले

### 187 करोड़ रुपये आयेगी लागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के सचिव (आइएएस) और अन्य वरीय पदाधिकारियों के रहने के लिए 23 नये बंगले बनाये जायेंगे। नगर विकास विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। एचइसी इलाके में आवासीय भवनों और संबंधित संरचनाओं का निर्माण लगभग 19.72 एकड़ भूमि में किया जायेगा। इसमें करीब 187.11 करोड़ रुपये लागत आने का आकलन किया गया है। जल्द ही वित्त विभाग, फिर सीएम की मंजूरी के बाद मंत्रिपरिषद की बैठक में इस पर स्वीकृति ली जायेगी। बंगला बनाने के लिए मेसर्स शिवा कंसल्टेंसी सर्विस ने डिजाइन तैयार की है। नया आवासीय भवन का निर्माण जुडको के द्वारा निविदा जारी कर किया जायेगा। 23 भवनों को बनाने में तीन वर्ष का समय लगेगा। 2024-25 तक इसे पूर्ण करने का टारगेट रखा गया है। प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अनुमोदन मिल गया है। 20 जून 2022 को ही राज्य योजना प्राधिकृत समिति से इसकी मंजूरी ली गयी है। जी प्लस 1 का छह बंगला, फिर दूसरी जगह जी प्लस-1 का 17 बंगला, बैरक-1, पीसीसी रोड, पाथवे, ड्रेन और कैंपस फिलिंग, एसटीपी प्लांट भी होगा। राज्य गठन के 21 वर्ष पूर्ण होने के बाद से अभी तक सचिव और अन्य वरीय पदाधिकारियों के लिए पुराने सरकारी भवनों का उपयोग किया जा रहा है। नया भवन एचइसी पुराना विधानसभा के समीप मैदान पर बनेगा।

## इडी ने पंकज मिश्रा सिंडिकेट के 51 बैंक खातों को किया फ्रीज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पंकज मिश्रा सिंडिकेट के 51 बैंक खातों को फ्रीज किया है। इन बैंक खातों में कुल 13.32 करोड़ रुपये जमा थे। इडी ने चार्जशीट में कहा है कि उसने 13.32 करोड़ रुपये के आरोपित व्यक्तियों के 51 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है। इसमें पंकज मिश्रा के चार बैंक खाते शामिल हैं, जिनमें 83.98 लाख रुपये नकद हैं। इनमें सबसे अधिक खाते कृष्णा साव, उनकी कंपनियों और हिंदू संयुक्त परिवार के हैं, जहां लगभग आठ करोड़ रुपये नकद रखे गए थे। इसके अलावा दाहू यादव के छह बैंक खाते (10 लाख रुपये) और उनकी दो परिवहन कंपनियों सिंहवाहिनी ट्रांसपोर्ट और यादव ट्रांसपोर्ट (1.38 करोड़ रुपये) के तीन खातों को फ्रीज कर दिया गया है। ईडी ने मां दुर्गा स्टोन वर्क्स (42 लाख रुपये) और विष्णु प्रसाद यादव (47.19 लाख) के खातों को भी फ्रीज कर दिया। इडी की चार्जशीट से पता चलता है कि आरोपित व्यक्तियों ने मनी लॉन्ड्रिंग के लिए कई कंपनियों का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा नेचर एचपी फ्यूल्स, कृष्ण कुमार साहा एंड संस, हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन और कुछ अन्य के बैंक खातों को फ्रीज किया गया है। उल्लेखनीय है कि इडी ने बीते आठ जुलाई को अवैध खनन मामले की जांच को लेकर साहिबगंज और आसपास के इलाके में पंकज मिश्रा सहित उनके कई अन्य सहयोगियों के कुल 21 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में पंकज मिश्रा, बच्चू यादव को इडी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इडी ने कहा है कि सभी आरोपितों के द्वारा साहिबगंज में अवैध पत्थर खनन किया जाता था। इन गतिविधियों को पंकज मिश्रा नियंत्रित करते थे। जब्त की गयी नकद राशि अवैध खनन से कमाई गयी थी। पंकज मिश्रा, बच्चू यादव और दाहू यादव के परिसरों से नगदी बरामद नहीं हुई। पंकज मिश्रा और बच्चू यादव दोनों को जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया, जबकि राजेश यादव उर्फ दाहू यादव का पता नहीं चला है।

### झारखंड के मेडिकल कॉलेजों में सीटों को लेकर फंसा पेंच

## नेशनल मेडिकल काउंसिल ने 3 मेडिकल कॉलेजों में दाखिले का नहीं दिया परमिशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के तीन मेडिकल कॉलेजों में दाखिले को लेकर नेशनल मेडिकल काउंसिल ने सत्र 2022 की परमिशन नहीं दी है। 2021 सत्र को लेकर ही नेशनल मेडिकल काउंसिल से शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज पलामू और फूलो झानो मेडिकल कॉलेज दुमका में एडमिशन के लिए अनुमति मिली थी। इन तीनों मेडिकल कॉलेजों में क्रमशः 100-100 सीटें हैं। अब 2022 के लिए नेशनल मेडिकल काउंसिल ने अपनी अनुमति नहीं दी है। नीट यूजी-2022 को लेकर कभी भी राष्ट्रीय स्तर की काउंसिलिंग तथा झारखंड सरकार की काउंसिलिंग शुरू हो सकती है। ऐसे में इन तीनों कॉलेजों में दाखिला लेने के इच्छुक छात्र-छात्राओं की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। नेशनल मेडिकल काउंसिल ने तीनों मेडिकल कॉलेजों में तय अहर्ता का पालन नहीं करने के आलोक में मान्यता नहीं दी है। 2021 में काउंसिल ने शर्तों के साथ 100-100 सीटों पर दाखिले की अनुमति दी थी, जो सिर्फ एक वर्ष के लिए ही मान्य थी।

उधर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल धनबाद में भी लगातार छठे वर्ष सिर्फ 50 छात्रों का ही दाखिला हो पायेगा। अभी तक अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की खामियों को अस्पताल प्रबंधन और राज्य सरकार ने दुरुस्त नहीं किया है। अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी, अस्पताल की आधारभूत संरचना और अन्य सुविधाएं अब तक बहाल नहीं की गयी है। उधर झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की तरफ से राज्य के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग से 2022 के लिए मेडिकल कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू करने को लेकर तीन से अधिक पत्र लिख कर सीटों का ब्योरा मांगा गया है। अब तक स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सीटों का ब्योरा नहीं दिया गया है। इसकी वजह से नीट यूजी-2022 की काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है।

## कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने सीएमपीडीआइ में समीक्षा बैठक की



**रांची (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने सीएमपीडीआइ के परफॉरमेंस की समीक्षा मुख्यालय रांची में की। संस्थान के निदेशक आरएन झा ने सीएमपीडीआइ के प्रदर्शन/उपलब्धियां यथा ड्रिलिंग, सिस्मिक सर्वेक्षण कार्य, विभिन्न कोयला और गैर-कोयला क्षेत्रों में ड्रोन अनुप्रयोग, ई-नीलामी कार्य की स्थिति, एमडीओ परियोजनाएं, सिविल और सौर क्षेत्र में परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाएं एवं वाशरीज स्थापित करनेवाले निजी पार्टियों/भागीदारों के लिए मसौदा नीति ढांचा (ड्राफ्ट पॉलिसी फ्रेमवर्क) शामिल हैं। समीक्षा बैठक में श्री अग्रवाल ने सीएमपीडीआइ द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की और कोल इंडिया के बाहर भी परियोजना प्रबंधन परामर्श सेवाओं से संबंधित कार्यों को करने पर बल दिया। इसके अलावा श्री अग्रवाल ने आइआइसीएम, रांची में मंगलवार को नये छात्रावास भवन की आधारशिला रखी। प्रस्तावित भवन में रिसेप्शन सह प्रतीक्षा क्षेत्र, कॉमन रूम, किचन, डाइनिंग एरिया और जिम सहित 94 बेड रूम बनाने की योजना है। इस अवसर पर सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद, सीएमपीडीआइ के निदेशक एसके गोमास्ता, निदेशक शंकर नागाचारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत कुमार सिन्हा, वरीय सलाहकार एके राणा उपस्थित थे।

## आदिवासी रैयतों को विश्वास में लिये बगैर काम किया तो होगा आंदोलन : प्रतुल शाहदेव



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगरा गांव में तुबेद कोल माइंस के लिए डीवीसी के द्वारा भूमि पूजन के बाद हुए हिंसक घटना की जायजा लेने मंगलवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव गांव पहुँचकर दोनों पक्षों से मिले। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि विकास कार्यों में स्थानीय लोग हमेशा से सहयोग करते आए हैं लेकिन इसका कदापि यह मतलब नहीं है कि आप इनके साथ विश्वासघात करें। प्रतुल ने चेतावनी देते हुए कहा कि आदिवासी-मूलवासी पक्षों को विश्वास में लिए बगैर यदि डीवीसी कंपनी काम करती है तो दुर्गा पूजा के बाद बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जो रैयत स्वेच्छा से जमीन देना चाहते हैं उनकी जमीन ले और आदिवासी पक्ष जो नियम के तहत जमीन देना चाहते हैं उनके साथ बैठकर समस्याओं का हल करें। आदिवासियों ने यहां के खनिज संपदा और जल जंगल की लड़ाई वर्षों से लड़ी है। सीएसआर का ब्लू प्रिंट तैयार कर जनता के बीच रखें, लॉलीपॉप देने का काम ना करें। हॉस्पिटल, स्कूल आदि की व्यवस्था करें पहले।तब डीवीसी उत्खनन का कार्य करें। प्रतुल ने पूरे घटनाक्रम से डीवीसी के वरीय अधिकारियों के अलावे सम्बंधित विभाग के सचिव से भी मिलकर उन्हें अवगत कराने की बात कही है। प्रतुल के गांव दौरा के दौरान ग्रामीणों ने अन्य समस्यों से भी उन्हें अवगत कराया।

## प्रतिभागियों के प्रदर्शन के साथ 'तरंग' आध्यात्मिक कला उत्सव का शुभारंभ



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री वैष्णवी शिवराम सेवा संस्थान के देवी-दर्शन महायज्ञ महोत्सव समिति द्वारा आयोजित 11वें सामूहिक सहस्त्राधिक कलश स्थापन समारोह के दूसरे दिन भी प्रातः 8 बजे से मंडप पूजन, देवी भागवत परायण पश्चात संकल्पकर्ताओं द्वारा सामूहिक कलशों की पूजा अर्चना के बाद आरती की गयी। आचार्य सतीश चंद्र मिश्रा ने भक्तों को बताया कि माता चंद्रघंटा के आवाहन से मनुष्य में तप, त्याग, सदाचार एवं संयम की वृद्धि होती है। मिथिला से आये विनय बिहारी एवं मानस प्रचार मंडली द्वारा किया जा रहा रामचरित मानस के संगीतमय पाठ से समस्त वातावरण गूंज रहा है। समिति द्वारा आयोजित 'तरंग' आध्यात्मिक कला उत्सव का शुभारंभ बीआइटीटी गुप के एडिशनल ग्रुप डायरेक्टर बिनय कुमार सिंह, पुजारी आचार्य विष्णु मिश्रा एवं सहायक पुजारी नीरज तिवारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जज भरत नाट्यम स्पेशलिस्ट सरिता कुमारी, बंगीया संगीत परिषद से एवं वाराणसी से आये आचार्य सत्यम शुक्ल रहे। सीमा महतो, राखी कुमारी महली, अंजली शर्मा, अद्रीका रंजन, तेजस्वीनी कुमारी ने अपनी प्रस्तुति दी। मंच संचालन प्रवीण द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं के लिए एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि रखी गयी है। देवी-दर्शन महायज्ञ महोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ रंजीत कुमार सपत्नी डॉ वंदना कुमारी ने पूजा में सहभागी होने के लिए धन्यवाद दिया। इस समारोह में समिति के अन्य सदस्यों के साथ राहुल कुमार, मुनमुन कुमार, नेहा कुमारी, मोनिका कुमारी उपस्थित थे।

## विधानसभा में पांच कर्मियों की अनुकंपा पर हुई बहाली, स्पीकर ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**रांची (आजाद सिपाही)।** विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने विधानसभा के पांच पदाधिकारियों और कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र सौंपा। सभी कर्मी जूनियर सचिवालय सहायक के पद पर बहाल किये गये हैं। जिन लोगों को नियुक्ति पत्र मिला है, इनमें अवर सचिव स्व मनोहर लकड़ा की पत्नी आभा लकड़ा, प्रशाखा पदाधिकारी स्व धीरेंद्र कुमार की पत्नी नम्रता जायसवाल, प्रशाखा पदाधिकारी स्व मनीष कुमार टोप्पो की पत्नी कुसुम कुमारी खोया, निजी सहायक स्व दीपक कुमार शुक्ला की पत्नी अंजना तिवारी और लाइब्रेरियन स्व सुमित कुमार की पत्नी वंदना कुमारी शामिल हैं। इनमें से अधिकांश कर्मियों की कोरोना संक्रमण से मौत हुई थी। इस मौके पर स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि विधानसभा कर्मियों की मृत्यु के बाद पद खाली होते ही वे उनके परिजनों को अनुकंपा पर नौकरी देने की कोशिश में लग गये थे। उनकी यह छोटी सी सार्थक पहल सचिवालय कर्मियों के दुखों पर मरहम लगाने का प्रयास करेगा। नियुक्त पत्र वितरण के दौरान संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम, विधायक नलिन सोरेन, स्टीफन मरांडी, रामचंद्र सिंह और नीरा यादव आदि मौजूद थे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ने आयोजित किया वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम

## भाजपा स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड भाजपा ने मंगलवार को राज्य के सभी 27 सांगठनिक जिलों में वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम को आयोजित किया। इसके तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये लोगों को प्रेरित और जागृत किया। पार्टी ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मंडल स्तर पर स्थानीय कार्यक्रम का आयोजन कर स्थानीय उत्पाद की खरीद एवं प्रयोग करने तथा इसे बढ़ावा देने के लिये जनता से अपील की।

**लोकल उत्पाद के बढ़ावा से प्रदेश बनेगा आत्मनिर्भर, अर्थव्यवस्था होगी मजबूत - दीपक प्रकाश :** प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि महामारी के दौरान देश की डगमगाती अर्थव्यवस्था को पुनः पटरी पर लाने के लिए वोकल फॉर लोकल का नारा देश के प्रधानमंत्री ने दिया था। यह सिर्फ नारा नहीं था बल्कि आर्थिक दृष्टि से मजबूत देश बनाने की एक सोच थी। दीपक प्रकाश ने कहा हम लोकल वस्तु की खरीदारी करेंगे तो देश की लघु उद्योगों तथा कुटीर उद्योगों को मजबूती मिलेगा। देश का पैसा बाहर न जाकर देश के विकास में काम आयेगा। किसानों और मजदूरों के हाथ मजबूत होंगे। स्वरोजगार से भारत आत्मनिर्भर बनेगा।

**स्थानीय उत्पाद से भरा पड़ा है झारखंड - बाबूलाल मरांडी :** पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड प्रदेश एक से बढ़कर एक बेहतरीन स्थानीय उत्पादों से भरा पड़ा है। अगर झारखंड की जनता इसे बढ़ावा दे तो झारखंड की कला को बढ़ावा मिलेगा और यहां के कलाकार ज्यादा उत्साह से काम करेंगे। झारखंड के लोग आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होंगे। झारखंड की कई स्थानीय उत्पादों की मांग विदेशों में भी है। एक बार फिर से झारखंड में लघु उद्योग को बढ़ावा देना होगा। लघु उद्योग को बढ़ावा देने से गांव से पलायन को भी रोका जा सकता है। अतः आज हम सब यहां से संकल्प लेकर अपने घर जाएं कि हम स्थानीय उत्पादों का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें।

**वोकल फॉर लोकल से किसान और स्थानीय कारीगर होंगे मजबूत - कर्मवीर सिंह :** भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी ने कहा कि वोकल फॉर लोकल के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के किसान,छोटे बड़े लघु उद्योग चलाने वालों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की कल्पना की है। लोकल उत्पादन केंद्र पर ही उपभोग होने से, रोजगार बढ़ेंगे, आधारभूत संसाधनों सड़क, परिवहन अन्य पर दबाव कम होगा, उत्पादित माल खराब कम होगा और विकास केंद्रित न होकर सभी क्षेत्रों में समान रूप से होगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, विवेक भवानी सिंह, सत्यनारायण सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## एआइकेएफ ने इस्मा को मान्यता प्रदान की

रांची (आजाद सिपाही)। मंगलवार को ऑल इंडिया कराटे एसोसिएशन एआईकेएफ ने इंडियन स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स इस्मा को मान्यता प्रदान कि। इस अवसर पर नन्द प्रसाद महासचिव एआइकेएफ ने कहा की इस्मा के तकनीकी निर्देशक बिमल आनंद नाग कराटे के क्षेत्र में पूराने प्रशिक्षकों में से एक है। एआइकेएफ भारत का सबसे पूराना सरकारी एवं मान्यता प्राप्त संस्था है। इस्मा के प्रशिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने सेंसाई नंद प्रसाद एवं एआईकेएफ के समस्त पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। मौके पर सेंसाई नौशाद खान,सेंसाई गुलाम जावेद सेंसाई कमल किशोर कच्छप,सेंसाई गुलाम गौस कुरैशी,अनील शर्मा,सहजाद कुरैशी,इबरार अंसारी, शशि सुमन,जाकिर हुसैन,क्लेवर कमार्कार,ब्रेनेट मलींस,प्रतम कमार्कार, लालचंद लोहार, पिंटू कुमार, गुमन गाड़ी सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीएवी बरियातू ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2022 में दसवीं और बारहवीं के टॉपर्स तथा आईआईटी एवं नीट में क्वालीफाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी रूद्र प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि डीएवी पुन्दाग के प्राचार्य संजय कुमार मिश्रा थे। सम्मान स्वरूप विद्यार्थियों को पुस्तक और मेमेंटो भेंट किया गया। आरपी सिंह ने कहा कि वह विद्यार्थी जरूर सफल होता है जो अपने शिक्षकों का सम्मान करता है। सफलता में गरीबी बाधा नहीं होती माता-पिता का कम पढ़ा लिखा होना आगे बढ़ने से नहीं रोकता, भाषा मार्ग अवरूद्ध नहीं करती। सफलता की योजना और उसके समन्वय की योजना मन में होती है और इच्छाशक्ति उसे पूर्ण करने में मदद करती है। प्राचार्य विनय कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों से कहा कि आप हमेशा आने वाले चुनौतियों के लिए तैयार रहें। आज आपको एकेडमिक के लिए सम्मानित किया गया है। कल जब आप अपने कार्य क्षेत्र में जाएं तो वहां भी अपना और अपने कार्य का मान बढ़ाएं।

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने नशा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया



रांची (आजाद सिपाही)। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के युवा परिवार सेवा समिति रांची द्वारा एक दिवसीय नशा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया। मंगलवार को बोध डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल रांची में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी सुकर्मानंद ने कहा कि संस्थान में हजारों युवा अपना सब कुछ त्याग कर केवल समाज कल्याण के लिये कार्यरत है, जो कि ब्रह्म ज्ञान की ध्यान साधना की ओर से युवा वर्ग स्वयं बदले औरों को बदलने का प्रयास कर रहें हैं। कार्यक्रम में स्वामी धनजया नंद, डीएवी स्कूल ग्रुप के निदेशक एमके सिन्हा, भाजपा नेता इंद्रजीत यादव, रतनदेव, प्रशांत कुमार, विकी कुमार, संजय सिंह, एवं समस्त युवा परिवार सेवा समिति का उपस्थिति सराहनीय रहा।

## वनवासी कल्याण केंद्र का प्रांतीय सम्मेलन 15-16 अक्टूबर को होगा



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। जसपुरिया बीएड कॉलेज परिसर गेतलसूद में 15 और 16 अक्टूबर को वनवासी कल्याण केंद्र का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन का उदघाटन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे। सम्मेलन में केंद्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचंद्र खराडी रहेंगे। सम्मेलन को लेकर मंगलवार को तैयारी समिति की बैठक आयोजित किया गया. इसमें कार्यक्रम का रूपरेखा तय किया गया। बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ सूखी उरांव, जैलेंद्र कुमार, विनित लाल, विमल उपाध्याय, देवनंदन सिंह, कैलाश उरांव, सुभाष दुबे, विजय केसरी, तुलसी महतो, तुलसी गुप्ता, कामेश्वर साहू, सेवाराम महतो, राजेंद्र बड़ाईक, बिगेसर महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीबीआइ कोर्ट ने एसी खरीद घोटाला में सीयूजे के अधिकारियों को सुनायी सजा

रांची (आजाद सिपाही)। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड ब्रांबे में 43 एयर कंडीशन खरीद घोटाले में चार दोषियों को अदालत ने दो-दो साल की सजा सुनायी है। मंगलवार को रांची सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने यूनिवर्सिटी के प्रोजेक्ट ओएसडी नरेंद्र पाल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर अभय तिग्गा को दो-दो साल की सजा के साथ एक लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वहीं मेसर्स प्रतिभा एंड कंपनी हेहल के प्रोपराइटर रंजीत कुमार सिन्हा और मारुति सेल्स के मनोज गुप्ता को दो-दो साल की सजा के साथ एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि यदि दोषी जुर्माना नहीं भरते हैं, तो उन्हें तीन-तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी।

## कब्र से युवती का शव निकाला गया, बाप ने बेटी की हत्या कर शव को दफन कर दिया था

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के गोंदा इलाके से एक सनसनीखेज खबर सामने आयी है। गोंदा इलाके में एक बाप ने अपने घरवालों के साथ मिल कर अपनी ही बेटी की हत्या कर उसके शव को दफन कर दिया। मृतक युवती की पहचान नदिया निगार के रूप में हुई है। मंगलवार को पुलिस ने युवती की बहन की शिकायत के बाद कब्रिस्तान से कब्र खोद कर शव को बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में बताया जा रहा है कि पिछले दिनों नदिया निगार इंटरव्यू देने के बाद अपने घर आयी थी, जिसके बाद उसके परिवार वालों ने गला घोंट कर पहले उसकी हत्या कर दी और बाद में शव को चांदनी चौक स्थित कब्रिस्तान में दफना दिया। बाद में पुलिस को इस मामले की जानकारी तब हुई, जब मृतका युवती की बहन निशात बानो ने गोंदा थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करायी। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस ने कब्रिस्तान से मृतक नदिया निगार के शव को निकाला। रांची के चांदनी चौक स्थित कब्रिस्तान से युवती का शव मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने निकाला गया।

**साइबर ठग गिरफ्तार, सामान बरामद :** रांची के साइबर सेल ने एक साइबर ठग राजकुमार सिंह को जगरनाथपुर थाना क्षेत्र के बंधुनगर से गिरफ्तार किया है। इसके पास से एक मोबाइल फोन, नौ पासबुक, तीन चेक बुक, छह एटीएम कार्ड, एक पेन कार्ड और तीन आधार कार्ड और पहचान पत्र बरामद किया गया है। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी यशोधरा के नेतृत्व में जगरनाथपुर थाना क्षेत्र में आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपित ने पैसा ठगी करने की बात स्वीकार की है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# कांग्रेस : शर्मिंदगी का नया अध्याय

राजस्थान कांग्रेस में जिस तरह का सीन बन गया है, वह पूरी पार्टी के लिए शर्मिंदगी का एक नया अध्याय है। संभवतः कांग्रेस के हालिया इतिहास में यह पहला मौका है, जब आलाकमान के निर्देश पर आये केंद्रीय ऑब्जर्वरों को इस तरह की अपमानजनक स्थिति से गुजरना पड़ा हो। हालांकि प्रदेश में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच छत्तीस का आंकड़ा कोई नहीं बात नहीं। मुख्यमंत्री पद की सचिन पायलट की आकांक्षा किसी से छिपी नहीं है। 2020 में तो इसे लेकर वह खुली बगावत तक कर चुके हैं। उस लिहाज से इसमें भी कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सीएम की कुर्सी अपने धुर विरोधी को देने के हक में नहीं हैं। मगर ये बातें तो सबको पता हैं। फिर आखिर वह कौन सी समझदारी थी, जिसके तहत कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व ने गहलोत को पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के लिए मनाया? औपचारिक तौर पर भले सोनिया गांधी और राहुल गांधी कहें कि वे इस चुनाव में निरपेक्ष हैं, लेकिन सारे संकेत यही बता रहे हैं कि गहलोत को दस जनपथ का आशीर्वाद हासिल था। और दस जनपथ को फिलहाल छोड़ भी दें तो गहलोत कैसे अध्यक्ष पद का प्रत्याशी बनने को तैयार हो गये? राष्ट्रीय अध्यक्ष और राजस्थान का मुख्यमंत्री दोनों पदों पर बने रहने की जो संभावना उन्होंने पिछले दिनों जतायी थी, उसी से यह स्पष्ट हो जाना चाहिए था कि अध्यक्ष पद पर गहलोत को बैठाने का विचार उपयुक्त नहीं है। लेकिन खुद गहलोत ने उस बयान से दूरी दिखाने के बाद जयपुर में जिस तरह का बवाल होने दिया, उससे प्रदेश कांग्रेस के सत्ता समीकरण में उन्हें जो भी तात्कालिक नफा-नुकसान हो, पार्टी के अंदर और बाहर एक वरिष्ठ नेता के रूप में उनकी छवि बुरी तरह प्रभावित हुई है। कांग्रेस नेतृत्व पर भी यह सवाल उठा है कि वह इतने गंभीर मसले को इतनी लापरवाही से कैसे ले सकता है? जिस नेता को संभावित अध्यक्ष माना जा रहा है, उसके गृह राज्य में उसकी मर्जी के बिल्कुल खिलाफ कोई कदम उसे विश्वास में लिए बगैर उठा लिया जायेगा, यह सोच भी कैसे लिया गया। यहां से आगे अब चाहे जो भी हो, इतना तय है कि पार्टी का कोई भी हिस्सा इस प्रकरण से नुकसान उठाये बगैर नहीं निकल पायेगा। गहलोत मुख्यमंत्री चाहे बने रह जायें, परिपक्व नेता के रूप में अपनी साख गंवा चुके हैं। अध्यक्ष पद की दौड़ से तो खैर वह बाहर हो ही गये हैं। सचिन पायलट के पास समर्थक विधायकों की संख्या बहुत कम है, यह एक बार फिर जाहिर हो चुका है। यहां से जितने भी कदम आगे बढ़ें आलाकमान की बैसाखी पर ही बढ़ेंगे। खुद आलाकमान की हनक पर भी पंजाब प्रकरण के बाद यह दूसरी बड़ी चोट है। अपनी मनवा ले जाये, तब भी उसकी पुरानी हनक तो तुरंत नहीं आने वाली।

**सचिन पायलट के पास समर्थक विधायकों की संख्या बहुत कम है, यह एक बार फिर जाहिर हो चुका है। यहां से जितने भी कदम आगे बढ़ें आलाकमान की बैसाखी पर ही बढ़ेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**मोदी ने न केवल अपने लोगों को एक साथ रखा है, बल्कि आलोचना के बावजूद अन्य पार्टियों को तोड़ा और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए लुभाया। और भी अधिक महत्वपूर्ण, उन्होंने संघ परिवार के केंद्रीय एजेंडों को पूरा किया है, जैसा कि राम मंदिर, कश्मीर में धारा 370 को हटाना तथा ट्रिपल तलाक, ऐसी संभावना है कि वह शीघ्र ही समान नागरिक संहिता का मुद्दा भी उठायेंगे।**

# राजनीतिक दलों ने 2024 के लिए अभी से कमर कस ली

**कल्याणी शंकर**



**मोदी बेशक 10 वर्षों से सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रहे हों, लेकिन भाजपा मोदी के जादू पर निर्भर है। मगर बहुत से प्रश्न भी हैं जैसे कि क्या मोदी हैट्रिक लगा पायेंगे? क्या विपक्ष एकजुट हो पायेगा? क्या राहुल गांधी एक सफल चुनौतीदाता के तौर पर उभरेंगे?**

भारत में राजनीतिक दलों ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अभी से योजना बनानी शुरू कर दी है। हालांकि अभी काफी समय पड़ा है। सत्ताधारी राजग तथा विपक्षी दल एक-दूसरे की तैयारियों पर नजर रखे हुए हैं। वे राजनीतिक माहौल के अनुसार अपनी रणनीतियों में बदलाव कर रहे हैं। 2024 में आगामी आम चुनावों के लिए मंच तैयार है। समानांतर आधार पर क्षेत्रीय दल संभवतः भाजपा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।

सत्ताधारी भाजपा की योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हैट्रिक करने की है, जबकि विपक्षी दल उन्हें पद से हटाने के लिए प्रयत्नशील हैं। दोनों पक्ष मोदी बनाम सभी की पृष्ठभूमि में 350 प्लस के लक्ष्य के साथ खुद को मजबूत बना रहे हैं। विपक्ष एकता के सपने देखता है, लेकिन इसे एक निर्णायक नुकसान है, क्योंकि यह अभी भी मोदी को चुनौती देने वाले किसी व्यक्ति की तलाश में है। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का अभाव संभवतः विपक्ष को नुकसान पहुंचा सकता है और भाजपा 'मोदी बनाम कौन' का ही प्रश्न उठायेगी।

**सत्ताधारी भाजपा की योजना पीएम नरेंद्र मोदी के लिए हैट्रिक करने की है।**

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, बिहार में नीतीश कुमार, दक्षिण में के चंद्रशेखर राव, एनके स्टालिन तथा उत्तर में अरविंद केजरीवाल के साथ भाजपा के सामने विभिन्न क्षेत्रों में निकट प्रतिद्वंद्वी हैं। विपक्षी गढ़ों में 200 से अधिक सीटें हैं। हिमाचल प्रदेश तथा गुजरात में इस वर्ष के आखिर में मतदान होगा तथा अगले वर्ष 6 महत्वपूर्ण राज्यों-कर्नाटक त्रिपुरा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ में चुनाव होने वाले हैं।

भाजपा को अपने दक्षिणी राज्यों (129 सीटें) में विजय प्राप्त करनी है जहां आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आड़े हाथ ले रहे हैं एवं अन्य महंगाई तथा बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा को घेरने की योजना बना रहे हैं। दूसरे, सही या गलत, भाजपा अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट है, इसके पास आकर्षित करने वाला नैरेटिव तथा चुनावी तैयारी, सक्रिय कैडर तथा चुनाव लड़ने के लिए अथाह कोष है। मोदी के पास सरकारी मशीनरी तथा कल्याणकारी योजनाएं एवं दिखाने के लिए कार्य हैं, जबकि क्षेत्रीय क्षत्रप अपने राज्यों में काफी मजबूत हैं।

मोदी ने न केवल अपने लोगों को एक साथ रखा है, बल्कि आलोचना के बावजूद अन्य पार्टियों को तोड़ा और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए लुभाया। और भी अधिक महत्वपूर्ण, उन्होंने संघ परिवार के केंद्रीय एजेंडों को पूरा किया है, जैसा कि राम मंदिर, कश्मीर में धारा 370 को हटाना तथा ट्रिपल तलाक, ऐसी संभावना है कि वह शीघ्र ही समान नागरिक संहिता का मुद्दा भी उठायेंगे। ये सब उनके निष्ठावान मतदाताओं को बनाये रखेंगे।

यद्यपि संसदीय बोर्ड में हालिया फेर-बदल तथा बिहार में गत माह जद (यू) द्वारा साथ छोड़ने से भाजपा के भीतर कुछ असंतोष पैदा हुआ है। फिर भी नेता भाजपा की अपनी नीतियों में संशोधन करने की क्षमता पर निर्भर है। भाजपा को भी अधिक सहयोगियों की जरूरत है। पार्टी ने आम चुनावों के लिए जोरदार तैयारियां शुरू कर दी हैं। हाल ही में नयी दिल्ली में आयोजित एक बैठक के दौरान लोकसभा के 144 कमजोर निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए एक ब्लू प्रिंट तैयार किया गया।

पार्टी ने उन 70 लोकसभा सीटों पर ध्यान केंद्रित करने का भी प्रस्ताव किया जहां वह कभी नहीं जीती। दूसरी ओर विपक्ष सुसंगत नहीं है तथा विभिन्न विचारधाराओं का एक मिश्रण है। उन सभी को आवश्यक तौर पर लेने-देने की भावना को अपनाना होगा। जहां क्षेत्रीय नेताओं ने अपने राज्यों में अच्छी कारगुजारी दिखायी है, उन्हें आवश्यक तौर पर एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम पर कार्य करना होगा, जो सभी सांझीदारों को स्वीकार्य हो। अपने खराब स्वास्थ्य के बावजूद देवेगौड़ा, लालू यादव, नीतीश कुमार तथा शरद पवार संभवतः पूर्व जनता निर्वाचन क्षेत्रों को एकजुट करने के लिए सहयोग कर सकते हैं।

कांग्रेस के साथ वे बहुदलीय राज्यों में मजबूती बना सकते हैं जैसे कि हरियाणा, कर्नाटक, बिहार, झारखंड तथा उत्तर प्रदेश। यहां लगभग 200 लोकसभा सीटें बनती हैं। राहुल गांधी की वर्तमान भारत जोड़ो यात्रा संभवतः कांग्रेस की मदद कर सकती है। उत्तर प्रदेश में एक मजबूत क्षेत्रीय दल समाजवादी पार्टी अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पहले ही घोषित कर दिया है कि वह कांग्रेस अथवा बसपा के साथ गठबंधन बनाने की योजना नहीं बना रहे लेकिन राष्ट्रीय लोकदल जैसी छोटी पार्टियों के साथ अपना गठजोड़ जारी रखेंगे।

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश, जहां लोकसभा की 80 सीटें हैं, के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के लिए 75 सीटों को लक्ष्य बनाया है। बसपा ने एक जोरदार सदस्यता अभियान शुरू किया है जिसमें पहले चरण के तौर पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 75000 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बसपा प्रमुख मायावती गत एक दशक के दौरान एक के बाद एक पराजय का सामना कर रही हैं लेकिन उनका एक ठोस दलित वोट बैंक है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाइएस जगनमोहन रेड्डी ने अपने विधायकों को चेतावनी दी है कि कारगुजारी दिखायें या सजा भुगतें। उन्होंने अपने विधायकों की एक डोर टू डोर यात्रा भी शुरू की है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी एक राष्ट्रीय भूमिका की आशा में एक राष्ट्रीय दल बनाने की योजना बना रहे हैं। 2024 तक सभी राजनीतिक खिलाड़ियों के लिए यह एक रोमांचक यात्रा होगी।

मोदी बेशक 10 वर्षों से सत्ता विरोधी लहर का सामना कर रहे हों, लेकिन भाजपा मोदी के जादू पर निर्भर है। मगर बहुत से प्रश्न भी हैं जैसे कि क्या मोदी हैट्रिक लगा पायेंगे? क्या विपक्ष एकजुट हो पायेगा? क्या राहुल गांधी एक सफल चुनौतीदाता के तौर पर उभरेंगे? पहली बार मतदान करने वाले मतदाता किसे प्राथमिकता देंगे? राजनीति में एक सप्ताह बहुत लंबा बताया जाता है। 2024 के चुनावों से पहले हमारे पास 18 महीने हैं। चुनावों के नजदीक तस्वीर स्पष्ट हो जायेगी। तब तक राजनीतिक पंडित अंधेरे में ही हाथ-पांव मार रहे हैं।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस का इतिहास और महत्व



**डॉ आशीष सरकार**

हर साल 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। चिकित्सा क्षेत्र में फार्मासिस्ट का बहुमूल्य योगदान है। सरल शब्दों में कहें तो फार्मासिस्ट रोगी की देखभाल करने के साथ ही चिकित्सक टीम के सदस्य होते हैं। विश्व फार्मासिस्ट दिवस अंतर्राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल फेडरेशन (एफआइपी) की एक पहल थी। विश्व फार्मासिस्ट दिवस की शुरूआत की बात करें, तो इस दिवस को मनाने का प्रस्ताव 2009 में तुर्की के इस्तांबुल में हुई एफआइपी काउंसिल की बैठक में रखा गया था। इस दिन का उद्देश्य फार्मेसी फील्ड को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया था. 25 सितंबर का दिन चुनने के पीछे की वजह यह थी कि इसी दिन 1912 में इंटरनेशनल फार्मास्युटिकल फेडरेशन की स्थापना हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य फार्मेसी से जुड़े लोगों के सराहनीय कार्यों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करना है। साथ ही फार्मेसी क्षेत्र को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है। हर साल यह दिवस एक खास थीम पर आधारित होता है, जिसे अंतरराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल फेडरेशन तय करता है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय फार्मासिस्ट दिवस 2022 की थीम 'एक स्वस्थ दुनिया के लिए कार्रवाई में फार्मेसी एकजुट' है। चिकित्सा क्षेत्र में फार्मसिस्ट का अहम योगदान है। खासकर कोरोना महामारी के दौर में फार्मासिस्ट ने अहम भूमिका निभायी है। दुनियाभर में फार्मासिस्टों ने कोरोना महामारी में अपनी जान की परवाह न कर लोगों की जान बचायी। इसके लिए फार्मासिस्ट को फ्रंट लाइन वर्कर्स कहा जाता है और जब टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई, तो सबसे पहले फ्रंट लाइन वर्कर्स को ही टीका दिया गया। फार्मासिस्ट आपात स्थिति में रोगी के लिए देवदूत समान हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में फार्मासिस्ट आपातकालीन समय में गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीज को उचित दवाएं देकर उनको तत्काल राहत देते हैं। इसके बाद पीड़ित को अस्पताल ले जाने की सलाह ही जाती है। दुनिया के सभी कोनों में स्वास्थ्य सुविधा में सुधार आ सके, इसलिए भी इस दिन की महत्ता है। फार्मासिस्ट कारण हैं कि वे दुनिया को सभी के लिए एक बेहतर जगह बनाने के लिए अपने अनुभव, ज्ञान और विशेषज्ञता का उपयोग करते हैं। वे लोगों तक दवाईयां पहुंचाने में सक्षम हैं और लोगों को सलाह देने के लिए कि उन्हें सही तरीके से कैसे लें। जहां फार्मासिस्ट वहां हर कोई सुरक्षित, प्रभावी, गुणवत्ता, बेहतर दवाईयां और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ दवा देखभाल सेवाओं का भी लाभ ले सके। विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर सभी फार्मासिस्टों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**(लेखक : वाइबीएन यूनिवर्सिटी रांची के स्कूल ऑफ फार्मेसी के डीन हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### किसान मित्रों ने मानदेय लागू कराने की मांग की

# विधायक समीर महंती के आवास पर धरने पर बैठे

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**चाकुलिया।** बहरागोड़ा प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में काम कर रहे कृषक मित्रों ने मंगलवार को मानदेय लागू कराने की मांग को लेकर चाकुलिया विधायक समीर महंती के आवास पर धरना दिया। किसान मित्रों ने विधायक के अनुपस्थित परउनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि वे सभी सरकार द्वारा निर्देशित हर कार्य को इमानदारी पूर्वक करते आ रहे हैं। कहा कि कृषक मित्रों के चयन हुए 11 वर्ष बितने के पश्चात आज तक उन्हें सम्मान जनक मानदेय भी लागू नही किया गया है। मानदेय नहीं मिलने से उन्हें कार्य करने और परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कृषक मित्रों ने मांग किया है कि कुशल मजदूर के मजदूरी के बराबर मानदेय लागू किया जाये, 65 वर्ष तक उम्र सीमा सुनिश्चित किया जाये और बीमा भत्ता दिया जाये, कृषि विभाग के सारे बहाली में 50 प्रतिशत आरक्षण देने समेत अन्य मांगें शामिल हैं। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष भवतारन बट्टोबयाल, प्रणव उपाध्याय, तपन पैईरा, मीराल काटी, सत्यनाथ पैईरा, स्वरूप कुईला, खोकन मुंडा, ज्योतिर्मय पात्रा, आशुतोष कुईला, अमलेन्दु घोष, सुजीत भादरा, हाबलु नायेक उपस्थित थे।

# चोरी के जेवर के साथ चार गिरफ्तार

## तीन चोरी के मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर कर साकची पुलिस ने एक बार तीन बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हेलमेट चेकिंग के दौरान पुलिस को देख भाग रहा तीन अपराधी को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों में जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड का रहने वाला सत्यम शर्मा उर्फ पंडित,बागबेड़ा रोड नंबर एक का रहने वाला हर्ष कुमार देव, बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर 2 गणेश नगर का रहने वाला सूरज कामर सिंह शामिल है।मंगलवार को एएसपी सुभांशु जैन ने घटना की खुलासा करते हुए बताया तीनों आरोपी को मोटरसाइकिल चेकिंग में पकड़ा गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी के पास से चोरी के तीन मोबाइल और एक मोटरसाइकिल पुलिस ने बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया जुगसलाई क्षेत्र के दो चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी किए गए गहने जुगसलाई नया बाजार का रहने वाला सोनार कृष्ण मोहन ठाकुर को बेचा गया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने सोनार कृष्ण मोहन ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बताया जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड का रहने वाला सत्यम शर्मा उर्फ पंडित,बागबेड़ा रोड नंबर एक का रहने वाला हर्ष कुमार देव, बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर 2 गणेश नगर का रहने वाला सूरज कुमार सिंह है। फिलहाल पुलिस चोरी किए गए जेवर सोनार के पास से बरामद कर लिया।

### चाईबासा के मनोहरपुर में हाथियों का उत्पात

# जंगली हाथियों ने बुजुर्ग महिला की ली जान, एक शख्स घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के मनोहरपुर प्रखंड में हाथियों का उत्पात जारी है। इस बार कोलपोटका पंचायत के गांव धानापाली में मंगलवार की अहले सुबह जंगली हाथियों के झुंड ने गांव में जम कर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों ने धान के फसलों को भी तहस नहस कर डाला। इसके अलावा इन हाथियों ने एक बुजुर्ग महिला करमी महतो को कुचल डाला, जिससे घटना स्थल पर ही महिला की मौत हो गयी। इस दौरान हाथियों ने गांव के एक व्यक्ति को भी घायल कर दिया है।

जानकारी अनुसार गांव में उत्पात मचाने के बाद जंगली हाथियों का झुंड गांव के नजदीक सुकड़ा जंगल की ओर चला गया। मंगलवार सुबह गांव में अचानक जंगली हाथियों के आंतक से ग्रामीणों में खौफ और दहशत व्याप्त है। घटना की जानकारी मिलने पर कोलपोटका पंचायत के मुखिया अजीत तिर्की ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया। साथ ही इस घटना के बारे स्थानीय पुलिस और वन विभाग को सूचना दी है, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कारवाई में जुट गयी है। साथ ही मुखिया तिर्की ने वन विभाग से जंगली हाथियों से ग्रामीणों की सुरक्षा व जानमाल व क्षतिपूर्ति के लिए उचित मुआवजा देने की मांग की है।

बता दें कि चाईबासा ही नहीं, बल्कि राज्य के कई ग्रामीण इलाकों में हाथियों का उत्पात जारी है। आये दिन जंगली हाथियों के गांवों में घुसकर फसलों को बर्बाद करने, घरों को तोड़ने और यहां तक कि इंसानों की जान लेने की खबरें भी आती रहती है। इधर इंसानों के भी हाथी पर हमलावार होने की खबरें आती है। साल 2022 के बीते आठ महीने की बात करें तो हाथियों के हमले में जहां 55 लोगों ने जान गंवाई है। वहीं, अलग-अलग वजहों से 10 हाथियों की भी मौत हुई है।

# मनिफिट समृद्धि संघ के जागरण में शामिल हुए अमरप्रीत सिंह काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नवरात्रि के पावन अवसर पर मनिफिट हनुमान मंदिर में मनिफिट समृद्धि संघ की ओर से आयोजित जागरण में भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। दीप प्रज्वलित एवं पूजन करके माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। काले ने नवरात्रि के सुभ अवसर पर उपस्थित सभी को बधाई एवं मंगलकामनाएं दी और साथ मिलजुल कर इसी तरह लोग माँ भगवती की आराधना एवं आशीर्वाद प्राप्त करें इसकी कामना की। काले ने कहा कि ऐसे आयोजन में शामिल होकर भक्ति रस में आनंदित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा की माता रानी की कृपा से देश में आपसी भाईचारा, प्रेम और खुशहाली सदा बनी रही। शहर के नामचीन भजन गायक कृष्णामूर्ति एवं टीम ने माता रानी के भजनों की बारिश ही मानो कर दी। श्रोताओं ने खूब आनंद लिया और माता के जयकारों से मानो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया हो। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में माताएं बहनें और बड़े बुजुर्ग एवं कई युवा उपस्थित थे, जहां भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से आयोजनकर्ता बलदेव रजक, प्रकाश रजक, राजहंस, मनीष श्रीवास्तव, रोहित कुमार एवं अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।

**क्षेत्र भ्रमण :** मेराल लाठीचार्ज के बाद की गयी कार्रवाई में घायल व्यवसायियों से मिले मंत्री मिथिलेश, कहा

# घटना प्रायोजित थी, दोषियों पर होगी कार्रवाई

शांति व्यवस्था कायम होने के बाद सीओ का पुलिस बल के साथ आकर व्यवसायियों के साथ की गई मारपीट की घटना काफी निंदनीय है

प्रथमदृष्टया दोषी पदाधिकारियों को यहां से हटा दिया गया है, जांच के बाद उन पर कार्रवाई होगी।



**बलराम शर्मा**

**मेराल।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मेराल बस स्टैंड के व्यवसायियों से मिलकर उनका हाल जाना। इस दौरान व्यवसायी संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार जायसवाल, शमीम अंसारी, अतहर अली के द्वारा मंत्री जी को पिछले दिनों मेराल थाना पर हुए लाठीचार्ज के बाद बस स्टैंड में व्यवसायियों पर अंचलाधिकारी द्वारा बर्बरता पूर्वक पिटाई कराने की घटना की जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस एवं पदाधिकारियों के द्वारा बर्बरतापूर्वक की गई पिटाई में घायल कई लोगों ने अपनी टूटी हुई हाथ तथा लोहे के रड से की गई पिटाई का घाव दिखाया गया।

मंत्री ने व्यवसायियों की व्यथा को सुनने के बाद कहा कि लाठीचार्ज के बाद शांति व्यवस्था कायम होने के बाद अंचलाधिकारी द्वारा पुलिस बल के साथ मेराल बस स्टैंड में आकर व्यवसायियों के साथ की गई मारपीट की घटना काफी निंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रथमदृष्टया दोषी पदाधिकारियों को यहां से हटा दिया गया है, जांच के बाद उन पर कार्रवाई होगी। साथ ही मेराल थाना घेराव की घटना को उन्होंने प्रायोजित बताते हुए कहा कि हासनदाग के लोग शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे थे। उसमें कुछ उपद्रवियों के द्वारा पुलिस पर पथराव किया गया, जिससे पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस घटना में अधिकांश निर्दोष लोग जेल चले गये हैं और दोषी लोग बाहर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा डीआईजी की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनायी गयी है, जो जांच कर सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। मंत्री ने जोर देकर कहा कि जांच के बाद निर्दोष लोग बाहर होंगे तथा घटना के साजिशकर्ता पर सख्त कार्रवाई होगी। मंत्री ने बड़ी संख्या में उपस्थित व्यवसायियों तथा आम लोगों को निर्भीक होकर अपने काम में लगने तथा उत्तरोत्तर विकास की शुभकामनाएं दी।

## 14 वर्ष से अधूरा पड़ा सामुदायिक भवन को मंत्री मिथलेश निजी कोष से करायेंगे पूरा, पूजा कर कार्य शुरू कराया

क्षेत्र में कोई भी समस्या हो उसे प्राथमिकता के आधार पर हर हाल में दूर की जाएगी : मिथिलेश ठाकुर



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के पश्चिमी पंचायत सचिवालय के बगल में पिछले 14 वर्षों से अधूरा पड़ा सामुदायिक भवन का कार्य को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर अपने निजी कोष से पूर्ण करायेंगे। उन्होंने मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों के चिर प्रतीक्षित मांग को अपने निजी कोष से पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने मेराल मुख्यालय के लिए महत्वपूर्ण अधूरे पड़े सामुदायिक भवन के कार्य को नवरात्र में ही प्रारंभ करने की बात कहते हुए तत्काल पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर कार्य को प्रारंभ कराया। बता दें कि मेराल के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर में आसपास कई गांवों के लोग यहां पूजा अर्चना के साथ-साथ शादी विवाह करने आते हैं। यहां कोई बड़ा हॉल नहीं रहने की वजह से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

यहां 2007 में तत्कालीन सांसद घूरन राम द्वारा अपने सांसद मद से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया था कि दोबारा चुनाव जीतने के बाद इसकी फिनिशिंग तथा साज-सज्जा के लिए पैसा दिया जाएगा। परंतु वे दोबारा सांसद नहीं बने जिसके कारण यह भवन अधूरा पड़ा था। मंत्री श्री ठाकुर ने यहां के लोगों की चिरप्रतिक्षित मांग को देखते हुए बहुद्देशीय अधूरे पड़े सामुदायिक भवन के कार्य को अपने निजी कोष से पूरा कराने की घोषणा की। शिलान्यास के अवसर पर मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी समस्या हो उसे प्राथमिकता के आधार पर हर हाल में दूर की जाएगी।

## विधायक निधि से रौशन होगा गढ़वा शहरी क्षेत्र

मंत्री मिथिलेश ने अपने विधायक निधि से 10 लाख रुपये स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए किया निर्गत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र अब विधायक निधि की राशि से रौशन होगा। दुर्गा पूजा के मौके पर भी शहर के विभिन्न चौक-चौराहों एवं गलियों में फैला अंधेरा यथाशीघ्र दूर हो जाएगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए अपने विधायक निधि से 10 लाख रुपये प्रदान किया है। इसके लिए मंत्री श्री ठाकुर ने उप विकास आयुक्त को तत्काल नगर परिषद के लिए राशि विमुक्त करने का निर्देश दिया है।

मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि कई लोगों ने लंबे समय से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट खराब होने के कारण हमेशा अंधेरा होने की जानकारी दी थी। जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तत्काल नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को यह समस्या को दूर करने का निर्देश दिया। परंतु कार्यपालक पदाधिकारी ने राशि का अभाव होने के कारण स्ट्रीट लाइट लगाने में असमर्थता जतायी। मंत्री ने दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ आदि आगामी पर्व त्यौहार को देखते हुए शहर में रोशनी की पूर्ण व्यवस्था प्रदान किया। इसके लिए तत्काल अपने विधायक निधि से 10 लाख रुपये स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए निर्गत किया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने अथवा खराब होने के कारण अंधेरा छाया हुआ रहता है। मंत्री श्री ठाकुर ने इस कार्य के लिए 10 लाख उपलब्ध कराया है। सप्तमी से पूर्व पूरे शहर में करीब 225 नया स्ट्रीट लाइट लगा लिया जाएगा। साथ ही खराब पड़े पुराने स्ट्रीट लाइट की भी मरम्मत करा दी जाएगी।

## झामुमो केंद्रीय समिति ने धीरज दुबे को झामुमो का केंद्रीय प्रवक्ता किया मनोनीत



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति ने गढ़वा के जिला प्रवक्ता धीरज दुबे को केंद्रीय प्रवक्ता के रूप में मनोनित किया है। केंद्रीय कार्यालय ने 14 नेताओं की सूची जारी कर उन्हें अखबार-मीडिया में पार्टी की बात रखने हेतु अधिकृत किया है। इस सूची में पलामू प्रमंडल से धीरज दुबे प्रवक्ता के रूप में इकलौते नेता हैं। सूची जारी होने पर धीरज दुबे ने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि छात्र राजनीति से ही मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उन्हें मार्गदर्शन देकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं उनके कुशल नेतृत्व में पार्टी को और मजबूत करने का काम करेंगे। प्रवक्ता मनोनीत होने पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिलापरिषद अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, उपाध्यक्ष मुकेश सिंह झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, कोषाध्यक्ष हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, सूर्यदेव मेहता, विकास कुशवाहा, आशीष अग्रवाल संयुक्त सचिव विद्यापति ऋषि, नीरज तिवारी, धनंजय पासवान, दिलीप गुप्ता, इमाम हुसैन, रन्था नायक, आशुतोष पांडेय, राजा सिंह, प्रियम सिंह, आनंद यादव, सूरज चंद्रवंशी, विवेक सिंह, चंदन पासवान, संजय चौधरी, अभिषेक धर दुबे, गुंजन धर दुबे, मुखिया प्रतिनिधि राजन उरांव, जितेंद्र दुबे, सद्दाम हुसैन, नवीन तिवारी ने बधाई दी।

## कांडी थाना व हरिहरपुर ओपी ने अवैध शराब के विरुद्ध की कार्रवाई

छापामारी कर दो दिनों के अंतराल में चार क्विंटल से अधिक जावा महुआ किया नष्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव, टोले व स्थानों में अवैध तरीके से महुआ शराब बनाने वाले लोगों के घरों व अन्य जगहों पर लगातार महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त किया जा रहा है।

छापेमारी की जानकारी देते हुए कांडी थाना प्रभारी फैज रब्बानी ने कहा कि लमारी, घोड़दाग, भिलमा इन तीन गांवों में सोमवार की रात्रि में शराब बनाने में प्रयोग किये जाने वाले एक क्विंटल जावा महुआ को पुलिस के द्वारा नष्ट कर दिया गया।

वहीं दूसरी ओर हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने भी सोमवार को अवैध तरीके से चलाये जा रहे देसी शराब के खिलाफ कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि अवैध तरीके से कार्य करने वाले के खिलाफ लगातार प्रशासनिक कार्रवाई जारी रहेगी। छापेमारी के दौरान लोहरगड़ा गांव के रांची टोला में सोमवार की देर शाम सर्च अभियान चलाकर एक क्विंटल जावा महुआ को नष्ट किया गया तथा शराब बनाने वाले विभिन्न प्रकार के उपकरणों को भी नष्ट किया गया। शराब निर्माण कर रहे संलिप्त लोगों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।

ओपी प्रभारी के द्वारा सख्त आदेश भी दिया गया है कि अवैध तरीके से काम करने वाले लोग अपने आप से सुधर जायें, अन्यथा प्रशासनिक कार्रवाई भी भुगतने को तैयार रहें। अवैध शराब बनाने में संलिप्त लोगों ने कहा कि अब इस तरह की शिकायत का मौका प्रशासन को नहीं मिलेगा। अक्सर ग्रामीण क्षेत्र के घरों में अपने आप के द्वारा सेवन करने की बात भी कही गयी। जिस पर प्रभारी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को नशा में संलिप्त रहना ही जरूरी नहीं है। नशा में संलिप्त रहना ही पिछड़ने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। मौके पर सर्च के दौरान पुलिस बल व स्थानीय चौकीदार मौजूद थे।

## हृदय एवं स्वास्थ्य जांच शिविर 29 को

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के जिलाध्यक्ष के के यादव ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय वरीय नागरिक दिवस दिनांक 29 सितंबर 2022 को होना है। इस अवसर पर डॉ पंकज कुमार प्रभात के द्वारा अपने क्लीनिक परिसर में वरीय नागरिकों का हृदय एवं स्वास्थ्य चेकअप हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में वरिष्ठ नागरिकों को उनके हृदय की जांच की जानी है। विदित हो कि डॉ कुमार पंकज प्रभात इसी माह में डीएम कार्डियोलॉजी की डिग्री प्राप्त कर तीन वर्षों के बाद लौटे हैं। झारखंड पेंशनर कल्याण समाज गढ़वा के आग्रह पर उन्होंने उक्त शिविर के लिए सहमति प्रदान की है। अतः आप सभी पेंशनरों से आग्रह है कि उक्त निर्धारित तिथि को निश्चित समय पर उपस्थित होकर अपने अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराना सुनिश्चित करें।

## प्रमुख ने सीओ से मांगा स्पष्टीकरण

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड प्रमुख शोभा देवी ने कार्य में लापरवाही बरतने एवं दिशा-निर्देश की अवहेलना करने पर सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव से पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर लिखित या मौखिक स्पष्टीकरण की मांग की है। अन्यथा की स्थिति में विभगीय कार्रवाई की बात कही। पत्र में प्रमुख शोभा देवी ने जिक्र किया है कि बीते 15 अगस्त 2022 को बनसानी पंचायत के ग्रामीणों द्वारा गांव की सड़क अतिक्रमणमुक्त कराने, अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण के क्रम में अनुपस्थित पाये गए पांच अंचल कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने के साथ ही प्रखंड के सभी राजस्व कर्मचारियों को पंचायतवार स्थांतरण करने हेतु पत्र लिखा गया था किन्तु सीओ द्वारा इनमें से कोई भी बिंदु पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गयी। निर्देश की अवहेलना से नाराज प्रमुख ने सीओ से स्पष्टीकरण मांगा है।

## सीओ ने बैठक कर ग्रामीणों को दी वन अधिकार अधिनियम की जानकारी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** अंचल कार्यालय के सभागार में अंचल पदाधिकारी मदन महली ने फकीराडीह एवं पाट गांव के ग्रामीणों के साथ बैठक कर वन अधिकार अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गांव के आदिवासी लोग बहुत दिनों से वन भूमि पर स्वतंत्र रूप से जोत-कोड़ कर रहे हैं, उनका कब्जा है। वे लोग वन अधिकार के तहत अपना आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की जांच के बाद उनकी वन अधिकार अधिनियम के तहत भूमि प्रदान करने के लिए संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोग व्यक्तिगत रूप से भी आवेदन कर सकते हैं। बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि वे पहले कई बार वन अधिकार के तहत आवेदन दिये हैं। परंतु उनके आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बैठक में वन अधिकार के तहत सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक बताया गया। बैठक में पाट, फकीराडीह वन समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्य सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## राधिका नेत्रालय में दूसरे दिन 26 लोगों का किया गया निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन

यह शिविर लगातार जारी रहेगा : निदेशक डॉ सुशील कुमार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित सदर प्रखंड के चिरोंजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए दूसरे दिन शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन इसमें 160 लोगों की जांच की गयी थी। शिविर में आंखों के साथ साथ वजन, रक्तचाप व शरीर का तापमान व ऑक्सीजन लेबल की भी जांच की गयी। जांच के दौरान कुल 85 मोतियाबिंद के मरीज पाए गए थे।

मंगलवार को बाहर से आये हुए डॉ धीरज प्रसाद राधिका नेत्रालय के निदेशक डॉ सुशील कुमार के द्वारा 25 लोगों का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। जानकारी देते हुए डॉ सुशील कुमार ने बताया कि सोमवार को धुरकी व मझिआंव प्रखंड के कुल 26 लोगों का निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया था। आज मंगलवार को 25 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। यह शिविर लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अब तक 189 लोगों का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट परशुराम पासवान, एएनएम सुषमा कुमारी, संगीता कुमारी सहयोगी अंजली कुमारी व सरिता कुमारी आदि का अहम योगदान रहा।

## दुर्घटना में घायल युवक की मौत पर गांव में मातम

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर टाऊनशिप रोड में दुलहर पुल के समीप रविवार की शाम बाइक दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गए थे। घायलों में टाऊनशिप निवासी मंतेश मुंडा, विशुनपुरा के पातो निवासी जितेन्द्र बैठा, रंजन कोरवा शामिल थे। समुदायिक स्वास्थ केंद्र भवनाथपुर से प्राथमिक उपचार के बाद रंजन कोरबा और जितेन्द्र बैठा को सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं सदर अस्पताल से रंजन कोरबा रिम्स रेफर किया गया, जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई। शव गांव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया गया।

झारखण्ड सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
मुख्य अभियंता का कार्यालय
102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

शुद्धि पत्र

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के ई–निविदा आमंत्रण संख्या–**22/2022-23/RWD/HAZARIBAGH,** दिनांक–22.09.2022, PR NO.- **278411** के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या- **22/2022-23/RWD/HAZARIBAGH** के स्थान पर ई–निविदा संख्या- **56/2022-23/RWD/HAZARIBAGH** पढ़ा जाए।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR.NO.278720 Rural Work Department(22-23):D

झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा।
''भर्त्ती कैम्प, दिनांक : 30.09.2022''
–: सूचना :–

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : 30.09.2022 को जिला नियोजनालय, कोडरमा कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक एक दिवसीय ''भर्त्ती कैम्प'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठान ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| S.N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification Essential | Age | Pay & Allow. (in hand) | Exp. | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | M/s. Prerna Group , D 67, 4th Floor, Sect.-02, Noida (UP) For :- a) Bajaj Motor Ltd., | Trainee | 50 | ITI Fitter | 18-28 yrs | Rs. 10,500/PM | Fresher | 8 Hour's Duty |
| | | Trainee | 100 | Diploma in Mechanical | 18-28 yrs | Rs. 12,500/PM | Fresher | 8 Hour's Duty |
| | b) KHY Electronics India Pvt. Ltd., | Trainee | 150 | ITI Electrical/Electronics | 18-28 yrs | Rs. 10,800/ & Ra. 11,940/ PM | Fresher | 8 Hour's Duty |
| | | Trainee | 100 | Diploma Electrical/Electronics | 18-28 yrs | Ra. 13,000/ PM | Fresher | 8 Hour's Duty |
| | c) Him TecKno forge Ltd., | Trainee | 200 | ITI Fitter/Machinist/ Turner | 18-28 yrs | Rs. 13,500/ PM | Fresher | 10 Hour's Duty |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त ''भर्त्ती कैम्प'' में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOPका दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है। अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगे। इस निमित किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 278698 Labour Employment and Traning(22-23)D

**शारदनीय नवरात्र :** जय मां शेरावाली संघ पूजा पंडाल प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

## कथा वाचक आकाश कृष्ण भार्गव को मां की चुनरी ओढ़ा कर किया सम्मानित

प्रसिद्ध समाजसेवी व्यवसायी राकेश पाल व वार्ड पार्षद रिंकू देवी ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के सभी पूजा पंडाल में शारदीय नवरात्र पर्व के दौरान नवरात्रि में दूरदराज से आये विद्वान पंडित पुरोहित कथा वाचक के द्वारा सभी जगह प्रवचन एवं रमायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। वहीं नगर परिषद के वार्ड 21 भगलपुर मुहल्ले में भी जय मां शेरावाली संघ पूजा पंडाल के प्रांगण में श्री राधा सर्वेश्वर भगवान महाकाल महाराज की कृपा से एवं मां भगवती जगतजननी के आशीर्वाद से मालवा माटी के सस्वर प्रवक्ता कथाव्यास परम पूज्य पंडित आकाश कृष्ण भार्गव जी महाराज जो उज्जैन से आये हैं, उनके द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन गढ़वा जिले में प्रसिद्ध समाजसेवी व्यवसायी राकेश पाल व वार्ड पार्षद रिंकू देवी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर पूजा समिति के सभी सदस्य एवं भक्त गण उपस्थित थे। वहीं समाजसेवी राकेश पाल ने कथा वाचक आकाश कृष्ण भार्गव जी को सम्मान पूर्वक मां की चुनरी ओढ़ाकर समानित किया। साथ ही महराज जी के साथ आये सभी को अतिथियों को भी वार्ड पार्षद एवं जय मां शेरावाली संघ के संयोजक अध्यक्ष एवं संरक्षक ने चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित किया। दौलत सोनी के जानकारी देते हुए कहा कि इस नवरात्र में संघ के द्वारा भागवत कथा का आयोजन 26 सितंबर से 02 अक्टूबर 2022 तक समय शाम 07 से रात्रि 10 बजे तक होगा।

मौके पर अध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष चंदन पासवान, शिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार, विशाल कुमार, उप कोषाध्यक्ष शुभम गुप्ता, सत्यम गुप्ता, सचिव सुनील कुमार, पंकज विश्वकर्मा, दीपक गुप्ता, उप सचिव रवि रंजन कुमार, सोनू कुमार, अविनाश कुमार, मंत्री उत्तम कुमार, उज्जवल गुप्ता, संरक्षक संत कुमार गुरुजी, संजय चौधरी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुशवाहा, दिनेश साहू, शिवम कुमार सहित बडी संख्या में माताएं-बहनें व बच्चे उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 28 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# उपविकास आयुक्त ने किया शहरी जलापूर्ति अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त के निर्देश पर उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने मंगलवार को नगर पंचायत, खूंटी में निमार्णाधीन शहरी जलापूर्ति एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इलेवेटेड सर्फेस रिजर्वायर को युद्धस्तर पर कार्य करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। डीडीसी ने निर्देश दिए कि कार्य में आवश्यकता के अनुरूप तकनीकी प्रक्रियाओं को गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा किया जाय। मौके पर ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन योजना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश अधिकारियों को दिये गये। उन्होंने एक माह के अंदर प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत को निर्देशित किया गया कि प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में डंपिंग यार्ड निर्माण, शेड निर्माण, पार्क एरिया के निर्माण कार्यों के तेजी लाने की बात कही गयी। निरीक्षण के दौरान शहरी जलापूर्ति का निरीक्षण किया गया। इसमें सम्बन्धित एजेंसी को निर्देश दिया गया कि कार्यों में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। उन्होंने कहा कि खूंटी शहरी जलापूर्ति का लक्ष्य शहर वासियों को 24 घंटे जलापूर्ति करना है।

# वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की हस्त निर्मित वस्तुओं की खरीदारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत बनाने की पहल पर मंगलवार को आयोजित वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम में भाजपा कार्यकताओं ने ग्रामीण कारीगरों द्वारा हस्त निर्मित वस्तुओं की खरीदारी की। और बढ़ावा देंने के लिए कारीगरों को प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी कृष्णानंद तिवारी, सह प्रभारी महामंत्री बिनोद नाग ने भी ग्रामीण कारीगरों का हालचाल लिया और लोगों को स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कैलाश राम, महामंत्री शशांक शेखर राय, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामानंद साहू, नगर अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, मदन मोहन गोप, बालकिशुन महतो, निखिल कंडुलना, आहलाद मुंडा, राजू महतो आदि शामिल थे।

# 36वें राष्ट्रीय खेल में टीम ऑफिशियल बनाये गये हेजाज असदक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** गुजरात के अहमदाबाद में एक से तीन अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेल में खूंटी के हेजाज असदक को झारखंड रोइंग टीम का टीम ऑफिशियल बनाया गया है। टीम मैनेजर धनबाद के रंजीत केशरी को बनाया गया है। प्रतियोगिता में शामिल होंनें के लिए हेजाज असदक 29 अक्टूबर को अहमदाबाद के लिए रवाना होंगे। ज्ञात हो कि झारखंड रोइंग टीम में कुल 11 खिलाडियों ने राष्ट्रीय खेल के लिए क्वालीफाई किया था। रोइंग टीम का इवेंट दिनांक एक से तीन अक्टूबर तक अहमदाबाद में संपन्न होगा। टीम के पदाधिकारियों का चयन झारखंड ओलिंपिक संघ द्वारा किया गया है। हेजाज असदक को टीम ऑफिशियल बनाये जाने पर झारखंड रोइंग टीम के अध्यक्ष सुरेश कुमार तथा महासचिव केके सिंह सहित संघ के कई पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है और शुभकामनाएं दी।

# राशन दुकान से कार्ड धारियों को दो माह का अनाज नहीं मिला, डीसी को सौंपा ज्ञापन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के आदिवासी बहुल सालगाडीह गांव के लाभुकों के बीच संबंधित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा अगस्त और सितंबर माह के राशन का वितरण अब तक नहीं किया गया है। गांव के कार्ड धारियों को राशन दुकान से लगातार दो माह का अनाज नहीं मिलने से नाराज दर्जनों ग्रामीण मंगलवार को खूंटी पहुंचे और उपायुक्त शशि रंजन को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि राशन नहीं मिलने कें संबंध में डीलर से पूछने पर बार-बार यही जवाब दिया जाता है कि अगस्त और सितंबर माह के राशन का उठाव नहीं हुआ है, इस कारण राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। इस बीच कुछ कार्ड धारियों से राशन डीलर ने कहा कि इस बार फ्री वाला राशन नहीं मिला है, सिर्फ पैसा वाला राशन ही वितरण के लिए दिया गया है। ज्ञापन में उपायुक्त से गुहार लगाई गई है कि उक्त दो माह के राशन का वितरण लाभुकों के बीच कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्रामप्रधान सोमरा मुंडा, मोंगोल मुंडा, लोर सिंह मुंडा, मंगत राम मुंडा, सोमा मुंडा, लांचू टूटी, पातर मुंडा, शंकर मुंडा सहित बड़ी संख्या में अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# सभी डीलर लाभुकों को तीस तक राशन वितारत करें : बीएसओ

**डकरा (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड के सभी डीलरों को एनएफएसए के तहत एक माह का चावल व गेहूं उपलब्ध करा दिया गया है, जिसे हर हाल में 30 सितम्बर तक वितरित किया जाना है। उक्त जानकारी प्रभारी बीएसओ रामपुकार प्रजापति ने दिया। उन्होंने क्षेत्र के सभी डीलरों से कहा है कि लाभुकों के बीच उक्त अनाज का वितरण तेजी से करने का काम करें। साथ ही कहा कि समय कम है इसलिये 30 सितम्बर तक अनाज का वितरण हर हाल में करें। उन्होंने कहा कि वे सभी दुकानों का निरीक्षण करेंगे और दुकान नहीं खुलने पर इसकी रिपोर्ट कर भेजी जाएगी और जो डीलर निर्धारित समय में अनाज वितरण नहीं करेंगे उस पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**आंदोलन :** मानदेय लागू करने की मांग को लेकर कृषक मित्रों का तीन दिवसीय धरना शुरू, कहा

# कार्य करने के बावजूद अब तक मानदेय लागू नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण : विक्की राज

संघ के आह्वान पर इस धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के कृषक मित्र शामिल हुए



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कृषक मित्रों का मानदेय लागू करने की मांग को लेकर झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के निर्देश पर कृषक मित्र महासंघ खूंटी जिला के कृषक मित्रों का उपायुक्त कार्यालय के समक्ष तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन मंगलवार को शुरू हुआ।

मंगलवार से गुरुवार तक लगातार तीन दिनों तक आयोजित होनेवाले धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष विक्की राज कर रहे हैं।

मौके पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि कृषि विभाग के संपूर्ण कार्यों सहित कृषि मित्रों द्वारा केसीसी भरवाना, मिट्टी जांच, पीएम किसान, ई केवाइसी, चुनाव कार्य और अंचल का कार्य भी किया जाता है, लेकिन दुर्भाग्य है कि अब तक कृषि मित्रों का मानदेय लागू नहीं किया गया है। कृषक मित्रों का मानदेय लागू करने की मांग को लेकर ही 27 से 29 सितंबर तक उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

संघ के आह्वान पर इस धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों के कृषक मित्र शामिल हुए। भूख हड़ताल में जिला उपाध्यक्ष अनिल महतो, कार्यकारिणी सदस्य गजाला परवीन, अरविंद गोप, मुन्ना हेरेंज, साबिर अंसारी, प्रताप सिंह, राजेश कुमार बड़ाईक, राजेंद्र महतो, प्रीति सिंह, कृष्णा महतो, कलेश्वर मांझी, जीता कुजूर, प्रमोद साहू, करमा मुंडा, विशाल राम, राजू पहान, बबलू साहू, विलियम गुड़िया, बबलू साहू, हरिश्चंद्र सिंह, पांडे मुंडा, जलेश्वर नाग, मंगरा मुंडा आदि शामिल थे।

# कोयला अधिकारियों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय

कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन पिपरवार कोर कमेटी की हुई बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोल माइंस ऑफिसर एसोसिएशन पिपरवार कोर कमेटी की बैठक बचरा संगम विहार में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार एरिया अध्यक्ष डीपी रोय और संचालन एरिया सचिव सुभोजित हलदर ने किया। इस बैठक में कोयला अधिकारियों के कई समस्याओं पर विस्तार रूप से चर्चा की गई। एसोसिएशन के चुनाव के बाद कोर कमेटी की यह पहली बैठक थी। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डीपी रोय ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों की समस्या को लेकर प्रबंधन से मुलाकात की जाएगी और समस्या के समाधान करने की मांग की जाएगी। बैठक मे मुख्य रूप से अधिकारियों को समय पर वेतन का भुगतान करने,चिकित्सा सुविधा बेहतर करने, अधिकारियों को क्वार्टर आवंटन के साथ गैरेज का भी आवंटन करने,हाउसिंग कमेटी सहित अन्य कमेटियों में एसोसिएशन के पदाधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित करने सहित अधिकारियों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए स्थानीय प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

बैठक में डीपी रोय, सुभोजित हलदर, एससी सिन्हा, आरिश इकबाल, किशन अवस्थी, अरुण कुमार महतो, रूपिंदर सिंह, बिशपनाथ, अजय कुमार सिंह सहित एसोसिएशन के सभी अधिकारी मौजूद थे।

# पिपरवार के बेंती से यूपी काम करने गया मजदूर लापता



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के बेंती गांव से युपी के इटावा काम करने गये 52 वर्षीय सुनील भुइयां पिछले 10 दिनों से लापता बताया जा रहा है। जिसके कारण उसके परिजन काफी परेशान हैं। परिजनों के द्वारा उनसे काफी संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा है। इस संबंध में उनके परिजनों के द्वारा पिपरवार थाना में लापता होने का सन्हा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार बेंती गांव निवासी सुनील भुइयां पिता स्व. खेटा भुइयां 17 सितंबर को बेंती से युपी के इटावा काम करने गया था, लेकिन वहां जाने के बाद से उनका संपर्क टूट गया है। परिजनों ने पिपरवार थाना में आवेदन देकर पहल करने की अपील की है।

# देवर ने भाभी की लाठी से मार कर की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

हत्या का कारण डायन बिसाही का मामला बताया जा रहा है, पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में जुटी है : थाना प्रभारी

**खूंटी।** जिले के आदिवासी बहुल मारंगहादा थानांतर्गत मारंगहादा गांव निवासी मंगरा नाग की 48 वर्षीय पत्नी नौरी देवी को उसके देवर जोगोन नाग ने मंगलवार सुबह लाठी से मारकर हत्या कर दी। हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपित फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर मारंगहादा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पड़ताल तथा शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

इस संबंध में मारंगहादा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मृतका के स्वजनों के बयान पर आरोपित जोगोन नाग के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपित की तलाश में जुटी है। उन्होंने बताया कि हत्या का कारण डायन बिसाही का मामला बताया जा रहा है। बताया गया कि कुछ माह पूर्व आरोपित बीमार हो गया था। उसका इलाज उसके बड़े भाई मंगरा नाग ने कराया था।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह नौरी देवी अपने घर के समीप घरेलू काम कर रही थी। पास ही उसका जवान बेटा चमर सिंह नाग भी मौजूद था। इसी बीच घर के एक हिस्से में रहने वाले आरोपित जोगोन नाग अपने हाथ में लाठी लेकर निकला और जब तक कोई कुछ समझ पाता, उसने नौरी देवी के सिर पर लाठी से जोरदार हमला कर मौके से फरार हो गया। सिर पर लाठी से जोरदार हमला होते ही नौरी देवी की मौके पर ही मौत हो गयी।

# मोटरसाइकिल चोरी के फरार दो आरोपित गिरफ्तार

**कर्रा (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड के जरियागढ़ थाना क्षेत्र के चिदी चेक डैम के पास गत 24 मार्च को चोरी गयी सुपर स्पेलेंडर मोटर साइकिल जेएच01एएक्स 9065 के फरार आरोपितों को पुलिस ने मंगलवार को खूंटी बाजार टांड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कर्रा के थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि चोरी के अप्राथमिकी अभियुक्त रामफल पाहन और शेखर मुंडा दोनों ग्राम भूतस थाना मारंगहादा निवासी फरार चल रहे थे।

**बैठक :** दुर्गा पूजा को लेकर पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने कहा

# पूजा के दौरान गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

पूजा समितियों से सरकार के गाइडलाइन के अनुसार पूजा करने की अपील की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बचरा, बेंती, बहेरा में होने वाली दुर्गा पूजा एवं बचरा में दशहरा मेला को शांतिपूर्ण, आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने में आम नागरिकों, पूजा समिति के प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ सुझावों के आदान प्रदान करने हेतु पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक थाना परिसर में संपन्न हुई।

बैठक में पूजा समितियों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी द्वारा बैठक में पूजा समितियों के प्रतिनिधियों दशहरा मेला को लेकर सरकार द्वारा जारी निर्देशों जैसे आरकेस्ट्रा हेतु सक्षम पदाधिकारी की अनुमति, अश्लील गानों पर रोक, पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी की व्यवस्था, महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग लाईन की व्यवस्था, सुरक्षित तरीके से बिजली की वायरिंग, अग्नि शमन यंत्र के साथ बाल्टियों में बालू की व्यवस्था करना, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने हेतु समिति द्वारा स्वयंसेवकों की तैनाती करना सुनिश्चित कराने की बात कही। उन्होंने आम नागरिकों से भी पूजा एवं मेला के आयोजन में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान पूरे दशहरा पूजा एवं मेला में असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

थाना प्रभारी ने इस दौरान गड़बड़ी फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि गलत कार्य करते हुए पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन से अवैध शराब पर रोकथाम के साथ मेला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त बल उपलब्ध कराने की मांग की गई। बैठक में उपस्थित लोगों में पिपरवार अंचल पुलिस निरीक्षक रंजीत रोशन थाना प्रभारी गोविंद कुमार अवर निरीक्षक कन्हैया कुमार, रूपेश कुमार महतो, राजेश टोप्पो,सहायक अवर निरीक्षक भूपेंद्र नारायण सिंह,इकबाल हुसैन, अभय सिंह, धीरेंद्र शर्मा, गुंजन सिंह, रीना देवी रविंद्र सिंह ,अश्विनी दराद,विजय लाल, गीता एक्का, सरिता देवी, बचन यादव,भीम प्रसाद मेहता, उमेश मेहता, अरुण कुमार सिंह,कमला महतो, गणेश भुइंया, श्याम सुंदर महतो, हाजी परवेज आलम, मिथिलेश शर्मा, विद्यापति सिंह, श्रवण कुमार, राजकुमार सिंह,बेचन राम, हरिनारायण गंझू, सलीम जावेद, रमेश मुंडा, रेखा कुमारी, हीरामनी देवी, कुमारी अनुप्रिया सहित कई लोग मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# बजरंग दल दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में स्वचालित प्रतिमाएं स्थापित होंगी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बजरंग दल दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस वर्ष काल्पनिक मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया जा रहा है। साथ ही इस वर्ष बजरंग दल में स्वचालित मूर्ति दिखाई देगी। स्वचालित मूर्ति का संचालन शिव कुमार प्रजापति की ओर से किया जा रहा है। पंडाल का निर्माण कपड़ा, थर्माकोल व बीट से हो रहा है, जो 60 फीट ऊंचा होगा। अध्यक्ष बबलू कुंडू ने कहा कि इस वर्ष छह लाख की लागत से पंडाल एवं मूर्ति का निर्माण स्थानीय टेंट हाउस के द्वारा किया जा रहा है। इस बार विद्युत साज-सज्जा भी आकर्षण का केंद्र होगा।

# सोनाहातू के डोमाडीह और वनडीह में हाथी भगाओ दल का हुआ गठन



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत में लगातार हाथियों द्वारा फसलों के नुकसान से परेशान किसानों ने सोमवार को ग्रामसभा कर हाथी भगाओ दल का गठन किया। वन विभाग के अधिकारी दिलीप मुंडा, मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषण सिंह मुंडा, उप प्रमुख प्रतिनिधि निशिकान्त गोंझु की उपस्थिति में डोमाडीह ओर वनडीह में हाथी भगाओ दल का गठन किया गया। दोनों गांव के दल को वन विभाग के द्वारा हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जायेगा। डोमाडीह में अध्यक्ष नीलकमल महतो, सहसचिव निरंजन महतो, उपाध्यक्ष सोहनलाल महतो तथा वनडीह में अध्यक्ष नरेंद्र सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष माधव उरांव, सहसचिव लखिचरण उरांव को बनाया गया। इसके साथ टीम में 10 युवकों को रखा गया है, जो हाथी भगाने में सहयोग करेंगे।

# सीएसआर योजना के तहत दस सोलर मास्ट लाइट का किया गया उद्घाटन



**डकरा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया की ओर से सीएसआर योजना के तहत दस सोलर मस्ट लाइट का उद्घाटन किया गया। एनके महाप्रबंधक संजय कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न प्रखंड के जगहों पर दस सोलर मस्ट लाइट का उद्घाटन किया गया। यह सभी सोलर मस्ट लाइट चलिया टांड़, बलथर्वा, जोड़ा काठ, अंबा टांड़, बुध बाजार, हेसलॉन्ग बाजार, करकट्टा, करकट्टा बड़की टांड़ में लगाया गया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार, प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, पंचायत मुखिया तेजी किस्पोट्टा, शिव रथ मुंडा, पुष्पा खलखो, पुतुल देवी, संतोष महली, दीपमाला एवं अन्य ग्रामीण के अलावा सीसीएल एसीसी सदस्य भी मौजूद थे।

# असंगठित मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर चूरी कोलियरी का काम ठप कराया



**डकरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले असंगठित मजदूरों ने अपने हक अधिकार व मांगो को लेकर पूर्व में दिए गए लिखित सूचना के बाद मंगलवार को सीसीएल एनके एरिया के चूरी कोलियरी का कार्य ठप कर दिया। इस दौरान असंगठित मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया। यूनियन नेताओं का कहना था कि स्थानीय मजदूरों को काम पर लगाने को लेकर पूर्व में एनके प्रबंधन के साथ कई बार लिखित सूचना देकर वार्ता किया गया। लेकिन प्रबंधक द्वारा लगातार टाल मटोल किया जा रहा था। जिस कारण चूरी कोलियरी का कार्य बंद किया गया है। जिसकी पूरी जबाबदेही एनके प्रबंधन की है। वही बंदी के मध्य एनके प्रबंधक के अधिकारीयों से लंबी वार्ता हुई। जिसका कोई निष्कर्ष नहीं निकला। वहीं संगठन ने आगे रणनीति बनाकर मजदूरों की मांगो को लेकर पुनः धरना देने की बात कही है। मौके पर संगठन व सीसीएल के अनेकों अधिकारियों सहित अन्य लोग उपस्थित थे ।

# नीरजा सहाय डीएवी में 'हिन्दी काव्य संगम' का किया गया आयोजन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में हिंदी विभाग के द्वारा 'हिन्दी काव्य संगम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने छायावादी कवियों यथा प्रसाद, पंत, निराला, महादेवी आदि की कविताओं की सुन्दर प्रस्तुति की। तदुपरांत प्रसाद की प्रसिद्ध कविता 'बढ़े चलो' का सामूहिक गायन की प्रस्तुति की। विद्यालय की वरीय शिक्षिका घटा गिरि एवं छात्राओं अलबीरा, निधि, प्रकृति, आकांक्षा व एषणा इत्यादि ने छायावादी और स्व- रचित कविताओं से समां बांधा। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या पूनम यादव ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं की रचनात्मक क्षमताओं का विकास तो होता ही है। साथ ही वे हमारे विशिष्ट कवियों और उनकी रचनाओं से भी परिचित होते हैं। अंत में शिक्षक दुष्यंत सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## सरला बिरला के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने राजकीय विद्यालय को गोद लिया



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सरला बिरला के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने मंगलवार को नामकुम प्रखंड के आरा पंचायत पहुंचकर पंचायत स्थित राजकीय विद्यालय को गोद लिया है। उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण करते हुये छात्र-छात्राओं से बात भी की तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उन्हें सूचित करने की बात कही। इससे पूर्व विद्यालय पहुंचने पर डॉ प्रदीप वर्मा का प्रधानध्यापिका, आरा मुखिया नीता कच्छप, उपमुखिया अनुज एक्का, पंसस अन्नू तिवारी, भाजपा वरिष्ठ नेता मुक्तिनाथ मिश्रा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदीप वर्मा ने बच्चों को पढ़ाई में सहयोग, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था, विद्यालय में कंप्यूटर लैब बनाने, क्लास रुम में बेंच-डेस्क की व्यवस्था एवं विद्यालय में सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों ने डॉ प्रदीप वर्मा का आभार प्रकट किया।

## कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक सीआइपी के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन पुणे की निर्माण के क्षेत्र से जुड़ी कंपनी अपर्णा कंस्ट्रक्शंस एंड ऐस्टेट प्रालि में किया गया है। कंपनी के एचआर एक्सक्यूटिव सुद्धसत्व विश्वास व विभा रानी ने चयनित विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। चयनित विद्यार्थियों में सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के विशाल सिंह राठौर, विजय कुमार महतो, रंजन कुमार, ऋषभ राज शाही व आशुतोष कुमार सिंह शामिल हैं। मीडिया सेल की प्रो रितु सिंह ने बताया की विद्यार्थियों का चयन डिप्लोमा ट्रेनी इंजीनियर के पद पर किया गया है। जिनका जॉब लोकेशन हैदराबाद में होगा। शुरुआती दौर में विद्यार्थियों को 1.8 लाख का सालाना वेतन मिलेगा। मौके पर प्राचार्य डॉ रोहित सिंह, प्लेसमेंट सेल के प्रो राम सेवक साहू आदि शिक्षक उपस्थित थे। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## वोकल फॉर लोकल के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी सामान के उपयोग के लिए किया प्रेरित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण जिला के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म उत्सव के अवसर पर सेवा पखवाड़ा सप्ताह के अंतर्गत वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी लगाकर लोगों को स्वदेशी सामान के उपयोग के लिए प्रेरित किया। इस अवसर जिला प्रभारी बिनोद सिंह ने कहा मोदी जी वोकल फार लोकल को बढ़ावा देने की बात सदैव करते रहते हैं। जिन्दगी की चकाचौंध में लोग विदेशी उत्पादों की खरीद पर जोड़ देते हैं, जिससे लोकल कारीगरों में भुखमरी, उदासीनता बढ़ी है। मिट्टी से बनी, बांस से बनी वस्तुएं, लोहे के औजार बनाने वाले व्यक्ति आदि को रोजगार मिलेगा। जिससे उनके परिवार में आर्थिक मजबूती मिलेगी। स्वदेशी को अपनाएं और विदेशी का बहिष्कार करें का नारा दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, उपाध्यक्ष राजेंद्र साही मानकी, मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, उपाध्यक्ष सुनील महतो, अलखनाथ महतो, दीपक बड़ाईक, दीनदयाल लोहार, धनंजय महतो, राम लखन महतो, जंगल महतो, रोहन वर्मन, शशि मेहता, हुलास महतो, आनंद नायक आदि अनेक कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## बेड़ो में नल जल योजना का मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया भूमि पूजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के दिघिया व टेंगरिया गांव में मंगलवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना का भूमिपूजन किया। मौके पर विधायक ने कहा गांव के हर घर में नल से जल पहुंचे। कहीं भी पेयजल की समस्या ना हो। इसके लिए सरकार ने जल जीवन मिशन अभियान चलाया है। साथ ही विधायक ने गुणवत्तायुक्त काम करने के निर्देश दिए। मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका उरांव,उप प्रमुख मुददसिर हक मुखिया प्रबला केरकेट्टा, पंसस रौशन तिर्की प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, शंभु बैठा मो फहीम, मीर मुस्लिम, मुनकु कुजुर, सोमरा लोहरा, पतरस खेस, मंगल उरांव, अजित तिर्की व ग्रामीण मौजूद थे।

## भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट, चार लोग भेजे गये जेल




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेड़वारी गांव में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गये। घटना विगत सोमवार की है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। कहा जाता है कि अगर मौके पर पुलिस नहीं पहुंचती तो स्थिति काफी भयावह हो सकता था। इस संबंध मे दोनों पक्षों की ओर से अनगड़ा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मंगलवार को मारपीट के आरोपी दीपक साहू, संजय साहू पिता अकलु साहू बेड़वारी एवं रवि साहू उर्फ रविशंकर साहू पिता धनेश्वर साहू एवं अनिल साहू पिता स्व जगेश्वर साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## लापुंग में लगातार बारिश से घर ध्वस्त



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रुक- रुक कर लगातार हो रही वर्षा के कारण प्रखंड के डाड़ी पंचायत के कारूम गांव निवासी साहदेव बाउरी का मकान गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया जिससे घर में रखी कई जरूरी सामान दबकर व भींग कर बर्बाद हो गए। इधर घटना की जानकारी मिलने पर भाजपा एसी मोर्चा अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने पीड़िता के घर का मुआयना किया। साथ ही आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजा दिलाये जाने का आश्वासन दिया।

**कार्यक्रम : अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय मैदान में रोजगार मेला का आयोजन**

# 15 अभ्यर्थियों का कौशल प्रशिक्षण के लिए किया गया पंजीकरण

**जिप सदस्य अनुराधा मुंडा एवं रामसाय मुंडा ने किया रोजगार मेला का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** प्रखंड मुख्यालय मैदान में मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेला का उदघाटन जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा एवं रामसाय मुण्डा ने किया। रोजगार मेला में विशेष रूप से एक्सल डाटा सर्विस कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र नवागढ़ के द्वारा कैनोपी स्टॉल लगाया गया। जिसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के करीब 15 अभ्यर्थियों का विभिन्न कौशल प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण किया गया। इस मेला मे प्रखण्ड के सभी पंचायत क्षेत्रों से बड़ी संख्या मे युवक-युवतियों ने भाग लिया तथा रोजगार के लिए एसएमओ सिलाई, जीडीए नर्सिंग प्रशिक्षण, एफटीसीपी कंप्यूटर हार्डवेयर प्रशिक्षण, सीआरएम डाटा इंट्री, कॉलिंग सेंटर आदि प्रशिक्षणों के लिए अपना फार्म भरकर पंजीकरण कराया। मेला को सफल बनाने मे एक्सल डाटा सर्विस ट्रेनिंग सेंटर नवागढ़ के ब्रांच मैनेजर लोकेश यादव, रश्मि कुमारी, गोपी हांसदा, दीपक पाण्डेय, ऋषि हजाम, टहलू नायक, दीपक सोनार, अजय कुमार करमाली आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## दुर्गा पूजा स्थलों पर पंडाल का निर्माण अंतिम चरण में

**नामकुम में डमरु थीम पर पंडाल, लोगों के बीच बनेगा आकर्षण का केंद्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** मां ब्रह्मचारिणी की पूजा के साथ ही दशहरा मेले की तैयारी ने जोर पकड़ लिया है। जगह-जगह जहां पंडाल का निर्माण पूरा अंतिम चरण में पहुंच चुका है। वहीं, प्रतिमा का निर्माण करीब-करीब पूरा हो चुका है। अब मां दुर्गा की प्रतिमा को सजाने और सवांरने में मूर्तिकार जुटे हुये है। नामकुम रेलवे स्टेशन स्थित नामकुम नवयुवक संघ जय माता दी क्लब द्वारा बांस और डमरु से निर्मित पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

इस पंडाल का निर्माण कोलकाता के कारीगरों द्वारा किया गया है। समिति के अध्यक्ष विनोद सिंह ने बताया कि पूजा पंडाल निर्माण में करीब 10 लाख से अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान है। वे किसी से चंदा नही ले रहे है।

बताया कि यह पंडाल पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहेंगा। मूर्ति में सागर मंथन का दृश्य होगा। एक तरफ मां दुर्गा विराजमान होगी तो दूसरी तरफ राक्षस रहेंगे। पूजा पंडाल के अंदर हजारों डमरु आकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही आकर्षक लाइटों से पूरा पंडाल परिसर व आसपास के क्षेत्र को सजाया जा रहा है। इस पूजा पंडाल में षष्ठी के दिन पंडाल का पट भक्तों के लिये खोल दिया जायेगा और मां भवानी के भक्त मां का दर्शन करने के लिये पंडाल आने लगेंगे। सफलतापूर्वक पूजा संपन्न हो इसे लेकर समिति द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।

## मांडर में वज्रपात से दो युवकों की मौत

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड स्थित कंदरी बीएड कॉलेज के समीप वज्रपात से करकरा निवासी दो युवकों की मौत हो गयी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूत्रों के अनुसार करकरा निवासी पंद्रह वर्षीय रकीब अंसारी पिता ऐनुल अंसारी व तफेजुल अंसारी पिता अख्तर अंसारी रोज की तरह बीएड कॉलेज के समीप फुटबॉल मैदान में फुटबॉल खेलने गये थे। फुटबॉल खेलने के दौरान अचानक बारिश होने लगी तभी सभी बच्चे वहां से भागने लगे, भागते हुए कुछ दूर एक पेड़ के नीचे बारिश से बचने के लिए खड़ा हुए। तभी अचानक वज्रपात होने से दोनों युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया।

## इस बार जतरा में 40 पड़हा अपने प्रतीक चिह्न के साथ होंगे शामिल

**ऐतिहासिक राजी पड़हा जतरा समिति, मुड़मा ने की तैयारियों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** ऐतिहासिक राजी पड़हा जतरा समिति, मुड़मा की बैठक मगंलवार को जतरा की तैयारी के सिलसिले में मुड़मा मैदान में की गई। बैठक में जतरा के आयोजन के संबंध में समिति के सदस्यों से जानकारी प्राप्त की गई। जतरा के आयोजन से संबंधित सभी पक्षों का सुझाव को नोट करते हुए उस पर जिला प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जतरा समिति को सूचित किया गया। बिजली, पानी, चिकित्सा, ट्रैफिक व मेले में विधि-व्यवस्था पर चर्चा की। उपायुक्त को लिखे पत्र में सीसी टीवी और ड्रोन कैमरा लगाने की भी मांग की गयी। साथ ही पड़हा कार्यकर्ताओं के लिए 1000 पीस पुलिस मित्र अंकित टी शर्ट की मांग की गयी। 25 किलोमीटर के दायरे में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गयी। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को ससमय दूर कर लेने की बात कही। बैठक में अध्यक्षता कर रहे धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने भी जतरा संचालन व जतरा में होने वाली समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मुड़मा जतरा सभी समुदायों का मिलन स्थल है। साथ ही बताया कि सिंगबोंगा देवता की पूजा की जाएगी तथा इस बार जतरा में 40 पड़हा अपने प्रतीक चिन्ह के साथ आयेंगे। इसके साथ ही उड़ीसा, बिहार, बंगाल और छत्तीस गढ़ का खोड़हा भी उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी उपस्थित थे।

मौके पर जगराम उरांव, रंथु उरांव, बीरेंद्र उरांव, अनिल उरांव, बिरसा पाहन, जतरू उरांव, हरी उरांव, भौवा उरांव, एतवा किस्फोटा, अजय भगत, सुमित उरांव समेत सैकड़ों पडहा प्रेमी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : 'पर्यटन पर पुनर्विचार' विषय पर आइएचएम में विश्व पर्यटन दिवस का आयोजन**

# पोस्टर एवं स्पीच प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया भाग

**'पर्यटन पर पुनर्विचार' विषय पर्यटन के बारे में दुनिया की सोच में सुधार करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है : प्राचार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता






**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट( आईएचएम) रांची में विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में 'पर्यटन पर पुनर्विचार' विषय पर पर्यटन दिवस का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा, रोजगार और पर्यटन के प्रभावों के जरिए पृथ्वी पर आवासीयता के अवसरों को बढ़ाने हेतु विकास के लिए पर्यटन पर पुनर्विचार पर विचार-विमर्श को प्रेरित करना तथा पर्यटन उद्योग महामारी के बाद एक बार फिर पुनःस्थापित हो रहा है इसलिए इसे एक अवसर के तौर पर देखने जैसे विषयों से छात्रों को रूबरू कराना था। पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, पटना ऑफिस के युवा टूरिज्म क्लब के सदस्यों के सहयोग से इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची द्वारा बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर एयरएशिया एवं इंडिगो विमान के पर्यटक अतिथियों को स्वागत किया गया तथा सभी को पर्यटन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पानी की बोतल तथा चॉकलेट भेंट की गयी। साथ ही संस्थान में छात्रों के लिए 'पर्यटन पर पुनर्विचार' विषय पर पोस्टर बनाना एवं स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में बिदिशा रॉय, विजेता एवं प्रतिभा टोप्पो और मानसी बरनवाल उपविजेता रहें तथा स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आदित्य नाइक सतीश, द्वितीय स्थान पर सिमरप्रीत कौर और तृतीय स्थान पर ऋचा कुमारी रही।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने सभी को विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि 'पर्यटन पर पुनर्विचार' विषय पर्यटन के बारे में दुनिया की सोच में सुधार करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। महामारी ने अनेक देश के लिए पर्यटन क्षेत्र के आर्थिक महत्व को दिखाया है। इसलिए इसे टिकाऊ बनाने की तत्काल आवश्यकता है तथा हमें विरासत में मिले पर्यटन स्थलों का सदुपयोग कर उन्हें विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे ज्यादा से ज्यादा यात्री पर्यटन स्थलों पर भ्रमण करें जो पर्यटन स्थल के विकास को बढ़ावा देगा। साथ ही स्थानीय नागरिकों को रोजगार प्रदान करने में मदद करेगा।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## महादानी मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गयी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की गई। जहां महादानी मंदिर परिसर स्थित दुगार्बाड़ी के साथ खत्री खटंगा, पाकल मेड़ी मुरतो, तुको, ईंटाचिल्द्री व घाघरा में शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की दूसरे स्वरूप माता ब्रम्हचारिणी की पूजा व आराधना की गई। इधर श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में दुर्गा मंदिर परिसर में शप्तसती का पाठ पुजारी अशोक पंडा व सोनु पंडा के द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण व भक्तिमय वातावरण में सम्प्पन्न कराया जा रहा है। वहीं शारदीय नवरात्रि पर हरिकथा सत्संग समिति के द्वारा नवाह्न परायण रामचरित मानस का पाठ किया जा रहा है। वहीं पूजा को लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है।

## छात्र युवा शक्ति के केंद्रीय उपाध्यक्ष बने महेश कुमार मनीष




**कांके (आजाद सिपाही)।** छात्र युवा शक्ति केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष कुमार रोशन ने समाजसेवी महेश कुमार मनीष को केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। संगठन दुर्गोत्सव के दौरान राजधानी में विधि व्यवस्था बनाये रखने में युवाओं की भागीदारी व पूजा आयोजन समिति, पुलिस प्रशासन तथा जनता के बीच सामंजस्य स्थापित करने का कार्य करेगा। मौके पर महेश कुमार मनीष ने कहा कि छात्र युवा शक्ति एक सशक्त सामाजिक संगठन है। जिसमें छात्रों और युवाओं के द्वारा समाज सेवा एवं जन सेवा से संबंधित कार्य किए जाते हैं। छात्र युवा शक्ति के केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकताओं ने खुशी जाहिर करते हुए महेश कुमार को बधाई दी है। बधाई देने वालों में नितेश यादव, रोहित सिन्हा, शशांक तिर्की, अमित मुंडा, वीरू सिंह, मुकेश सोनी सहित कई कार्यकर्ता शामिल है। मौके पर महेश कुमार मनीष ने कहा कि छात्र युवा शक्ति एक सशक्त सामाजिक संगठन के साथ-साथ छात्रों एवं युवाओं के द्वारा समाजसेवा जनसेवा संबंधित कार्य किए जाते हैं। संगठन में सम्मान पाकर में गौरववंतित महसूस कर रहा हूं। मैं समिति को विश्वास दिलाता हूं कि जन सेवा के क्षेत्र में सदैव तत्पर रहूंगा एवं सेवा कार्य करूंगा।

## कृजिवन महतो कांग्रेस पार्टी के रांची ग्रामीण जिला सचिव मनोनीत



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेश बैठा ने मंगलवार नगड़ी निवासी कृजिवन महतो को जिला सचिव के रूप में मनोनीत किया इस अवसर पर सुरेश बैठा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। मौके पर कृजिवन महतो को मनोनित पत्र देकर फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। सुरेश बैठा मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सच्चे कार्यकर्ता कृजिवन महतो हैं। इनके जिला सचिव बनने से जिला कमेटी और मजबूत होगी। उन्होंने महतो को पार्टी के नीति सिद्धांत के बारे में लोगों से लोगों के बीच प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। महतो के जिला सचिव बनने पर केंद्रीय मंत्री पूर्व रांची जिला के सांसद सुबोध कांत सहाय, प्रदेश प्रवक्ता सतीश पाल मुजनी, हटिया विधानसभा के वरीय समाजसेवी अजय नाथ शाहदेव, प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, शाहिद अहमद, तपेश्वर केसरी, विनय सिन्हा दीपू, रविन्द्र सिंह, जितेन्द्र त्रिवेदी, अशोक प्रकाश लाल, ऐनुल हक, प्रखंड अध्यक्ष शहवीर लोहरा, महेश शर्मा, फिरोज अंसारी, अजय कुमार मेहता, संजय सेरैया, सरफराज अंसारी, धरमू नायक, सुकरा उरांव, हनीफ अंसारी दीपक उरांव सहित दर्जनों लोगों ने बंधाई दी

## रातू प्रखंड सभागार में स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के तहत व जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसीई रेशमी ने पंचायतों में चल रहे स्वच्छ भारत मिशन अभियान ग्रामीण के तहत जल जीवन मिशन योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पंचायतों में चल रहे घरों में नल से जल की आपूर्ति एवं उसकी स्थिति को लेकर मुखिया व जल सहिया को उचित दिशा-निर्देश दिया व सभी कार्य जलसहिया व ग्रामीणों की सहभागिता से सुनिश्चित करने की सलाह दी। बैठक में पंचायतों के मुखिया, जलसहिया, ब्लॉक कोर्डिनेटर व मोबलाइजर मौजूद थे।

## इटकी में बारिश से सड़क बही, आवागमन ठप



**इटकी (आजाद सिपाही)।** करोड़ों की लागत से बनी संपर्क सड़क प्रकृति की एक मार भी नहीं झेल सकी। इटकी प्रखंड को मांडर प्रखंड से जोड़ने वाली रानीखटंगा-सकरपदा गोठारी पक्की सड़क ने भारी बारिश के कारण सोमवार की रात टूट कर नाला का रूप ले लिया। इससे सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप पड़ गया है। गांवों का आपस में संपर्क टूट गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम क्षेत्र में करीब तीन घंटे तक तेज बारिश हुई। पानी के तेज बहाव को सड़क झेल नहीं सकी व रानीखटंगा गांव की सीमा पर सड़क को करीब 20 फीट बहा ले गयी। सड़क को बचाने के लिए बना गार्डवाल काफी छोटा है, जिससे कि पानी का दबाव सीधे सड़क पर पड़ने लगा जिसे सड़क नहीं झेल पर सकी। ग्रामीणों के अनुसार एक दोहर से दूसरे दोहर की ओर पानी ले जाने के लिए नहर का भी निर्माण कराया गया था। ग्रामीणों के अनुसार करीब ढाई किमी लंबी उक्त सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा करीब छह माह पूर्व कराया गया था।

# बहनों को उत्पाद के लिए बाजार उपलब्ध कराया जायेगा : सांसद




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम का आयोजन चैनपुर स्थित कोयल अप्रैल आजीविका पार्क में संपन्न हुआ।अप्रैल पार्क में स्किल इंडिया प्रोग्राम के तहत ट्रेंड की हुई 100 से अधिक बहने कार्य करती हैं। वह मुख्य रूप से लोकल लेवल पर स्कूल ड्रेस,बैग,पीपीई किट, सैनिटाइजर,नर्सिंग ड्रेस और गाउन का प्रोडक्शन करती हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू सांसद वीडी राम ने अन्य भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ मिलकर काम कर रही बहनों का हौसला अफजाई किया और उन्हें अपने उत्पाद के लिए सही बाजार दिलाने का आश्वासन दिया। मौके पर सांसद वीडी राम ने कहा कि लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने से लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। अभियान के मूल में यही विचार है कि यदि देश के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा तो छोटे-छोटे उद्यमियों का विकास होगा और धीरे-धीरे उनके उत्पाद वैश्विक बनते जाएंगे तथा ह्यलोकल फॉर ग्लोबल के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। वस्तुतः स्थानीय उत्पादों का विकास और प्रसार ही आत्मनिर्भरता के द्वार की मुख्य कुंजी है। जिला कार्यक्रम प्रभारी महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि वोकल फॉर लोकल को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा लगतार प्रयास किए जा रहे हैं। इनमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सराहनीय कदम उठाए जा रहे है। इसमें सभी को मिल कर सहयोग करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन वोकल फॉर लोकल के जिला कार्यक्रम प्रभारी प्रफुल्ल सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन वोकल फॉर लोकल के जिला कार्यक्रम प्रभारी सोमेश सिंह ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, विभाकर नारायण पांडे, अविनाश वर्मा,अजय तिवारी, उदय शुक्ला, अमित तिवारी, रामलाल चौरसिया, प्रमोद सिंह, शिव कुमार मिश्रा, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, ईश्वरी पांडे, श्याम बाबू, आनंद सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, बुलबुल दुबे, जय दुबे, सीटू गुप्ता, राघवेंद्र तिवारी एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम के तहत भाजपा ने दुकानदारों को किया सम्मानित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा सेवा पखवाड़ा वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर के अवसर पर लोकल उत्पादों और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिये स्थानीय व्यवसायियों को सम्मानित किया ।इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने स्थानीय छोटे दुकानदारों को माला पहना कर स्वागत किया ।कार्यक्रम मे सेवा पखवाड़ा वोकल फॉर लोकल के तहत वक्ताओं ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिये दुकानदारों को जागरूक भी किया ।मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, भाजपा किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष उदय विश्वकर्मा, सुबोध कश्यप, संतोष कश्यप, मोहन प्रजापति, गंगा प्रसाद कांस्यकार, शांति देवी, मीरा देवी, लल्लू राम, मालती देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## समाजसेवी ने अपने खर्च से कराया सड़क का निर्माण, ग्रामीणों ने जताया आभार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत मुखिया काजल कुमारी के अभिभावक समाजसेवी सत्येंद्र मेहता ने अपने खर्च से एक हजार फीट लंबा सड़क का निर्माण कराया। उन्होंने बताया कि राम भरोसा राम के घर से बटाने नदी कारगिल मैदान तक सड़क नहीं होने के कारण आने-जाने के लिए ग्रामीण पगडंडी का उपयोग करते थे। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई नवयुवक सैनिक परीक्षा के लिए दौड़ लगाने तथा अन्य कार्य के लिए जाने के लिए पगडंडी का उपयोग करते थे ।इसे देखते हुए जेसीबी से मिट्टी मोरंग का सड़क निर्माण कराया गया है। सड़क निर्माण कराने पर गांव के लोगों ने प्रशंसा करते हुए कार्य पर खुशी जाहिर की। साथ ही इस कार्य के लिए आभार जताया। आभार जताने वालों में ललेंद्र राम, राम भरोसा राम, शैलेंद्र राम, सौरभ कुमार, रामसुंदर राम, कईल भुइयां, रमेश मेहता, संतोष मेहता, श्रीकांत मेहता, सरोज रवि, सुनील कुमार सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिलकर कई जनसमस्याओं से अवगत कराया



**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही) ।** नौडीहा बाजार प्रखंड के जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने मंगलवार को मंत्री मिथिलेश ठाकुर से मिलकर प्रखंड के कई जनसमस्याओं से अवगत कराया। बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने बताया कि मंत्री ने आश्वस्त किया कि कोई भी समस्या हो मुझे अवगत कराइए उसे हर संभव प्रयास कर समस्या का निराकरण किया जाएगा।साथ ही मंत्री ने उन्हें जनसमस्याओं के प्रति क्षेत्र में काम करने को कहा है।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी अंजानेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को जनता दरबार में आमलोगों की समस्याएं सुनी। इसमें जिले के अलग-अलग हिस्सों से आमलोग शिकायत लेकर आए थे। डीसी ने एक-एक कर आमलोगों से मिलकर उनकी शिकायत सुनी और प्राप्त शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। इस अवसर पर श्री दोड्डे द्वारा कुछ समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया। उपायुक्त के समक्ष समस्या लेकर पहुंचे आमलोगों ने रास्ता बंद होने, पेंशन, पथ निर्माण से संबंधित, भू-अर्जन, सामाजिक सुरक्षा, अतिक्रमण, इलाज, राशन कार्ड, आपूर्ति, मुआवजा से संबंधित भुगतान आदि शिकायत की। जनता दरबार में पाण्डू से आये बरत पाल ने उपायुक्त के समक्ष अपना पेंशन स्वीकृत करने हेतु आवेदन दिया। जिसपर उपायुक्त ने सहायक सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित करते हुए उचित करवाई करने हेतु निर्देशित किया जिसके बाद उसकी पेंशन की स्वीकृति दे दी गई। जनता दरबार में इसके अलावा आवास का लाभ दिलाने, विद्युत समस्या,अंचल आमीन द्वारा भूमि सीमांकन नहीं करने, मूल भूत सुविधा पानी की सुविधा मुहैया कराने समेत अन्य आवेदन आये जिन्हें उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## सड़क पर बह रही नाली के पानी से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ी



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही) ।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के सिलदाग गांव में कतराहा जाने वाले मुख्य सड़क जो कि सिलदाग में देवी मंदिर एवं डिहवार स्थान जाने का मुख्य रास्ता भी हैं। गत कुछ महीने पहले नाली निर्माण किया गया था परंतु नाली को फिलहाल मिट्टी दाल कर भर दिया गया है जिसके कारण पानी का निकासी अवरुद्ध है। इससे गंदा पानी रास्ते पर बह रहा है, जिससे आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बह रहे पानी से बदबू आने से लोगों को संक्रामक बिमारियों का भय सता रहा है। इससे लोगों में रोष है। ग्रामीणों के देवी मंदिर तक जाने के लिए सड़क है पर बीच रास्ते पर पानी बहने से लोग परेशान है । ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर गंदा पानी जमा होने से आवागमन में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। जिनको गंतव्य तक जाने के लिए सिर्फ इसी मार्ग का सहारा है, वे गंदे पानी के बीच से आने-जाने को विवश हैं। बारिश होने पर स्थिति और भी खराब हो जा रही है। पानी से बदबू आने से संक्रामक बीमारियों फैलने की भी सभावना है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सरसोत में नामांकन प्रारंभ



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत सरसोत में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का उद्घाटन नव रात्र के शुभ अवसर पर हुआ ।वहीं इस तरह का संस्थान खुलने से सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों का पठन पाठन में काफी सहूलियत होगी ।इस सम्बन्ध में संस्थान के निर्देशक जितेंद्र प्रजापति ने बताया कि अनुभवी शिक्षकों के द्वारा नर्सरी से पांचवी कक्षा के छात्र छात्राओं को हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दी जाएगी ।उन्होंने बताया कि संस्थान के द्वारा बच्चों का लाने व पहुंचाने का वाहन की व्यवस्था की गई है ।इसके अलावे संस्थान में कम्प्यूटर, पिटी एवं मनोरंजन के साथ ही खेल मैदान की विशेष व्यवस्था है ।इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन करा सकते हैं, नामांकन जारी है।

## आपसी भाईचारगी के साथ मनायें त्योहार : एसडीओ




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को थाना परिसर में दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें दोनों समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। अध्यक्षता हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने की। संचालन थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने किया। बैठक में दशहरा पर्व श्रद्धा व शांतिपूर्वक संपादन के लिए विचार विमर्श किया गया ।बैठक में दुगार्पूजा समिति के सदस्यों ने कई विंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। लोगों ने संध्या समय महावीर भवन के पास महिला पुलिस, वाहनों का रोक आदि विंदुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया ।इसके अलावा विसर्जन स्थल पर उचित प्रकाश की व्यवस्था करने की बात कही ।प्रशासन द्वारा शांतिपूर्वक संचालन के लिए हर सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक में एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने कहा कि हम सभी मिलजुलकर पर्व त्योहार को मनाने का कार्य करें। हुसैनाबाद की जो परंपरा रही है ।उसे बरकरार रखने की जरूरत है ।यहां आपसी मिल्लत के साथ पूजा की जाती रही है ।उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही ।उन्होंने कहा कि शहर की साफ-सफाई में सबका योगदान जरुरी है ।उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया है कि अपने-अपने दुकान के सामने कूड़ा करकट ना लगाए ।साथ-साथ वलेंटियर को अलग पहचान के साथ सक्रिय रहने का निर्देश दिया ।मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, रामेश्वर राम,सीओ नंद कुमार, डॉ आरके रंजन, डॉ विकास, महिला थाना प्रभारी भृंगराज शुरबला, रामेश्वर राम, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, दिनेश कश्यप,ओमप्रकाश अग्रवाल, वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, सुहैल आलम, सचिन आनंद, सैयद तकी हुसैन रिजवी, अमीन खान, राकेश तिवारी, सूर्यनाथ पासवान, अनुज चौधरी, मनीष कश्यप, धीरज, मोहिउद्दीन अंसारी, उमेश चौधरी आदि मौजूद थे।

## शारदीय नवरात्र के नौ दिन आस्था और भक्ति के साथ ही लेकर आता है साधना का भी अवसर : कौशल



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड बिहार के सीमा पर कई एकड़ में फैले गजानन माता मंदिर परिसर के साथ हुसैनाबाद अनुमंडल के पंचायत पोलडिह जगदीशपुर ग्राम बरौली एवं बरवाडी चैक पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर नवरात्रि का शुभारंभ किया। उस क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का भी निशुल्क वितरण भी किया गया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि शरद ऋतु की हल्की दस्तक के कारण हमारे आयुर्वेद के ज्ञाता ऋषि मुनियों ने कुछ औषधियों को इस ऋतु में विशेष सेवन हेतु बताया था। जिससे प्रत्येक दिन हम सभी उसका सेवन कर शक्ति के रूप में शारीरिक व मानसिक क्षमता को बढ़ाकर हम शक्तिवान, ऊर्जावान, बलवान व विद्वान बन सकें। नौ तरह की वह दिव्यगुणयुक्त महा औषधियाँ निस्संदेह बहुत ही प्रभावशाली व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली हुआ करती थीं जिससे हम ताउम्र हर मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों में भी स्वयं को ढालने में सक्षम हुआ करते थे।और निरोगी बन दीघार्यु प्राप्त करते थे । लेकिन तथाकथित पुराणकारों ने इसका वास्तविक रूप विकृत कर अर्थ का अनर्थ ही कर दिया। हर दिव्यौषधि को एक शक्तिस्वरूपा कल्पित स्त्री का रूप दे दिया, कल्पना में ही नौ शक्तिवर्धक औषधियों को स्त्री नाम देकर, उनका वीभत्स आकार गढ़कर उन्हें मूर्त रूप में पूजना शुरू कर दिया। वस्तुतः यह सब समाज के धर्म के ठेकेदारों ने अपनी आजीवन व आगामी वर्षों पर्यंत तक अपनी भावी पीढ़ियों की आजीविका चलाने के लिए यह अधर्म का एक सफल कुत्सित प्रयास किया है। आज यह पाखण्ड मानव बुद्धि को अंगूठा दिखाता, उपहास बनाता एक विकराल व विक्षिप्त रूप धारण कर चुका है। जिसके बाहुपाश से छुटकारा मिलना सभी बुद्धिजीवीयों के लिए मुश्किल तो है लेकिन असंभव नहीं। मनुष्य अपनी सामान्य बुद्धि का प्रयोग किसी विषय को मानने से पहले जानने के लिए करे तो वह प्रत्येक स्थिति को बारीकी से समझने में सक्षम हो सकता है। वह स्थिति स्वतः ही उसके विवेक द्वारा अनुकूल बन सकती है। विवेकशील व स्वाध्यायशील बन इस प्रकार के सभी ढोंग, पाखंड और आडंबरों से बचा जा सकता है अन्यथा जिसे विषय का सत्य ज्ञान नहीं वा ज्ञानार्जित करने में आलस प्रमाद करता है वह तथाकथित मूढ़, अभिमानी, स्वार्थी पाखण्डी की तरह सभी सामाजिक कुरीतियों व धार्मिक मिथ्या कर्मकाण्डों में लिप्त रहता है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि नवदुर्गा के अमूर्त रूप की रूपक औषधियाँ जिनका हमें शीतकाल में सेवन करना चाहिए उनमें हरड़, ब्राह्मी,चन्दसूर, कूष्मांडा, अलसी, मोईपा या माचिका, नागदान, तुलसी, शतावरी है। प्रथम शैलपुत्री यानि हरड़ कई प्रकार की समस्याओं में काम आने वाली औषधि हरड़, द्वितीय ब्रह्मचारिणी यानि ब्राह्मी यह आयु और स्मरण शक्ति को बढ़ाने वाली, तृतीय चंद्रघंटा यानि चन्दुसूर चंद्रघंटा इसे चन्दुसूर या चमसूर कहा गया है। चतुर्थ कुष्माण्डा यानि पेठा इस औषधि से पेठा मिठाई बनती है, पंचम स्कंदमाता यानि अलसी यह औषधि के रूप में अलसी में विद्यमान हैं। षष्ठम कात्यायनी यानि मोइया इसे आयुर्वेद में कई नामों से जाना जाता है जैसे अम्बा, अम्बालिक, सप्तम कालरात्रि यानि नागदौन यह नागदौन औषधि के रूप में जानी जाती है। तुलसी सात प्रकार की होती है। नवम शतावरी जिसे नारायणी या शतावरी कहते हैं। इस प्रकार आयुर्वेद की भाषा में नौ औषधि रूपी नौ देवियां मनुष्य की प्रत्येक बीमारी को ठीक कर रक्त का संचालन उचित व साफ कर मनुष्य को स्वस्थ करती है। अतः मनुष्य को इन औषधियों का सेवन अवश्य ही करना चाहिये और इस ऋतु के अनुसार सुगंधित आयुर्वेदिक औषधियों से युक्त सामग्री से नित्य यज्ञ करना चाहिए।

## व्यवसाय में वृद्धि ही विकास की पहचान है : सोनू सिंह नामधारी



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** किसी भी शहर में व्यवसाय में वृद्धि ही विकास की पहचान है। बढ़ता व्यवसाय यह बताता है कि शहर के लोगों की आर्थिक स्थिति में वृद्धि हो रही है। उक्त बातें इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय संरक्षक सोनू सिंह नामधारी ने सैलून और रेडीमेड दुकान के उद्घाटन के बाद कही। सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि व्यवसाय में वृद्धि होने से शहर की भौगोलिक छेत्र का तो विकास होता ही है। साथ ही बाहर के व्यवसायियों को भी व्यवसाय करने के लिये आमंत्रण देता है ।जिससे नए नए व्यवसाय से आम लोगों को बेहतर सुविधा मिलती है ।सोनू सिंह नामधारी ने शीतल वर्ल्ड ऑफ ग्लैमनिस सैलून और जेड फैशन मेंस वियर कपड़ा दुकान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर साहेब सिंह नामधारी, जेड फैशन मेंस वियर के मालिक जीशान खान,शीतल सैलून की मालकिन शीतल सोनी ,हुसैन खान,शमीम अहमद,गोपाल दास,कमलेश दुबे, प्रमोद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स

## धोनी और गंभीर के बीच फिर कोल्ड वॉर:माही ने जिसको दिया वर्ल्ड कप जीत का क्रेडिट, उस बिस्किट और गौतम के कुत्ते का नाम एक



**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 25 सितंबर यानी रविवार को एक बिस्किट प्रोडक्ट को भारत में लॉन्च किया। धोनी ने प्रमोशन वीडियो में इस बिस्किट का वर्ल्ड कप से भी कनेक्शन ढूंढ निकाला। उन्होंने फेसबुक लाइव में कहा, 'ये प्रोडक्ट इस बार हमें टी-20 वर्ल्ड कप जिता सकता है। साल 2011 में इंडिया ने वर्ल्ड कप जीता था, उससे पहले भी यह बिस्किट भारत में लॉन्च हुआ था। अब कनेक्शन क्लियर हो गया है। मैं 2011 को फिर से वापस लेकर आ रहा हूं। हिस्ट्री बनाने और इसे फिर से दोहराने के लिए आप भी आगे आएं।' धोनी के इस बयान पर खूब बवाल हुआ। लोग उन्हें ट्रोल करने लगे। यूजर्स का कहना है कि पैसे के लिए माही ओरियो बिस्किट को टीम इंडिया के वर्ल्ड कप जीतने का क्रेडिट दे रहे हैं। क्या टीम मैनेजमेंट और खिलाड़ियों ने कुछ नहीं किया था। खैर, टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर जो वर्ल्ड कप 2011 की टीम का हिस्सा थे, उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वो अपनी बच्चियों और कुत्तों के साथ खेलते नजर आ रहे हैं। गौर करने वाली बात ये है कि उनकी बेटी अपने एक कुत्ते को ओरियो के नाम से पुकार रही है। अब लोग गंभीर के इस वीडियो को धोनी को जवाब बता रहे हैं।

### धोनी-विराट की पूजा बंद होनी चाहिए

कुछ दिन पहले गौतम गंभीर ने इंडियन क्रिकेटर्स को स्टार बनाने के कल्चर पर भी सवाल खड़े किए थे। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में कहा था, '1983 के वर्ल्ड कप से ये होता आया है। केवल कपिल देव ने आपको वर्ल्ड कप नहीं दिलाया था, लेकिन आपने उन्हें स्टार बना दिया और उनकी पूजा करने लगे। धोनी और विराट के साथ भी यही हुआ। केवल ये दोनों भारत को मैच में जीत नहीं दिलाते थे।'

### धोनी के छक्के ने नहीं दिलाया था वर्ल्ड कप

2011 का वर्ल्ड कप फाइनल भारतीय टीम ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में जीता था। इस मैच में गौतम गंभीर ने 122 गेंद खेलकर 97 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 9 चौके निकले थे। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी ने 79 गेंद पर 8 चौके और 3 छक्के की मदद से 91 रन बना दिए थे।



छोटानागपुर पब्लिक स्कूल रांची के प्राचार्य सुखनाथ महतो, दीपाटोली कैंट रांची के ग्राउंड में गोल्फ का आनंद लेते हुए

## धनबाद महानगर भाजपा ने किया वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम का आयोजन

# पूरे विश्व में गूंज रही वोकल फॉर लोकल की गूंज : पशुपतिनाथ




**स्थानीय उत्पाद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा धनबाद जिला महानगर द्वारा मंगलवार को धनबाद सदर मंडल में वोकल पर लोकल कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अगरबत्ती निर्माण कंपनी आभ्या इंडस्ट्री के मालिक संदीप कुमार झा और उनकी पत्नी कल्पना झा को धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा तथा धनबाद महानगर भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना आत्मनिर्भर भारत व वोकल फोर लोकल को जन जन में प्रचार एवं प्रसार कर देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में अग्रिम पंक्ति पर लाने का है। वोकल फॉर लोकल की गूंज पूरे विश्व में सुनाई दे रही है। प्रधानमंत्री के आह्वान पर वोकल पर लोकल कार्यक्रम के अंतर्गत देश में लाखों रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। सामाजिक स्थिति मजबूत हुई। स्थानीय उत्पाद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है।

### आत्मनिर्भर भारत विजन में वोकल फॉर लोकल ने अहम भूमिका निभायी : राज सिन्हा

धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन के अंतर्गत वोकल फॉर लोकल ने अहम भूमिका निभाई है। भारतीय अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। खादी, खिलौने, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक तथा अन्य स्थानीय उत्पाद वैश्विक मंच पर छाए हुए हैं। भाजपा धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत धनबाद जिला महानगर के सभी मंडल में वोकल फार लोकल स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए खरीदारी की जा रही है। भाजपा धनबाद जिला महानगर वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम को बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक संजीव अग्रवाल, संजय झा, मानस प्रसून,मिल्टन पार्थ सारथी, रमा सिन्हा, संदीप झा, कल्पना झा, गुंजन कुमार बागवे, अमित कुमार, निर्मल प्रधान, शशि भूषण, राजाराम दत्ता,उमेश सिंह,संतोष सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, भागिरथ, मनोज मालाकार, अजय तिवारी, अमित कुमार, सानिया झा, मीरा देवी, सरिता देवी उपस्थित थे।

# गैंगस्टर प्रिंस खान व शूटर अमन सिंह के दो गुर्गों को हथियार संग दबोचा, भेजा जेल

**यहां वह आरा मोड़, गुलजारबाग निवासी अरशद उर्फ पच्चू को पिस्टल बेचने आया था**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के भूली ओपी पुलिस ने जिले में हथियार सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए मंगलवार को दो लोगों को जेल भेज दिया गया है। मामले में गु?त सूचना के आधार पर सबसे पहले पकड़ा गया आरोपित 32 वर्षीय जियाउद्दीन अंसारी उर्फ पिंकू जामाडोबा का रहने वाला है। ओपी क्षेत्र के भरत चौक,पांडरपाला से उसे धर दबोचा गया। जिसके पास से तलाशी में पिस्टल और चार गोली मिली। यहां वह आरा मोड़, गुलजारबाग निवासी अरशद उर्फ पच्चू को पिस्टल बेचने आया था। जिसके बाद पुलिस ने अरशद उर्फ पच्चू को भी पकड़ लिया। जियाउद्दीन अंसारी ने पुलिस को बताया कि दोनों के बीच 25 हजार रुपये में पिस्टल का सौदा तय हुआ था।

आरोपित के बयान पर पुलिस ने मंगलवार को एफआइआर दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, हथियार खरीदने के आरोप में पकड़ा गया अरशद प्रिंस खान गिरोह का सक्रिय सदस्य है। किसी वारदात को अंजाम देने के लिए वह जियाउद्दीन अंसारी से पिस्टल और गोली खरीद रहा था। प्रिंस खान के नाम पर रंगदारी मांगने के मामले में अरशद के खिलाफ पहले से मुकदमा दर्ज है।

### जियाउद्दीन ने पुलिस को बतायं अपने कई साथियों के नाम

पुलिसिया पूछताछ में जियाउद्दीन अंसारी ने पुलिस को बताया कि वह एक निजी कंपनी में पाइप लाइन का काम करता है। बताया कि जामाडोबा में रहने वाले दीवान सेनगुप्ता उर्फ धीमन से उसने यह पिस्टल बेचने के लिए लिया था। दीवान सेनगुप्ता अमन सिंह गिरोह का सदस्य है और हथियारों की खरीद बिक्री का काम करता है। सुदामडीह के मधु सिंह पर फायरिंग करने के आरोप में वह जेल भी जा चुका है। इस मामले ने में पुलिस ने जियाउद्दीन और अरशद के अलावा दीवान सेनगुप्ता के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है।

### चार महीने पहले ही जेल से बाहर आया था अरशद

रंगदारी मांगने व आर्म्स एक्ट के मामले में जेल में बंद प्रिंस खान गिरोह का सदस्य अरशद चार महीने पहले ही बाहर आया था। इसी वर्ष मई महीने में नया बाजार स्थित डब्लू अंसारी के घर पर हुई फायरिंग में भी अरशद शामिल था। जेल में रहते हुए उसने प्रिंस खान को सहयोग किया था। उसने पुलिस को बताया कि जेल में ही डब्लू अंसारी भी बंद था, जहां उन दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। इधर, जेल से छूटने के बाद वह जियाउद्दीन अंसारी से मिला और उससे हथियार खरीदने की बात की। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

## जन वितरण दुकानदार की मनमानी पर लाभुकों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग



**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह मांझी बस्ती स्थित दो जन वितरण दुकानदार दाऊद अंसारी और परवेज आलम द्वारा कार्डधारकों को दो माह से राशन नही दिए जाने से क्षुब्ध होकर लाभुकों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन कर रहे लाभुकों ने बताया कि दोनों दुकानदार द्वारा चावल गेंहू का वितरण तो नही किया गया वही घर पहुँचकर अंगूठा लगा लिया गया है।फोन करने पर दुकानदार द्वारा गाली गलौज किया जाता है। सम्बंधित अधिकारियों से सेटिंग गेटिंग कर अनाज की कालाबाजारी किया जाता है। दोनों दुकान एक माह में मात्र दो से चार दिन ही खोले जाते है। कार्डधारकों ने एडीएम(सप्लाई) व झरिया सीओ से कार्रवाई करने की मांग की है। कार्डधारकों में गौरी देवी, जमीला खातून, अर्जुन विश्वकर्मा, कोरेशा खातून, सलमा खातून, आइसा बेगम, चंद्रावती देवी, रोजीना खातून, फिरोजा खातून, हमीदा बीबी, जमीला खातून आदि थे। वही मामले को लेकर झरिया सीओ सह एमओ (प्रभार) परमेश्वर कुशवाहा ने बताया है की लिखित शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई किया जायेगा।

## एलआइसी अभिकर्ताओं ने आइआरडीए के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन



**धनबाद।** भारतीय जीवन बीमा निगम अभिकर्ता संघ ने लियाफी के आह्वान पर धनबाद शाखा-1 के गेट पर आइआरडीए के खिलाफ काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। संघ ने आइआरडीए के निर्णयों में डी मैट अकॉउंट खोलना, एजेंट्स पोर्ट बिल्टी लागु करना,तीन -तीन बीमा कम्पनियों में काम करने की छूट, ऋण पर ब्याज दर कम करना जैसे निर्णयों का विरोध किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि एलआइसी एजेंट्स का कमीशन कम किया जा रहा है जबकि 1956 से लागु कमीशन ही एजेंट्स को आज भी इस बढ़ती महंगाई में भी मिल रहा है। आगामी 18 एवं 19 नवंबर को लखनऊ में देशभर से भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंट्स एकजुट होकर सरकार तक अपनी बात को पहुचायेंगे। मौके पर विनोद कुमार ठाकुर अध्यक्ष शाखा एक, दिनेश उपाध्याय सचिव शाखा एक, विशाल कुमार जैन, कमलेश सिंह, दिलीप कुमार, गणेश मंडल, भास्कर शर्मा, रविंद्र नाथ दत्ता, प्रमोद कुमार,सुनील झा, पिनाकी रंजन दत्ता, जय लाल प्रसाद, अरविंद ओझा, प्रिया नारायण मिश्रा समेत अन्य अभिकर्ता शामिल थे।

## अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा ने मनायी अग्रसेन जयंती



**बेरमो।** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के तत्वाधान में बोकारो के हंस मंडप में महाराजा अग्रसेन जी की 5146 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बोकारो के सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार, ढोरी क्षेत्र के जीएम एमके अग्रवाल, बोकारो के डीएसपी पवन कुमार अग्रवाल, कल्याण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा में पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि महाराज अग्रसेन केवल एक प्रतापी राजा ही नहीं बल्कि क्षमता व समता के प्रतिमूर्ति थे। भगवान श्रीराम की 34 वीं पीढ़ी यानी द्वापर युग के अंतिम काल में अग्रसेन जी का जन्म हुआ था।

## झरिया विधायक ने मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा को सौंपा एंबुलेंस, कहा

# जरूरतमंदों को ससमय अस्पताल पहुंचाने में लोगों को मिलेगी मदद

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया में बहुत से लोग ऐसे वर्ग के हैं, जो पैसों के अभाव में एंबुलेंस का प्रबंध नहीं कर पाते हैं। जरूरतमंदों को ससमय अस्पताल पहुंचाने हेतु अब एंबुलेंस लिए भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। लोग अब आसानी से मारवाड़ी युवा मंच से संपर्क कर मदद पा सकेंगे और समय पर जरूरतमंदों का उपचार हो सकेगा। उक्त बातें झरिया विधायक सह सचेतक सत्तारूढ़ दल पूर्णिमा नीरज सिंह ने मंगलवार को विधायक निधि से एक एंबुलेंस सामाजिक संस्था अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा को सौंपने के दौरान कही। इस दौरान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, मारवाड़ी युवा मंच झरिया के शाखाध्यक्ष निशा शर्मा, मारवाड़ी सम्मेलन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश अग्रवाल एवं सीएचसी झरिया के प्रभारी डॉ मिहिर प्रसाद ने विधिवत रूप से एंबुलेंस की पूजा अर्चना की। एंबुलेंस का प्रभार मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष गणेश अग्रवाल व शाखा सदस्य आयुष जालान को सौपा गया। जिनसे जरूरत के समय एम्बुलेंस सेवा जरूरतमंद ले सकते है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, अजय अग्रवाल, ललित अग्रवाल, अनूप मित्तल, अमित बाजोरिया, संजय कथूरिया, अमित अग्रवाल, रत्नेश यादव, वीरेंद्र बहादुर सिंह, बबलू सिंह, दिनेश शर्मा, दीपक अग्रवाल, कविता अग्रवाल, किरण खरकिया, महेश शर्मा, दीपक शर्मा, रूपेश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक घायल

**फुसरो(बेरमो)।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो निर्मल महतो चौक के समीप ट्रक के चपेट में आने से साइकिल सवार दामोदर नगर निवासी सह श्मशान काली मंदिर फुसरो के पुजेरी रंजीत वर्मा का 20 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार वर्मा बुरी तरह घायल हो गया। रंजीत वर्मा श्मशान काली मंदिर के पुजेरी है। विक्की फुसरो बाजार से अपने दुकान के लिए कुछ सामान लेकर साइकिल से दुकान जा रहा था। तभी पीछे से पश्चिम बंगाल के तारापीठ से आ रही खाली 12 चक्का ट्रक संख्या जेएच 09 एएफ 2833 ने धक्का मार दिया। इस धक्के में विक्की का दाहिना पैर गंभीर रूप से चोटिल हो गया। आनन-फानन में उसे फुसरो स्थित अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर सीसीएल के केंद्रीय अस्पताल ढोरी भेज दिया गया।

## महुदा में चला चार पहिया दो पहिया वाहनों की चेकिंग



**महुदा।** धनबाद जिला के वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेशानुसार महुदा थाना के पास चारपहिया एवं दो पहिया वाहन का चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के तहत जिले से आये पुलिस एवं महुदा पुलिस के द्वारा सभी वाहनों की डिक्की को चेकिंग किया गया। इस बीच महुदा बाजार में जहां-तहां वाहन मालिकों द्वारा वाहन को खड़ा करने वाले बाइको के हेंडिलों को चेक किया गया। वहीं जिस किसी भी वाहन में हेंडील लॉक नहीं किये जाने पर पुलिस वैसे बाइको को जप्त कर थाने ले आये। और लापरवाह दोपहिया वाहन मालिकों को थाना प्रभारी ने फटकार लगाई। क्यूंकि कई बार लोगों द्वारा बाइक की चोरी की घटना की शिकायत मिल चुकी हैं। इसी से बचने के लिये बिना हेंडल लोक वाहनों को पुलिस द्वारा थाना लाया गया। जिससे बाइक मालिक अपनी लापरवाही से बच सके। इस संबंध में महुदा थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह ने कहा वरीय पुलिस पदाधिकारी के निदेर्शानुसार चार पहिया और दो पहिया वाहनों की डिक्की कीं चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं बाइक कीं चोरी की घटना से बच सके, मार्केट में दो पहिया वाहन मालिकों द्वारा जहां-तहां बिना हेंडल लॉक के बाइक खड़ा कर दिया जाता हैं। वैसे बाइक को थाना लाकर बाइक मालिकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। क्षेत्र के लोग कई बार बाइक चोरी की घटना के बारे शिकायत कर चुका हैं।

# जर्मनी में होने वाले स्पेशल ओलंपिक के लिए बोकारो में तैयार हो रही है टीम

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** जून 2023 में बर्लिन, जर्मनी में होने वाले स्पेशल ओलम्पिक में भारतीय टीम भी देश का नाम रोशन करने को उत्साहित है। इसकी तैयारी के सिलसिले में बीएसएल संचालित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 सितम्बर को चार दिवसीय फाइनल सेलेक्शन सह कोचिंग कैंप का शुभारंभ अधिशासी निदेशक(कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कुमार ने किया। इस दौरान बीएसएल के भूतपूर्व अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) मुकुल प्रसाद, स्पेशल ओलंपिक भारत (झारखंड) के असिस्टेंट एरिया डायरेक्टर सतबीर सिंह सहोटा, बीएसएल के वरीय अधिकारी, सेलेक्शन सह कोचिंग कैंप में शामिल होने वाले खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक उपस्थित थेद्ध सेलेक्शन सह कोचिंग कैंप का शुभारंभ अतिथियों ने गुब्बारे छोड़कर किया। सतवीर सिंह सहोटा ने इस आयोजन के लिए बीएसएल के सीएसआर के तहत उपलब्ध कराई गई बेहतरीन सुविधाओं के लिए प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया और फाइनल सेलेक्शन सह कोचिंग कैंप की रूपरेखा की जानकारी दी। संजय कुमार ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को स्पोर्ट्स के माध्यम से समाज के मुख्यधारा में लाने के इस अभियान का हिस्सा बनना सेल-बोकारो स्टील प्लांट के लिए गर्व की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को कैंप की सफलता की शुभकामनायें दी और विश्वास जताया कि यहां से चुने जाने वाली टीम जर्मनी में भारत का नाम रोशन करेगी. विशिष्ट अतिथि मुकुल प्रसाद ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। अंत में बीएसएल के महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री सीआरके सुधांशु ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा कार्यक्रम का संचालन श्री एस भटनागर ने किया। मानसिक रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए बोकारो स्टील प्लांट के सीएसआर के तहत बैडमिंटन, साइकिलिंग, फुटबाल तथा फुटसल के लिए फाइनल सेलेक्शन सह कोचिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है. 30 सितंबर तक चलने वाले इस कोचिंग कैम्प में पूरे देश से आये वैसे खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं जिनका पूर्व में आयोजित सेलेक्शन सह कोचिंग कैंप में चयन किया गया था. इनमें पुरुष वर्ग में 57 खिलाड़ी तथा महिला वर्ग में 41 खिलाड़ी शामिल हैं। बैडमिंटन, सायकिलिंग, फुटबाल तथा फुटसल के लिए आयोजित इस फाइनल सेलेक्शन सह कोचिंग कैंप में चयनित खिलाड़ी ही बर्लिन स्पेशल ओलम्पिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सं0 :- RDD/SD/HZB/10/2022-23

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDD/SD/HZB/ 10/01/2022 | प्रखण्ड दारु के मध्य विद्यालय दारु (बालक) का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 12160200.00 | 243300.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2. | RDD/SD/HZB/ 10/02/2022 | प्रखण्ड केरेडारी के कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 16825500.00 | 336600.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3. | RDD/SD/HZB/ 10/03/2022 | प्रखण्ड चुरचू के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय चरही का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 12305600.00 | 246200.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 4. | RDD/SD/HZB/ 10/04/2022 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दारु का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 14409500.00 | 288200.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 11.10.2022
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 11.10.2022 से 18.10.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय- 19.10.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. तकनीकी निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय- ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, राँची, 20.10.2022, अपराह्न 02.00 बजे ।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-8986648686
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR278728 (Rural Development)22-23*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-15/2022-23

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 11.10.2022 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 12.10..2022 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 12.10.2022 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Deep Boring in the Campus of Police Superintendents Residential at Hazaribag | 244850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 2 | Renovation of Kitchen in the Campus of Sadar Hospital , Hazaribag for the year 2020-21 | 249950/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 3 | Deep Boring in the Campus of A.D.J Court Building and Magisterial Court Building at Civil Court Hazaribag | 244850/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 4 | Construction of Floor and Staircase at Fisheries office Hazaribag Block Sadar for the year 2022-22 | 247750/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 5 | Renovation of ICTC in the Campus of Sadar Hospital , Hazaribag for the year 2020-21 | 249900/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 6 | E/R to Generator shed Behind Sub Judge Building in Court Campus at Hazaribag for the year 2022-23 | 242150/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 7 | Parking Shed and Sanitary Work in Commissioner Office Hazaribag for the year 2022-23 | 249100/- | 2000/- | 500/- | 01 माह |
| 8 | Repair Work of Qtr no G3(2) Block G at Judicial Colony Near Carmel Chowk Hazaribag for the year 2022-23 | 160580/- | 4000/- | 500/- | 01 माह |
| 9 | E/R to Boundary Wall in Residence sri Raman Kr Singh Correspondence Clerk Building Circle Behand B.C.D office in Residence at Hazaribag year 2022-23 | 82550/- | 2000/- | 500/- | 01 माह |
| 10 | E/R to Flag Hosting Stage in Court Campus at Hazaribag for the year 2022-23 | 227600/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 11 | Installation Submersible Moter Pump and Bath Room Fitting in Court Campus at Hazaribag for the Year 2022-23 | 206000/- | 5000/- | 500/- | 01 माह |
| 12 | Installation Submersible Pump Civil Court Campus at Hazaribag for the Year of 2022-23 | 87600/- | 2000/- | 500/- | 01 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 278638 Building (22-23)_D

## लोकार्पण : महाकाल लोक होगा कॉरिडोर का नाम

# पीएम मोदी उज्जैन में 11 अक्टूबर को अमृत सिद्धि योग में करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकाल कॉरिडोर का लोकार्पण अमृत सिद्धि योग में करेंगे। 11 अक्टूबर मंगलवार की शाम 6.30 बजे अश्विनी नक्षत्र होने से विशेष योग बन रहा है। इसे विशेष फलदायी माना जा रहा है। इससे पहले पीएम मोदी ने यूपी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण रेवती नक्षत्र में किया था। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर का भूमिपूजन भी अभिजीत मुहूर्त में किया था। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार भगवान राम का जन्म इसी मुहूर्त में हुआ था।

महाकाल कॉरिडोर का नाम महाकाल लोक होगा। उज्जैन में मंगलवार को पहली बार हो रही प्रदेश कैबिनेट मीटिंग में इस नाम पर सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता भगवान महाकाल कर रहे हैं। बैठक में मुख्य सीट पर बाबा महाकाल की तस्वीर रखी गयी। तस्वीर के दाएं-बाएं मुख्यमंत्री और मंत्री बैठे हैं। मुख्यमंत्री ने शिवराज ने कहा, देश में पहले से चारधाम है, इसलिए उज्जैन का नाम उज्जैन धाम के स्थान पर महाकाल लोक किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा, महाकाल पुलिस बैंड में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी, इसके लिए 36 नवीन पद स्वीकृत किए जायेंगे। शिप्रा नदी को साबरमती लेक फ्रंट की तरह विकसित किया जायेगा। शिप्रा नदी में जल प्रवाह बना रहे, इसके लिए नवीन जल संरचनाएं विकसित की जायेंगी। उन्होंने उज्जैन हवाई पट्टी के विस्तार की बात भी कही।

**शिवराज खुद देख रहे तैयारियां :** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर उनके द्वारा किए जाने वाले विभिन्न जगहों के अवलोकन के लिए निर्धारित स्थलों पर जरूरी प्रबंध किए जायें।

**मोदी शाम 6 बजे पहुंचेंगे उज्जैनः** पीएम मोदी इंदौर में प्लेन से उतरने के बाद हेलीकॉप्टर से उज्जैन पहुंचेंगे। यहां से वे शाम 6 बजे महाकाल मंदिर पहुंचेंगे। मंदिर में दर्शन के बाद महाकाल कॉरिडोर के नंदी द्वार पर 6.30 बजे पहुंचेंगे। यहां वे पूजन-अर्चन कर इलेक्ट्रिक गाड़ी से महाकाल पथ देखेंगे। इसके बाद कार्तिक मेला ग्राउंड पर सभा को संबोधित करेंगे। ढट की सभा 8 बजे तक चल सकती है। चूंकि, उज्जैन से रात में हेलीकॉप्टर के टेक ऑफ की फैसिलिटी नहीं है, ऐसे में पीएम सड़क मार्ग से इंदौर पहुंचेंगे। यहां से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।

**महाकाल की नगरी में 6 दिन दिवाली जैसे :** लोकार्पण कार्यक्रम के प्रदेशभर में प्रसारण के लिए भी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। धार्मिक अनुष्ठान करवाने वाले जनजातीय समाज के तड़वी, पटेल, पुजारा और अन्य पुजारी भी कार्यक्रम से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन्हें आमंत्रित करने के संबंध में निर्देश दिये हैं। 6 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत भगवान महाकाल की सवारी के साथ होगी। 6 से 11 अक्टूबर तक चलने वाली गतिविधियों की रूपरेखा निर्धारित की गयी है। समीक्षा बैठक के दौरान उज्जैन में एनआइसी कक्ष में संभागायुक्त संदीप यादव, कलेक्टर आशीष सिंह, आयुक्त नगर निगम अंशुल गुप्ता, सीइओ स्मार्ट सिटी आशीष पाठक, यूडीए सीइओ संदीप सोनी मौजूद थे।

# गोल्डी सोलर ने 2025 तक क्षमता विस्तार के साथ एचजेटी टेक्नोलॉजी में प्रवेश का किया एलान

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** गोल्डी सोलर ने अपने बिजनेस के विस्तार से जुड़ी योजनाओं के तहत 5,000 करोड़ रुपये से अधिक रकम के निवेश से जुड़े प्लान का ऐलान किया है। गोल्डी सोलर भारत में क्वालिटी को लेकर सबसे सजग क्वालिटी ब्रांड है। इसके साथ-ही-साथ कंपनी ने अपने नये और फ्लैगशिप प्रोडक्ट HELOC?® Plus पर से पर्दा हटाया है। हेट्रोजंक्शन टेक्नोलॉजी से लैस इस प्रोडक्ट में कार्बन मॉड्यूल सीरीज का कम इस्तेमाल किया गया है और इसकी दक्षता काफी अधिक है।

गोल्डी सोलर का लक्ष्य मॉड्यूल, सेल और कच्चे माल निर्माण क्षमताओं के साथ एंड-टू-एंड और वर्टीकल इंटीग्रेटेड कंपनी बनना है। इस प्लान के अनुरूप कंपनी गुजरात में सेल मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट में प्रोडक्शन शुरू करने की योजना है। इसके बाद कंपनी अपनी क्षमता को बढ़ाकर 5 गीगावाट करेगी। इसके साथ-ही-साथ कंपनी की विभिन्न पदों पर 4,500 से ज्यादा लोगों की नियुक्ति करने की योजना है। इससे इसकी वर्कफोर्स बढ़कर 5,500 से ज्यादा हो जायेगा।

इन महत्वपूर्ण डेवलपमेंट्स को लेकर गोल्डी सोलर के मैनेजिंग डायरेक्टर कैप्टन ईश्वर ढोलकिया ने कहा कि बिल्कुल जमीनी स्तर (ग्रास रूट लेवल) पर रोजगार पैदा करने के लिए गोल्डी सोलर की प्रस्तावित विनिर्माण इकाई (मैन्यूफैक्चरिंग फैसिलिटी) के आसपास के जनजातीय इलाकों से 25% वर्कफोर्स की भर्ती की योजना है। रिन्यूएबल्स में करियर बनाने को लेकर नवनियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए गोल्डी सोलर एक स्किल डेवलपमेंट सेंटर में तीन महीने का सर्टिफिकेशन कोर्स चलायेगी। कंपनी ने गुजरात के नवसारी में एनएसडीसी (नेशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल) के साथ मिलकर स्किल डेवलपमेंट सेंटर शुरू करने की योजना बनायी है।

गोल्डी सोलर कंपनी के डायरेक्टर भरत भूत ने कहा कि गोल्डी सोलर ने निरंतरता के साथ क्वालिटी मॉड्यूल बनाये हैं और डिलीवर किये हैं। हमारा मंत्र बेहतर और ज्यादा दक्ष उत्पाद बनाना है।

उन्होंने कहा कि क्वालिटी को लेकर अपनी प्राथमिकता की वजह से हम डेवलपमेंट और आरएंडडी के लिए एक समर्पित टीम बनाना चाहते हैं, जो अधिक दक्ष मॉड्यूल्स के निर्माण को और रफ्तार देगाअ गोल्डी नवीनतम एचजेटी तकनीक पर आधारित 710 ध्स्त्र मॉड्यूल की घोषणा करने वाला पहला भारतीय निर्माता है।

गोल्डी सोलर के प्रेसिडेंट और ग्लोबल हेड (सेल्स और मार्केटिंग) हरदीप सिंह ने कहा कि हमारा घर घर गोल्डी, हर घर गोल्डी का मूलमंत्र गोल्डी सोलर को भारत के जन-जन का ब्रांड बनाने के हमारे लक्ष्य को दिखाता है। वर्तमान में हम आइपीपी, सीएंडआइ, इपीसी, एक्सपोर्ट और मैन्यूफैक्चरिंग में ऑपरेट करते हैं। भारत के घरेलू कंज्यूमर मार्केट पर हमारे फोकस ने हमें भारत के प्रमुख शहरों में हमारी उपस्थिति सुनिश्चित करने में मदद की है। प्रस्तावित क्षमता विस्तार के साथ हम अपनी मौजूदगी बढ़ाने को लेकर आश्वस्त हैं। हमारी भविष्य की योजना आने वाले समय में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में होने वाली क्रांति में हर भारतीय को भागीदार बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

# एससीबी मेडिकल से बच्चा चोरी की घटना



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कटक एससीबी मेडिकल से बच्चे की चोरी की घटना। पुलिस बच्ची को चुराने वाली महिला समेत दो अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है। प्रेस कांफ्रेंस में डीसीपी पिनाक मिश्र ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है कि बच्चा कैसे और किन परिस्थितियों में चोरी हुआ. उन्होंने यह भी कहा, "बच्चा चोरी करने वाली महिला द्वारा जमा किए गए सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए हैं. इसलिए फर्जी दस्तावेज कैसे तैयार किए गए और पूरी घटना में कौन शामिल है इसकी जांच की जा रही है." घटना में जो भी संलिप्त पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंगलावाग थाने में बच्चा चोरी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस घटना की जांच शुरू कर रही है।

पूर्व मध्य रेल
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रुघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। ई-निविदा संख्या : एसएण्डटी – सीओएन डीएचयन–14
कार्य का नाम : पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में केक्यूआर–एमएमडी सेक्शन में नवलशाही में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनडोर और आउटडोर) की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। अनुमानित लागत : ₹3,05,444,00.13, अमानत राशि : ₹3,02,700/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil, कार्य निस्पादित करने का समय : 06 महीना, ई निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय : 17.10.2022 को 12.00 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज़ भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।
उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूमरे/धनबाद
पीआर/01126/डीएचएन/एस एण्ड टी/टी./22–23/28

# कैंसर रोगी के चुराये पैसे बरामद कर पुलिस ने लौटाये



**भुवनेश्वर।** बस में एक कैंसर रोगी से 15 हजार रुपये की चोरी घटना में पुलिस ने कैंसर रोगी को लौटाये पैसे। शहीद नगर पुलिस ने दो चोरों के पास से 5,000 रुपये बरामद किये, जबकि आनंद गौड़ नाम के एक मरीज के पास से चोरी की गयी रकम बरामद कर रोगी को लौटाये। वह पैसे लेकर आनंद ने कटक में स्थिति एक घोरई अस्पताल में इलाज किया। पिछले हफ्ते वह कैंसर के इलाज के लिए गंजाम से भुवनेश्वर आये थे। अस्पताल जाते समय आनंद ने भूवनेश्वर बरमूडा से कटक के लिए मो बस से जाते समय जेबें कतरे ने पैसे चुरा लिये। आनंद गौड़ ने शहीदनगर थाने में एफआइआर देकर रोते हुए वापस घर के लिए निकले खे। पुलिस ने इस घटना को लेकर छानबीन कर 2 चोरों के पास से 5,000 रुपये बरामद कर आनंद गौड़ लौट दिये।

# आइएमएस एंड सम के वार्षिक महोत्सव इंपल्स का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल के छात्रों ने दिखाया है की जो छात्र मेडिकल की शिक्षा ले रहे हैं, वे बहुत मनोरंजक हो सकते हैं. 22 से 24 सितंबर तक शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा आयोजित आईएमएस एंड सम अस्पताल के वार्षिक कार्यक्रम 'इंपल्स-2022' ने छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम का पहले दिन सोआ के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) अशोक कुमार महापात्र और आईएमएस के डीन और सम अस्पताल के प्रोफेसर (डॉ) संघमित्रा मिश्र ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रारंभिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मंचासीन सभी फैकल्टी सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार दूसरे दिन विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक दुर्दशा ने रंगारंग कार्यक्रम में सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और बाद में कलाकारों को सम्मानित कर सम्मानित किया गया। अंतिम दिन छात्रों द्वारा विशेष मनोरंजन के साथ-साथ संगीत बैंड और साज द्वारा डीजे नाइट का प्रदर्शन किया गया था ।

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar,
Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School,
Playgrond, Playschool Park
Playzone, Mails, Backyard,
Recreation Zone, Society & Anganwadis

RATNA SAGAR
WHOLESALE & RETAIL
SALE
ONLY 2 DAYS LEFT
SUNDAY OPEN
CERTIFIED GEMS
ORIGINAL RUDRAKSH
FENGSU ITEM
रत्न, उपरत्न, रुद्राक्ष, वास्तु सामग्री
हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा
तरक्की के सटीक उपाय
ASTROLOGY 50%
RUDRAKSHA 30%
GEMS 20%
VASTU ARTICLE 20%
CITI GOLD JEWLLERY 20%
DISCOUNT
पन्ना पुखराज मोती नीलम हीरा
मूंगा माणिक्य लहसुनिया गोमेद रुद्राक्ष
Panhwati Plaza, Shop No. 9A, Ground Floor, Kutchery Road, Ranchi (Jharkhand)
Near Wool House, Main Road, RANChi (Jharkhand)
9973684103, 8877660111

प्रभात कंम्प्यूटर® एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT
KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in
Top Government Medical Universities
of ABROAD.
Call Now !
+91-7903149721
UNIVERSITY FLY
www.universityfly.com

जय माता दी
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त रेखा शास्त्र • अंक शास्त्र
पं शशि कांत मिश्रा
पता :- लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट भुतपुर्व वारगेन वाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

LOOKING FOR
ONE STEP
SOLUTIONS
FOR EQUIPMENTS
AT A JOB SITE?
EDAMRU HIRING
SOLUTIONS PRIVATE LIMITED
"EXCELLENCE IN RENTAL"
CONTACT US
Add: 109, 1st Floor, Mangal Tower
Kantatoli, Ranchi, Jharkhand, Pin-834001
916202140626
inquiry@edamru.com
www.edamru.com

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
रांची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT
Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran– I ₹ 60
* English Grammar– I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M
डी.फार्मेसी D.Pharmacy
बी.एड. B.Ed.
बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing
डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**